

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 5 | अंक : 216 | शनिवार, 19 सितम्बर 2026 | भाद्रपद माह, शुक्ल, नवमी, विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 5 रुपया



## 818 चयनित अभ्यर्थियों को जल्द मिलेगी नौकरी, सीएम योगी 21 को सौंपेंगे पत्र

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार शनिवार को 818 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोकभवन में 21 अभ्यर्थियों को स्वयं नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे, जबकि अन्य को विभागों से मिलेगा। इनमें 357 एक्सरे-टेक्नीशियन, आयुष विभाग के 404, कौशल विकास के 48 और उद्योग विभाग के नौ चयनित अभ्यर्थी शामिल हैं।

योगी सरकार प्रदेश के युवाओं को रोजगार और सरकारी सेवाओं से जोड़ने की दिशा में शनिवार को एक और महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शानिवार को लोकभवन सभागार में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में विभिन्न विभागों में चयनित 21 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे जबकि शेष 797 अभ्यर्थियों को विभाग द्वारा नियुक्ति पत्र दिया जाएगा।

कुल 818 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। 19 सितंबर को आयोजित होने वाले नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग, उत्तर प्रदेश उद्योग निदेशालय, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं एवं आयुष विभाग से जुड़े विभागों के अभ्यर्थी शामिल होंगे।



नियुक्ति पत्र पाने वाले अभ्यर्थियों में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के तहत विभिन्न ट्रेडों के अनुदेशक भी शामिल हैं। इस श्रेणी में कुल 48 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। इनमें मैकेनिक (ट्रैक्टर), पेंटर (सामान्य), सर्वेयर, मैकेनिकल मेडिकल इलेक्ट्रॉनिक्स, लेदर गुड्स मेकर, वायरमैन और प्लंबर जैसे पद शामिल हैं। प्लंबर के पद पर चयनित अभ्यर्थियों की संख्या 31 है, जबकि मैकेनिक (ट्रैक्टर) के छह, वायरमैन के चार और पेंटर (सामान्य) के चार अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। इसके अलावा सर्वेयर, मैकेनिकल मेडिकल इलेक्ट्रॉनिक्स, लेदर गुड्स मेकर के एक-एक अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। इन नियुक्तियों से विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों में तकनीकी शिक्षा एवं प्रशिक्षण से जुड़ी गतिविधियों को मजबूती मिलेगी। वहीं अलग-अलग ट्रेडों में अनुदेशकों की नियुक्ति से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं को संबंधित क्षेत्रों में बेहतर मार्गदर्शन मिलेगा।

कार्यक्रम में उद्योग विभाग के भी चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश उद्योग निदेशालय, कानपुर के तहत सहायक सांख्यिकीय अधिकारी के नौ पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। इन सहायक सांख्यिकीय अधिकारियों की नियुक्ति से विभागीय स्तर पर आंकड़ों के संकलन, विश्लेषण और विभिन्न औद्योगिक गतिविधियों से संबंधित सांख्यिकीय कार्यों को गति मिलेगी।

इसके साथ ही चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के 357 एक्सरे-टेक्नीशियन के पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। इसके अलावा आयुष विभाग में होम्योपैथिक फार्मासिस्ट के 361, होम्योपैथिक प्रोफेसर के चार, आयुर्वेद प्रोफेसर के पांच, आयुर्वेद रीडर के 22, यूनानी प्रोफेसर के एक, यूनानी रीडर के एक और यूनानी लेक्चरर के 10 पदों पर चयनित कुल 404 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

## टिफनी ट्रंप: भारत आकर देसी रंग में रंगीं अमेरिकी राष्ट्रपति की बिटिया

**एजेंसी समाचार**

**मुंबई।** अंबानी परिवार ने हर साल की तरह इस बार भी भव्य स्तर पर बप्पा का स्वागत किया। गणपति उत्सव में भारत के अलग-अलग क्षेत्रों की कई चर्चित हस्तियां शामिल हुईं। इसी के साथ सात समंदर पार से टिफनी ट्रंप भी अपने पति के साथ अंबानियों के गणेशोत्सव में शिरकत करने आईं। बप्पा के स्वागत से लेकर विदाई तक, टिफनी का अलहदा अंदाज नजर आया।



अंबानी परिवार के गणपति उत्सव में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बेटी टिफनी ट्रंप ने हिस्सा लिया। इस दौरान वे पारंपरिक भारतीय परिधान में खूब दमकीं। उन्होंने नामी फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा द्वारा डिजाइन ड्रेस पहनी।

भारत की संस्कृति और यहां मिले प्यार ने टिफनी का दिल जीत लिया। उन्होंने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'प्यार के साथ भारत में'।

टिफनी ट्रंप एंटीलिया में अंबानी परिवार के गणेश चतुर्थी समारोह में अपने पति के साथ पहुंचीं। टिफनी ने पेस्टल ग्रीन कलर का मनीष मल्होत्रा द्वारा डिजाइन लहंगा पहना। इसमें वे बेहद खूबसूरत लगीं। इस लहंगे पर आइवरी रंग की कढ़ाई और मोतियों का खूबसूरत वर्क देखा गया।

टिफनी के पति माइकल बूलस भी गणपति उत्सव में नजर आए। उन्होंने केसरिया शेरवानी पहनकर शिरकत की। टिफनी और माइकल की फोटोज सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। अंबानी परिवार के गणपति विसर्जन में भी टिफनी ट्रंप शामिल हुईं। अंबानी परिवार के सदस्यों के साथ वे बप्पा को विदा करती नजर आईं।

## उपचुनाव: नंदीग्राम के कांग्रेस प्रत्याशी गिरफ्तार, कुछ घंटे पहले ही ममता बनर्जी ने किया था समर्थन का एलान

**एजेंसी न्यूज**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के नंदीग्राम विधानसभा उपचुनाव से पहले शुक्रवार को बड़ा घटनाक्रम सामने आया। कांग्रेस के उम्मीदवार मिलन प्रधान को एक पुराने कथित हत्या मामले में गिरफ्तार कर लिया गया। खास बात यह है कि गिरफ्तारी से कुछ घंटे पहले ही ममता बनर्जी ने नंदीग्राम उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को समर्थन देने का एलान किया था। ममता बनर्जी ने कहा कि उनका गुट कांग्रेस उम्मीदवार का समर्थन करेगा और इस फैसले का उद्देश्य विपक्षी गठबंधन को मजबूत करना है। यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ है जब नंदीग्राम में छह अक्तूबर को उपचुनाव होना है।

कांग्रेस प्रत्याशी मिलन प्रधान को पश्चिम बंगाल में एक पुराने कथित हत्या मामले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी की खबर ममता बनर्जी की प्रेस कॉन्फ्रेंस के कुछ घंटे बाद सामने आई। ममता ने शुक्रवार को अपने कालीघाट स्थित आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर नंदीग्राम में कांग्रेस प्रत्याशी को समर्थन देने की घोषणा की थी। इस तरह एक ही दिन में नंदीग्राम चुनाव को लेकर दो बड़े घटनाक्रम सामने आए। एक तरफ कांग्रेस को ममता के गुट का समर्थन मिला, वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस प्रत्याशी की गिरफ्तारी हो गई। ममता बनर्जी के गुट ने पहले नंदीग्राम से संचिता प्रधान डे को अपना उम्मीदवार बनाया था। लेकिन उन्होंने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली। इसके बाद ममता बनर्जी ने कांग्रेस उम्मीदवार मिलन प्रधान को समर्थन देने का फैसला किया। ममता ने कांग्रेस को सिस्टर पार्टी बताते हुए कहा कि यह फैसला विपक्षी गठबंधन को मजबूत करने के लिए किया गया है। उन्होंने कहा कि उनके गुट ने




पहले ही नंदीग्राम में कांग्रेस का समर्थन करने का फैसला किया था और बंगाल से विपक्षी एकजुटता का संदेश जाना चाहिए।

संचिता प्रधान डे के चुनाव मैदान से हटने के बाद ममता बनर्जी के गुट के सामने नंदीग्राम में अपना उम्मीदवार नहीं रहा। इसके बाद कांग्रेस उम्मीदवार को समर्थन देने का रास्ता साफ हुआ।

## एनसीआर की हवा को शुद्ध बनाने के लिए बड़ा प्लान, धूल प्रदूषण कम करने के लिए मशीनों से होगी सफाई

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** लखनऊ में वायु गुणवत्ता प्रबंधन को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव की बैठक हुई। एनसीआर के आठ जिलों में प्रदूषण रोकने के उपायों की समीक्षा की गई। धूल की मशीनों से सफाई, पुराने वाहनों, इलेक्ट्रिक बसों, औद्योगिक उत्सर्जन और कचरा प्रबंधन पर कार्ययोजना बनाई गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास पर वायु गुणवत्ता प्रबंधन को लेकर उच्चस्तरीय बैठक की। इसमें उत्तर प्रदेश के एनसीआर से जुड़े नोएडा, हापुड़, गाजियाबाद, मेरठ और बुलंदशहर समेत आठ जिलों में वायु प्रदूषण की रोकथाम के उपायों और कार्ययोजना की समीक्षा की गई। बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने बताया कि वाहन प्रदूषण के तहत पुराने वाहनों, नई ईवी नीति, इलेक्ट्रिक बसों, प्रदूषण प्रमाणपत्र की अनिवार्यता और एग्रीगेटर वाहनों से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई। औद्योगिक प्रदूषण की समीक्षा में करीब 80 प्रतिशत उद्योगों में ओसीईएमएस (ऑनलाइन सतत उत्सर्जन निगरानी प्रणाली) और एयर पॉल्यूशन डिवाइस लगाए जाने की जानकारी दी गई। शेष उद्योगों में भी इन्हें लागू करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि बैठक में धूल प्रदूषण पर मैकेनाइज्ड और डीप क्लीनिंग की कार्ययोजना पर चर्चा हुई। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट और कंस्ट्रक्शन एंड डेमोलिशन वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए विभिन्न विभागों और हितधारकों के साथ कंसल्टेशन कार्यक्रम चलाने पर भी सहमति बनी है। एनसीएपी के तहत देश के 130 शहरों के स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में लखनऊ ने प्रथम स्थान हासिल किया है। आगरा समेत प्रदेश के अन्य शहरों का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा है। केंद्रीय मंत्री ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लक्ष्य से अधिक पौधरोपण के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई दी।

## राहुल के पार्टी तोड़ने के आरोपों पर भाजपा का पलटवार: रिजिजू ने कांग्रेस को कहा भस्मासुर, याद दिलाया इतिहास

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** राजनीतिक दलों को तोड़ने के आरोपों पर भाजपा ने राहुल गांधी और कांग्रेस पर पलटवार किया है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस को ह्यभस्मासुरह्न बताया, जबकि रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस के इतिहास और टीएमसी-एनसीपी के गठन का हवाला देते हुए राहुल गांधी के आरोपों पर सवाल उठाए हैं।

राजनीतिक दलों को तोड़ने के आरोपों पर भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला है। मामले को लेकर केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू और वरिष्ठ भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस को अपने पुराने फैसलों और इतिहास को देखने की नसीहत दी है।

दिल्ली में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस जो बातें अपने लिए कहनी चाहिए, वे भाजपा पर मढ़ रहे हैं। रिजिजू ने कांग्रेस पार्टी की तुलना 'भस्मासुर' से की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ऐसा भस्मासुर है, जो अपने संपर्क में आने वाली हर राजनीतिक पार्टी को भस्म कर देती है। रिजिजू ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस



(टीएमसी) और एनसीपी जैसी पार्टियां कांग्रेस से ही निकली हैं। खुद कांग्रेस भी किसी अन्य दल से टूटकर बनी थी। उन्होंने कहा कि पार्टियों को तोड़ने और नुकसान पहुंचाने का काम हमेशा कांग्रेस ने किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा आज दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है। यह सफलता किसी पार्टी को तोड़कर हासिल नहीं की गई है। भाजपा कांग्रेस की तरह गंदा खेल नहीं खेलती।

केंद्रीय मंत्री ने 1989 के राजनीतिक घटनाक्रम को भी याद दिलाया। उन्होंने कहा कि वी. पी. सिंह कांग्रेस से बाहर निकलकर प्रधानमंत्री बने थे। तब कांग्रेस पार्टी ने चंद्रशेखर को समर्थन देने का दिखावा करके साजिश रची और वी. पी. सिंह की सरकार गिरा दी। फिर कुछ ही महीनों में चंद्रशेखर से भी समर्थन वापस लेकर उनकी सरकार को गिरा दिया।

वहीं, पटना में पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद रविशंकर प्रसाद ने भी राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी आरोप लगाते हैं कि भाजपा दल तोड़ती है। सच्चाई यह है कि टीएमसी और एनसीपी जैसी पार्टियां कांग्रेस के गलत रवैये और अंदरूनी कलह के कारण उससे अलग हुईं।

## अयोध्या: मानहानि के दावे पर रामदेव पर बरसे बृजभूषण शरण सिंह, बोले- वे मिलावट करने वालों के सरगना

**एजेंसी न्यूज**

**अयोध्या।** अयोध्या में मानहानि के दावे पर बृजभूषण शरण सिंह रामदेव पर बरसे। उन्होंने कहा कि वे अकेले इसके जिम्मेदार नहीं हैं, लेकिन वे मिलावट करने वालों के सरगना जरूर हैं। अयोध्या पहुंचे भाजपा नेता बृजभूषण शरण सिंह ने योग गुरु रामदेव पर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि यह मामला 2022 का है। एक धार्मिक कार्यक्रम में लोगों को समझाते हुए




मैंने कहा था कि गाय पालें, अपनी सब्जियां उगाएं, अपना दूध और घी बनाएं। वरना, रामदेव का घी खाकर आपके बच्चे सेहतमंद नहीं बनेंगे। उन्होंने बताया कि अगले दिन बालकृष्ण ने मुझे फोन किया। मैंने उनसे पूछा कि अगर 30 किलो गाय के दूध से एक किलो घी बनता है और दूध की कीमत 30 रुपये प्रति किलो है, तो लागत 900 रुपये आती है। तो जिस चीज को बनाने में 900 रुपये का खर्च आता है, उसे 500 रुपये में कैसे बेचा जा सकता है? मुझे इसका कोई जवाब नहीं मिला। बृजभूषण शरण सिंह ने आगे कहा कि मानहानि के दावे की बात करें तो यह भी एक तरह से अच्छी पब्लिसिटी ही है। आज मिलावटी घी, तेल और खाने-पीने की चीजें बिक रही हैं। मैं यह तो नहीं कहूंगा कि इसके लिए सिर्फ.रामदेव जिम्मेदार हैं, लेकिन वे मिलावट करने वालों के सरगना जरूर हैं। देर-सवेर सरकार को मिलावट के खिलाफ अभियान चलाना ही पड़ेगा। क्योंकि, बीमारियां और कैंसर बढ़ रहे हैं। खाने-पीने की चीजों पर अब भरोसा नहीं किया जा सकता।

## पश्चिमी विक्षोभ और अरब सागर से आई नमी, पूर्वांचल में गरज-चमक के साथ हुई बारिश

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर और अरब सागर से आ रही नमी के कारण शुक्रवार को पूर्वांचल के कुछ हिस्सों में गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश हुई। वहीं, प्रदेश के पश्चिमी और मध्य हिस्सों में बारिश में कमी दर्ज की गई।

मौसम विभाग के अनुसार, मध्य क्षोभमंडल में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। इसके प्रभाव से पूर्वांचल में बादल बने और कुछ स्थानों पर मेघ गर्जन के साथ बारिश हुई। हालांकि, मानसूनी द्रोणी के कमजोर पड़ने से अब प्रदेश में बारिश की गतिविधियों में कमी आने के संकेत हैं। 19 सितंबर के आसपास पश्चिमी राजस्थान से मानसून की वापसी शुरू होने की परिस्थितियां बन रही हैं।



इसके बाद बारिश का दौर धीरे-धीरे कमजोर पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक, 20 सितंबर से पश्चिमी उत्तर प्रदेश और 22 सितंबर तक पूरे प्रदेश में बारिश थमने तथा मौसम शुष्क होने के आसार हैं। इससे प्रदेश में मानसून की विदाई का सिलसिला शुरू होने की उम्मीद है। हालांकि, स्थानीय स्तर पर बादल और गरज-चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना बनी रह सकती है।

प्रदेश में सितंबर में औसत से 4 फीसदी कम बारिशलखनऊ। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, प्रदेश में सितंबर के महीने में एक से लेकर 16 सितंबर तक औसत से चार फीसदी कम बारिश दर्ज की गई है। वहीं अगर केवल पूर्वी यूपी की बात करें तो यहां औसत से 10 फीसदी कम बारिश हुई है। इसके अलावा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में औसत से 5 फीसदी अधिक बारिश दर्ज की गई।

## ओजोन परत बचाने की दिशा में भारत की पहल, विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण पर जोर

**एजेंसी न्यूज**

**दिल्ली।** पर्यावरण राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह का कहना है कि भारत ने संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय नेतृत्व का प्रदर्शन करते हुए विकास से समझौता किए बिना ओजोन परत को नुकसान पहुंचाने वाले पदार्थों पर मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के तहत अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा किया है।

पर्यावरण मंत्रालय द्वारा आयोजित 32वें विश्व ओजोन दिवस के अवसर संबोधित करते हुये सिंह ने मुंबई में बुधवार को कहा कि पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए सरकारों, वैज्ञानिकों, उद्योग, अधिकारियों और नागरिकों की सामूहिक भागीदारी जरूरी है।

राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने 'मिशन लाइफ' (पर्यावरण के लिए जीवनशैली) का उल्लेख करते हुए कहा कि यह पर्यावरण संरक्षण को रोजमर्रा के सरल कार्यों में बदलने के लिए एक रूपरेखा उपलब्ध कराता है। उन्होंने कहा, "प्राकृतिक संसाधनों का सोच-समझकर इस्तेमाल, व्यर्थ उपभोग के बजाय, नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने में सक्षम बना सकता है।" सिंह ने नागरिकों से सतत शीतलन के लिए तीन उपाय अपनाने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि एयर कंडीशनर की सर्विसिंग प्रमाणित और कुशल तकनीशियनों से कराई जानी चाहिए, जो शीतलन व्यवस्था की सुरक्षित तरीके से देखरेख करें। उन्होंने बिजली की बचत और कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए एयर कंडीशनर का तापमान आरामदायक स्तर पर, संभव हो तो करीब 24 डिग्री सेल्सियस रखने तथा जलवायु-अनुकूल रेफ्रिजरेंट का इस्तेमाल करने वाले अधिक स्टार रेटिंग वाले ऊर्जा-कुशल उपकरण चुनने की सलाह ी।

कार्यक्रम में भारत के 'नेट जीरो पोर्टल' और राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन कार्य योजना (एनएपीसीसी) डैशबोर्ड की शुरूआत भी की गई। 'नेट जीरो पोर्टल' भारत की जलवायु संबंधी प्रतिबद्धताओं पर नजर रखने, उनके समन्वय और प्रदर्शन के लिए एक केंद्रीय मंच के रूप में काम करेगा। इसके जरिए उद्योग, संगठन और सरकारी निकाय स्वैच्छिक रूप से पंजीकरण कर शुद्ध-शून्य उत्सर्जन की दिशा में अपनी प्रगति प्रदर्शित कर सकेंगे। वहीं, एनएपीसीसी डैशबोर्ड भारत की राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन कार्य योजना के लिए एक केंद्रीकृत डिजिटल मंच होगा, जिसमें विभिन्न राष्ट्रीय मिशनों की प्रगति और उनसे संबंधित जानकारी उपलब्ध होगी।

## भाजपा की नशा विरोधी यात्रा: रवनीत बिट्टू के काफिले पर हमला

**एजेंसी समाचार**

**चंडीगढ़।** पंजाब भाजपा आज पठानकोट से ह्यनशा मुक्त पंजाब यात्राह्न शुरू कर रही है। यात्रा के लिए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन पठानकोट पहुंच गए हैं। वहीं यात्रा में शामिल होने आ रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने अपने काफिले पर हमले का आरोप लगाया है। रवनीत बिट्टू के ऑफिस की तरफ से दी गई जानकारी के अनुसार उनकी सुरक्षा टीम ने कथित तौर पर आम आदमी पार्टी से जुड़े तीन लोगों को पकड़ा है। बिट्टू ने कहा कि अगर मुझे कुछ भी होता है, तो पंजाब के डीजीपी और पंजाब के सीएम जिम्मेदार होंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके पीछे आप विधायक कलसी का हाथ है। ऐसी घटनाएं लोकतंत्र और राजनीतिक नेताओं की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों ने रवनीत सिंह बिट्टू पर हुए हमले की कड़ी निंदा की। ढिल्लों ने कहा कि नशा मुक्त यात्रा शुरू होने से पहले ही आम आदमी पार्टी घबरा गई है।

# गणेश प्रतिमा का गाजे-बाजे और गुलाल के बीच विसर्जन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फतेहगंज पश्चिमी।** मोहल्ला माली में पांच दिवसीय गणेश चतुर्थी महोत्सव के बाद शुक्रवार को गणेश प्रतिमा का गाजे-बाजे और गुलाल के बीच धूमधाम से विसर्जन किया गया। इससे पहले सोमवार को आयोजक दिलीप मराठा ने पंडित पवन पांडेय से विधि-विधान से पूजा-अर्चना कराकर प्रतिमा की स्थापना कराई थी।

शुक्रवार को श्रद्धालु गणपति बप्पा मोरया के जयकारों के साथ प्रतिमा लेकर पिथुपुरा पहुंचे, जहां गंगा में विधि-विधान से प्रतिमा का विसर्जन किया गया। शनिवार को भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

इस दौरान सर्राफा व्यापार मंडल अध्यक्ष सुधीर पोरवाल, दिलीप मराठा, प्रफुल्ल रस्तोगी, निखिल भारद्वाज, वरुण गुप्ता, गौरव गुप्ता, सुबोध पोरवाल, पंडित प्रवन पांडे, डॉक्टर मुदित प्रताप सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, सूचित अग्रवाल, जतिन सिंगल, व्यापारी सचिन चौहान, अमित सिंह, ओमेंद्र सिंह चौहान, गौरव मिश्रा, सभासद प्रदीप गुप्ता, शंकर लाल गुप्ता, राजकुमार कश्यप, बबलू सैनी, नवीन रस्तोगी, सुरेश गुप्ता, तुषार रस्तोगी, सचिन गुप्ता, गोलू ठाकुर, गोलू पोरवाल, कुनाल कश्यप, हिमांशु भारद्वाज, देवांश रस्तोगी, प्रदीप गर्ग, रितिक भारद्वाज, सौरभ गुप्ता, राजेश भारद्वाज, राहुल गुप्ता, सुलर्भ गुप्ता, आर्यन गुप्ता, तनिश गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।





## पूजा-अर्चना के साथ भगवान गणेश की प्रतिमा का किया विसर्जन

**भमोरा।** गणेश महोत्सव के समापन पर शुक्रवार को थाना प्रांगण स्थित शिव-पार्वती मंदिर से भगवान गणेश की प्रतिमा की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। बैंड-बाजों के साथ निकली शोभायात्रा में श्रद्धालुओं ने रंग-गुलाल उड़ाकर एक-दूसरे को गणेश चतुर्थी की बधाई दी। ग्रामीणों ने जगह-जगह फूल बरसाकर शोभायात्रा का स्वागत किया। इसके बाद रामगंगा पहुंचकर श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन किया। थाना प्रांगण स्थित शिव-पार्वती मंदिर में 14 सितंबर को गणेश प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना, भजन संध्या और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। शुक्रवार को महोत्सव के समापन पर शोभायात्रा पूरे गांव में निकाली गई, जो रामगंगा पहुंची। यहां पूजा-अर्चना के बाद प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर विपिन शर्मा, अनंत गुप्ता, धैर्य ठाकुर, उदित गुप्ता, विवेक गुप्ता, पवन शर्मा सहित दर्जनों भक्तगण मौजूद रहे।



## गाजे-बाजे के साथ गणेश प्रतिमा की विसर्जन यात्रा निकली

**आंवला।** गणेश उत्सव के समापन पर शुक्रवार को आंवला के मोहल्ला खेड़ा से भगवान गणेश की प्रतिमा की विसर्जन यात्रा निकाली गई। अनुपम शंखधार और पवन हिंदू के नेतृत्व में निकली शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भक्तों ने 'गणपति बप्पा मोरया' के जयकारों के बीच श्रद्धा और उत्साह के साथ भगवान गणेश को विदाई दी। विसर्जन यात्रा खेड़ा से शुरू होकर अब्दुल कलाम पार्क, रामनगर रोड, सरगम टॉकीज, स्टेट बैंक चौराहा, भुर्जी टोला, रामलीला गेट, फूटा दरवाजा और पुरैना ढाल तिराहा होते हुए कछला घाट के लिए रवाना हुई। पूरे रास्ते भक्तिमय माहौल बना रहा। डीजे और ढोल-नगाड़ों की धुन पर युवाओं ने जमकर उत्साह दिखाया। विसर्जन से पहले श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश की विधिवत पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। महिलाओं और बच्चों ने भी यात्रा में भाग लिया।

# नाबालिग को बंधक बनाकर दो दिन दुराचार

जागरण मोर्चा कार्यालय

▸ लावारिस हालत में छोड़ कर आरोपी हुए फरार



**फरीदपुर (बरेली)।** थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर अगवा करने, उसे बंधक बनाकर उसके साथ दुराचार करने के बाद सड़क पर लावारिस छोड़ जाने का गंभीर आरोप लगा है। इस मामले में पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगर के एक मोहल्ले की निवासी पीड़िता की माँ द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, 30/31 अगस्त की रात करीब 1 से 2 बजे के बीच पड़ोस के मोहल्ले में रहने वाला आमिर नाम का युवक उनकी 16 वर्षीय नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। यह पूरी वारदात पड़ोस में लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जब पीड़िता के परिजनों ने आरोपी के परिवार से शिकायत की, तो उन्होंने शुरुआत में मामला टालने की कोशिश की और लड़की को वापस बुलाने का झांसा दिया। पीड़िता ने वापस लौटने पर आपबीती सुनाते हुए बताया कि आरोपी आमिर उसे बरेली के एक मोहल्ले में अपनी रिश्तेदारी में ले गया था। वहाँ उसे दो दिनों तक बंधक बनाकर रखा गया और उसके साथ दुराचार किया गया। पीड़िता के विरोध करने और रोने-चिल्लाने पर आरोपी उसे फरीदपुर के 'टाइगर अस्पताल' के सामने सड़क पर छोड़कर फरार हो गए। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इस घटना के बाद से आरोपी आमिर और उसके दोस्त मुस्तकीम के परिवार वाले उन पर लगातार फैसला करने का दबाव बना रहे हैं। कानूनी कार्रवाई करने पर पीड़ित माता-पिता को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़िता की माँ ने पुलिस क्षेत्राधिकारी संदीप कुमार से न्याय की गुहार लगाकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। क्षेत्राधिकारी के निर्देश पर पुलिस ने प्राप्त तहरीर के आधार पर अपहरण, दुराचार व पॉक्सो एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## नमाज के बाद घर लौट रहे व्यक्ति से मारपीट

**बहेड़ी।** जुमे की नमाज़ के बाद घर लौट रहे एक व्यक्ति के साथ की गई मारपीट के मामले में पीड़ित की पत्नी द्वारा पुलिस से की गई शिकायत में चार लोगों के खिलाफ तहरीर दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। क्षेत्र के गाँव गुलड़िया अता हुसैन निवासी नजमा द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में कहा गया है कि बीती शाम उसके पति आबिद अली पुत्र रहमान शाह नमाज पढ़कर घर लौट रहे थे। आरोप है कि रास्ते में चार लोग उन्हें गाली गलौज करते हुए अपने घर में खींच ले गये और लाठी डंडों से पिटाई कर दी। पीडित्ता के अनुसार पति, पिटाई खाने के बाद बेहोश हो गये। उनके शरीर में काफी चोटें आई हैं। शिकायती पत्र लेने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# शिक्षकों ने किया नवागत बीईओ का स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय




**आंवला।** ब्लॉक संसाधन केंद्र रामनगर में शुक्रवार को शिक्षकों ने नवागत खंड शिक्षा अधिकारी पूरन सिंह का फूल मालाओं एवं उपहार देकर स्वागत किया। स्वागत के बाद खंड शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि सभी शिक्षक अपने मूल कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करें। उन्होंने शत-प्रतिशत छात्र नामांकन कराने और दैनिक छात्र उपस्थिति बढ़ाने के लिए प्रयास करने को कहा।

यूटा के जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र पाल सिंह ने कहा कि रामनगर जनपद का दूरस्थ ब्लॉक जरूर है, लेकिन यहां के विद्यालयों में छात्र नामांकन अच्छी संख्या में है। उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी से शिक्षकों के साथ सकारात्मक सहयोग की अपील की। इस मौके पर टीएससीटी संयोजक रामकिशन मौर्य, प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, मंत्री सुरेंद्र प्रताप सिंह, यूटा ब्लॉक संयोजक प्रदीप वर्मा, ब्लॉक मंत्री शशिकांत संत, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जिला संगठन मंत्री सत्यार्थ पाराशरी, उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक मंत्री कुलदीप आर्य, शिक्षामित्र संघ मीडिया प्रभारी नेमचंद वर्मा, हरनंदन, विनीत कुमार सिंह, एआरपी कुंवरपाल सिंह, अतुल आर्य, पवन दिवाकर, बृजेश कुमार कौशल, असीम कुमार, कपिल मौर्य, गौरव सिंह, रामनरेश, अर्जुन यादव, प्रमोद कुमार, संदीप कुमार जयंत, नरेश कुमार, दयाशंकर मौर्य, राजीव कुमार, अंकित कुमार आदि मौजूद रहे।

## फतेहगंज पूर्वी थाने की कमान पवन कुमार ने संभाली

**फतेहगंज पूर्वी।** एसएसपी बरेली अनुराग आर्य ने जिले के कई थानों के प्रभारियों में फेरबदल किया है। भमोरा थाने में तैनात इंस्पेक्टर पवन कुमार को फतेहगंज पूर्वी थाने का नया प्रभारी बनाया गया है। उन्होंने शुक्रवार को थाने पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया। वहीं, पूर्व थाना प्रभारी राजकुमार सिंह का स्थानांतरण पुलिस लाइन से गैर जनपद के लिए किया गया है। कार्यभार संभालने के बाद क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, भाजपा नेताओं और पत्रकारों ने पवन कुमार से मुलाकात कर उनका स्वागत किया। थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के साथ फरियादियों की शिकायतों का प्राथमिकता से निस्तारण कराया जाएगा। इस दौरान नगर पंचायत चेयरमैन संजय पाठक समेत कई लोग मौजूद रहे।

# ऑटो और पिकअप की आमने-सामने भिड़ंत

जागरण मोर्चा कार्यालय

तीन सवारियां हुई घायल

**फतेहगंज पश्चिमी।** शुक्रवार शाम एएनए कॉलेज के पास ऑटो और पिकअप की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में ऑटो में सवार तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को बरेली निजी अस्पताल भेज दिया।

जहां शीशगढ़ के नाजिम को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शब कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एक यात्री भरा ऑटो शीशगढ़ जा रहा था। शंखा एएनए कॉलेज के पास सामने से आ रही अनियंत्रित पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर से चीख पुकार मच गई। हादसे में ऑटो में सवार थाना शाही के गांव बसई निवासी अंकित कुमार रुचि पुत्री मोहन स्वरूप थाना ब कस्बा शीशगढ़ के मोहल्ला अंसार निवासी नाजिम गंभीर रूप से घायल हो गए। कई अज्ञात चोटिल हो गए।

हादसे की सूचना पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस के द्वारा बरेली निजी अस्पताल भेज दिया। जहां नाजिम (34) को डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने शब को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।साथ ही पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को थाना परिसर में खड़ा कर दिया है।

# भाजपा नेता और बेटे को तीन दिन में जान से मारने की धमकी, तहरीर से मचा हड़कंप

जागरण मोर्चा कार्यालय

▸ लगातार भेजे गए धमकी भरे एसएमएस, तीन दिन के भीतर दुनिया से उठाने की बात, फतेहगंज पूर्वी थाने में दी तहरीर, पुलिस जांच में जुटी

**फतेहगंज पूर्वी।** थाना क्षेत्र की नई कॉलोनी निवासी भाजपा नेता महेश राठौर और उनके बेटे लक्ष्य को मोबाइल पर जान से मारने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। आरोप है कि उनके मोबाइल पर लगातार धमकी भरे SMS भेजे गए।

संदेश में महेश राठौर और उनके बेटे लक्ष्य को तीन दिन के भीतर दुनिया से उठाने की धमकी दी गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए महेश राठौर ने शुक्रवार को फतेहगंज पूर्वी थाने पहुंचकर पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया।

बताया गया कि शुक्रवार शाम महेश राठौर के मोबाइल पर एक ही तरह के धमकी भरे संदेश कई बार भेजे गए। SMS में उन्हें भाजपा का बड़ा नेता बनने की बात कहते हुए निशाना बनाया गया और उनके बेटे लक्ष्य का नाम लेते हुए दोनों को जान से मारने की धमकी दी गई। धमकी भरे संदेश लगातार आने से परिवार में भी चिंता का माहौल बन गया।

महेश राठौर ने मामले की जानकारी पुलिस को देते हुए फतेहगंज पूर्वी थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। प्रार्थना पत्र की प्राप्ति रसीद पर 18 सितंबर 2026 की तारीख दर्ज है। साथ ही धमकी भरे संदेशों के स्क्रीनशॉट भी सामने आए हैं। पुलिस अब धमकी भरे संदेश भेजने वाले मोबाइल नंबर और उसके उपयोगकर्ता के बारे में जानकारी जुटा रही है। इसके साथ ही पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि धमकी देने वाला कौन है और इसके पीछे क्या वजह है। लगातार मिल रही धमकी के बाद मामले को लेकर क्षेत्र में भी चर्चा तेज हो गई है। फिलहाल पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि धमकी देने वाला व्यक्ति कौन है और उसकी वास्तविक मंशा क्या थी।

# डिग्री कालेज में भूकंप से बचाव का हुआ माक ड्रिल

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बहेड़ी।** अभ्यास राहत आयुक्त के निर्देश तथा जारी की गई समय सारिणी के मुताबिक स्थानीय गन्ना उत्पादक डिग्री कालेज में शुक्रवार को भूकंप से बचाव हेतु माक ड्रिल का आयोजन कराया गया। आयोजन में एसडीएम गोपाल शर्मा, तहसीलदार भानु प्रताप सिंह, के साथ पुलिस, फायर ब्रिगेड, एन एस एस की टीमो के साथ स्वास्थ्य विभाग तथा सिविल डिफेंस के कर्मचारियों ने भी राहत बचाव को लेकर समय पूर्व अभ्यास किया।

# भमोरा पुलिस ने अफीम के साथ युवक किया गिरफ्तार, बाईक भी बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय



**भमोरा।** पुलिस और एएनटीएफ यूनिट बरेली की टीम ने एक युवक को 6 किलो 320 ग्राम अवैध अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से हीरो होंडा पैशन प्रो मोटरसाइकिल भी बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा है। पुलिस के अनुसार 17 सितंबर की रात करीब 8:33 बजे इफको फैक्ट्री के मटेरियल गेट से पूर्व दिशा में कुछ दूरी पर संदिग्ध व्यक्ति और वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान टीम ने विशाल पुत्र राजपाल सिंह निवासी ग्राम सिसौना थाना विशारतगंज बरेली को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 6 किलो 320 ग्राम अफीम बरामद हुई। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी के साथ अफीम बेचने की बात बताई। उसका दोस्त बरेली रेलवे स्टेशन पर झारखंड से आने वाले किसी व्यक्ति से अफीम सस्ते दामों पर खरीदकर लाता है। इसके बाद दोनों मिलकर उसे अधिक कीमत पर बेचकर लाभ कमाते हैं।



# विद्यार्थियों से संवाद कर शिक्षा और राष्ट्र निर्माण पर की चर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आंवला।** उत्तर प्रदेश सरकार के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित सेवा संकल्प अभियान के तहत आंवला नगर स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया डिग्री कॉलेज में विद्यार्थियों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने युवाओं से शिक्षा, राष्ट्र निर्माण, सामाजिक जिम्मेदारियों और उनके उज्ज्वल भविष्य से जुड़े विषयों पर चर्चा की। मंत्री ने विद्यार्थियों के विचार और सुझाव सुने तथा उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति का उत्साह और सकारात्मक सोच विकसित भारत के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान करती है। इस दौरान महाविद्यालय प्रचार्य डॉ. एम.पी. सिंह समेत महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।




## एक नजर

### पशु चराने गए व्यक्ति का मिला शव

**आंवला।** पशुओं को चराने गये एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। परिजनों ने कानूनी प्रक्रिया से इनकार किया है। बताया जाता है। गुरुवार की दोपहर आई आंधी बारिश में व्यक्ति एक दिवार के सहारे बैठ गया। इसी बीच वह दीवार उसके ऊपर ही गिर गई और उसके मलवे में दबने से उसकी मौत हो गयी। हालांकि परिवार ने उक्त मामले में कुछ भी कहने से इनकार किया है। कस्बे के मोहल्ला खेड़ा निवासी उदयवीर (50) रोजाना की तरह बृहस्पतिवार सुबह पशुओं को घास चराने के लिए घर से निकले थे। देर शाम तक घर नहीं लौटे तो परिजन ने तलाश शुरू की। रात करीब दस बजे आंवला-मिर्जापुर मार्ग पर उनका शव बरामद हुआ। परिजन शव लेकर घर चले गये। उन्होंने पोस्टमार्टम समेत अन्य कानूनी कार्यवाही से इनकार कर दिया।

# आठ दिन से गायब पति की हत्या का खुलासा

## पैर दबोचकर पत्नी ने रोका, प्रेमी ने रस्सी से गला कसा, भट्टे के पास झाड़ियों में बोरे से मिला शव

### पत्नी और प्रेमी हिरासत में



जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** भुता थाना क्षेत्र के फैजनगर गांव में आठ दिन से लापता चल रहे 45 वर्षीय पप्पू की हत्या का मामला सामने आने से सनसनी फैल गई। पुलिस के अनुसार, पप्पू की पत्नी नरगिस ने अपने कथित प्रेमी राजा के साथ मिलकर उसकी हत्या की। आरोप है कि वारदात के समय नरगिस ने पति के पैर पकड़कर उसे रोक रखा था और राजा ने प्लास्टिक की रस्सी से गला घोंट दिया।

हत्या के बाद शव बोरे में बंद कर ईंट भट्ठे के पास झाड़ियों में छिपा दिया गया। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर शव बरामद कर लिया है। फैजनगर निवासी पप्पू 11 सितंबर की रात अचानक लापता हो गया था। परिवार ने उसकी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। 15 सितंबर को पत्नी नरगिस ने थाने पहुंचकर पति की गुमशुदगी दर्ज कराई। अगले दिन उसने पुलिस को राजा पर पति की हत्या करने का शक जताया। पुलिस ने राजा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो मामला उलझने के बजाय परत-दर-परत खुलने लगा। इसके बाद नरगिस से भी पूछताछ की गई। पुलिस का कहना है कि पूछताछ में दोनों की भूमिका संदिग्ध मिलने के बाद हत्या से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई। आरोप है कि 11 सितंबर की रात दोनों ने मिलकर पप्पू की हत्या की और शव को ठिकाने लगाने की कोशिश की।

पूछताछ के दौरान पहले आरोपियों ने शव बहगुल नदी में फेंकने की बात बताई। पुलिस ने नदी में तलाश की तैयारी की तो उन्होंने अपना बयान बदल दिया। बाद में दोनों की निशानदेही पर पुलिस ईंट भट्ठे के पास झाड़ियों में पहुंची, जहां बोरे के अंदर पप्पू का शव बरामद हुआ। शव मिलने के बाद फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसपी साउथ अंशिका वर्मा ने बताया कि भुता पुलिस मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बहन की हत्या कर रची अपहरण की कहानी, 15 साल बाद अदालत ने सुनाई सजा

#### जीजा से संबंधों में बाधा बनी बड़ी बहन को रास्ते से हटाने की साजिश, छोटी बहन को उम्रकैद

**बरेली।** जीजा से प्रेम संबंधों में बड़ी बहन को बाधा मानकर छोटी बहन ने उसकी हत्या की साजिश रच डाली। वर्ष 2011 में रात के समय शौच के बहाने बहन को खेत की ओर ले जाया गया, जहां जीजा के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी गई। इसके बाद घटना को दूसरा रूप देने के लिए चार लोगों पर अपहरण का आरोप लगाया गया। पुलिस की जांच में कहानी ज्यादा देर टिक नहीं सकी और हत्या की साजिश सामने आ गई। करीब 15 साल बाद एडीजे प्रथम की अदालत ने छोटी बहन को दोषी ठहराते हुए उम्रकैद और 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। मामले में आरोपी जीजा की विचारण के दौरान मृत्यु हो गई। घटना भोजीपुरा थाना क्षेत्र की है। मृतका के भाई ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि उसकी बहन की शादी पीलीभीत के जहानाबाद क्षेत्र के गांव भानडांडी निवासी युवक से हुई थी। आरोप था कि शादी के बाद उसकी छोटी बहन और जीजा के बीच प्रेम संबंध बन गए थे। इसी वजह से बड़ी बहन को रास्ते से हटाने की साजिश रची गई। 18 जून 2011 को मृतका अपने पति के साथ मायके आई थी। रात करीब साढ़े आठ बजे छोटी बहन उसे शौच जाने के बहाने घर से बाहर खेत की तरफ ले गई। आरोप है कि वहां जीजा पहले से मौजूद था। दोनों ने मिलकर उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद छोटी बहन ने शोर मचाकर चार लोगों द्वारा बहन को उठा ले जाने की बात कही, जिससे मामला अपहरण का लगे। सूचना मिलने पर भोजीपुरा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को अपहरण की कहानी पर संदेह हुआ और साक्ष्यों के आधार पर हत्या की साजिश का खुलासा हुआ। पुलिस ने मृतका के पति और छोटी बहन को गिरफ्तार कर दोनों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया। मुकदमे की सुनवाई एडीजे प्रथम की अदालत में हुई। अभियोजन की ओर से 12 गवाह पेश किए गए। गवाहों के बयान और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने छोटी बहन को हत्या का दोषी माना। न्यायालय ने उसे उम्रकैद के साथ 20 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।

## प्रधान पर सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप

**बहेड़ी।** सुकटिया याकूबगंज गांव के ग्राम प्रधान पर सरकारी धन के दुरुपयोग की शिकायत के बाद डीपीआरओ ने 15 दिन में पक्ष रखने के निर्देश दिए हैं। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर एकपक्षीय कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। गांव निवासी रियाजुद्दीन, मुख्त्यार अहमद, कुंवर, संजय और भगवान दास ने शपथपत्र देकर प्रधान के खिलाफ शिकायत की थी। इसमें निर्माण कार्यों में घटिया सामग्री के प्रयोग और करीब 21 हजार रुपये के गलत भुगतान का आरोप लगाया गया था। शिकायत के बाद सीवीओ ने आठ जनवरी को प्रारंभिक जांच की। इसके बाद अधिशासी अभियंता द्वारा तकनीकी परीक्षण और मूल्यांकन किया गया, जिसमें शिकायतों में सत्यता पाए जाने की बात सामने आई। 20 जनवरी को प्रधान को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। शासनादेश के क्रम में डीपीआरओ कमल किशोर ने 22 जुलाई को वसूली संबंधी नोटिस जारी कर 15 दिन में संतोषजनक जवाब मांगा है।

# बच्चों ने चित्रों से दिया स्वच्छता-संदेश




स्वच्छता अभियान में भाग लेते स्कूली बच्चे। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल में मंडल रेल प्रबंधक वीणा सिन्हा के मार्गदर्शन में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक 'स्वच्छता ही सेवा-2026' अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए स्वच्छता विषयक कला प्रतियोगिता आयोजित की गई। मॉडर्न जूनियर हाई स्कूल, गीतांजलि जूनियर हाई स्कूल और केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने चित्रों के माध्यम से स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत का संदेश दिया। बच्चों को कचरा पृथक्करण और अलग-अलग रंग के डस्टबीन के उपयोग की जानकारी दी गई। 'स्वच्छता ज्ञान यात्रा' के तहत विद्यार्थियों को टनकपुर और कासगंज कोचिंग डिपो का भ्रमण कराया गया। यहां बच्चों ने हाउसकीपिंग, बायो-टॉयलेट, वाटर रीसाइक्लिंग प्लांट और कोच वॉशिंग लाइन की कार्यप्रणाली देखी। इसके अलावा रेलवे स्टेशनों पर एनजीओ, धार्मिक संस्थाओं और स्कूली बच्चों के सहयोग से नुक्कड़ नाटक कर यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। रेलवे परिसरों, कॉलोनियों, कार्यालयों और अस्पतालों में श्रमदान व जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

## भूड़ा सैदपुर अंडरपास के पास 377 ग्राम अफीम बरामद, दो गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** भोजीपुरा पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार दोनों के कब्जे से 377 ग्राम अफीम बरामद हुई। आरोपियों को भूड़ा सैदपुर अंडरपास के पास हाईवे की सर्विस रोड से पकड़ा गया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/18 के तहत मुकदमा दर्ज किया है और न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक बुधवार रात करीब 9:22 बजे टीम गश्त कर रही थी। इसी दौरान अंडरपास के पास दो संदिग्ध दिखाई दिए। रोककर तलाशी लेने पर उनके पास से अफीम बरामद हुई। आरोपियों की पहचान जाहिद उर्फ अंडा निवासी गांव टाह, थाना नवाबगंज और वर्तमान में अंधी गौटिया भोजीपुरा निवासी तथा अनवार अहमद उर्फ मुन्ना निवासी वार्ड नंबर पांच, धौराटांडा के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने हाईवे पर एक ट्रक चालक से अफीम खरीदी थी। चालक का नाम-पता वे नहीं बता सके। पुलिस के अनुसार दोनों अफीम को छोटी-छोटी पुड़ियों में बांटकर अलग-अलग स्थानों पर बेचते थे। जाहिद के खिलाफ पहले से छह मुकदमे दर्ज हैं, जबकि अनवार के खिलाफ वर्ष 2019 में गोवध निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज हुआ था। पुलिस अफीम के स्रोत और तस्करी से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटा रही है।

# डिजास्टर प्लानिंग स्टाफ के साथ बैठक सम्पन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बरेली।** लेफ्टिनेन्ट जनरल योगेन्द्र डिमरी, मा. उपाध्यक्ष (मुख्य सचिव स्तर) द्वारा डिजास्टर प्लानिंग स्टाफ के साथ बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में निर्देश दिए गये कि समस्त नर्सिंग होम, शैक्षिणिक संस्थानों में अग्निशमन यन्त्रों की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये तथा इसकी समय समय पर जांच भी की जाती रहे जिससे कि किसी प्रकार की दुर्घटना की स्थिति में बचाव किया जा सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि/रा) को निर्देश दिए गए कि आपदा राहत के अन्तर्गत जहां कन्ट्रोल रुम बनाया गया हो उसका बैनर अवश्य लगाया जाये जिससे कि लोग वहां पर आसानी से आ सकें तथा एक टोल फ्री नम्बर भी संचालित कराया जाए, इसके साथ ही आपदा कक्ष में एक एल.ई.डी. स्क्रीन के माध्यम से लगातार मानीटरिंग की जाए। यदि कहीं भी आपदा की स्थिति आती है तो सम्बन्धित अधिकारी उस जगह का भ्रमण करे तथा इसका प्रचार प्रसार शत प्रतिशत किया जाए। बैठक में निर्देश दिए गये कि वायरलेस फोन की व्यवस्था अवश्य रखी जिससे कि सौटेलाइट के माध्यम से बाढ़ की स्थिति का पता लगाया जा सके। इसके पश्चात उनके द्वारा आपदा निबन्धक कार्यालय का निरीक्षण किया गया और कार्यालय रंगाई पुताई आदि कार्य कराएं जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी अविनाश सिंह, नगर आयुक्त संजीव मौर्य, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) संतोष कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. विश्राम सिंह, जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# रेलवे अधिकारी ने पत्नी, सास-ससुर समेत 20 लोगों पर लगाया हंगामा, तोड़फोड़ और धमकी देने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बरेली।** इज्जतनगर रेलवे डिवीजन में सीनियर डीएसटीई के पद पर तैनात धनंजय सिंह ने अपनी पत्नी, सास-ससुर समेत करीब 20 लोगों के खिलाफ थाना इज्जतनगर में शिकायत दर्ज कराई है।

शिकायत में सरकारी आवास में जबरन प्रवेश करने, हंगामा करने, मारपीट पर उतारू होने, तोड़फोड़ करने और धमकी देने के आरोप लगाए गए हैं। पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र के मुताबिक, धनंजय सिंह का विवाह 21 फरवरी 2026 को अलीगढ़ निवासी डॉ. अवि सिंह से हुआ था। शिकायतकर्ता का आरोप है कि 4 सितंबर को सुबह करीब 8:30 बजे उनकी पत्नी डॉ. अवि सिंह, ससुर मोहित सिंह और सास किरन करीब पांच गाड़ियों के काफिले में लगभग 20 लोगों के साथ उनके इज्जतनगर स्थित सरकारी आवास पर पहुंचे। आरोप है कि वहां पहुंचकर सभी ने हंगामा शुरू कर दिया। धनंजय सिंह ने आरोप लगाया कि उनके सास-ससुर ने उनके साथ मारपीट पर उतारू होकर उन्हें कार्यालय जाने से रोक दिया। शिकायत में इसे सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप भी बताया गया है। ससुर पर झूठे मुकदमों में फंसाने और भविष्य में देख लेने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है। शिकायत के अनुसार, पत्नी डॉ. अवि सिंह ने खुद को शारीरिक क्षति पहुंचाकर पति और उसके माता-पिता को जेल भिजवाने की धमकी दी। साथ ही, डायनिंग कक्ष में रखे सामान में तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाने का भी आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता ने घटना की सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध होने की बात कही है। शिकायत में फूफा राहुल मलिक, बुआ नम्रता चौधरी समेत करीब 16 अन्य अज्ञात लोगों के भी घटना में शामिल होने का आरोप लगाया गया है। धनंजय सिंह ने अपने वृद्ध माता-पिता और स्वयं की सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## घर में घुसकर धमकी, दो भाइयों पर एफआईआर

**बरेली।** थाना किला क्षेत्र के कुबरपुर छोटा चौक निवासी सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी कन्हीलाल पुत्र स्व. अशफी लाल ने प्रदीप और मनीष उर्फ गुड्डू पुत्र स्व. नन्हे मौर्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। तहरीर के अनुसार छह सितंबर की रात करीब 10 बजे दोनों आरोपी उनके घर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि दोनों ने प्रार्थना पत्र देकर पुलिस से कार्रवाई कराने और उन्हें यहां नहीं रहने देने की बात कही। कन्हीलाल के मुताबिक तबीयत खराब होने के कारण वह तत्काल पुलिस को तहरीर नहीं दे सके। बाद में उन्होंने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। कन्हीलाल की तहरीर के आधार पर किला पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सड़क बनी तालाब, पैदल निकलना भी मुश्किल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** फरीदपुर विधानसभा क्षेत्र के जेड गांव से इनायतपुर तक जाने वाला रास्ता इन दिनों ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। सड़क पर जलभराव के कारण स्थिति ऐसी है कि वाहनों की आवाजाही तो दूर, लोगों को पैदल निकलने में भी मुश्किल हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से बनी इस समस्या की कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं हो सका।

बताया जाता है कि जेड से इनायतपुर के बीच का यह मार्ग आसपास के कई गांवों को जोड़ता है। स्थानीय लोगों के अनुसार रास्ते से दस से अधिक गांवों के लोग आवागमन करते हैं और क्षेत्र की आबादी एक लाख से अधिक है। बारिश के बाद सड़क पर पानी भरने से आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो जाता है। ग्रामीणों का आरोप है कि जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश का पानी सड़क पर जमा रहता है। कई स्थानों पर सड़क और जलभराव का अंतर ही नजर नहीं आता। ऐसे में दोपहिया वाहन चालकों के साथ पैदल राहगीरों को भी जोखिम उठाकर निकलना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि समस्या नई नहीं है। वर्षों से सड़क की स्थिति खराब होने और जलभराव की शिकायतें सामने आती रही हैं। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों से रास्ते की मरम्मत के साथ जलनिकासी की व्यवस्था कराने की मांग की है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि चुनाव के दौरान विकास और समस्याओं के समाधान की उम्मीद रहती है, लेकिन सड़क की मौजूदा स्थिति उनकी परेशानी को उजागर कर रही है। अब ग्रामीणों की निगाहें प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं कि आखिर कब इस मार्ग को जलभराव और बदहाली से निजात मिलती है।



- जेड से इनायतपुर तक बदहाल रास्ते से हजारों ग्रामीण प्रभावित, शिकायतों के बाद भी समस्या जस की तस

# कलेक्ट्रेट चित्र प्रदर्शनी: जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय



- सेवा संकल्प अभियान के तहत सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने लगाई प्रदर्शनी, योजनाओं और विकास कार्यों को चित्रों के जरिए किया प्रदर्शित

**बरेली।** सेवा संकल्प अभियान के तहत कलेक्ट्रेट परिसर में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से चित्र प्रदर्शनी लगाई गई है। प्रदर्शनी में सेवा, सुशासन, विकास, जनकल्याण, आत्मनिर्भरता और महिला सशक्तिकरण समेत विभिन्न क्षेत्रों में संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी चित्रों व प्रदर्शित सामग्री के माध्यम से दी जा रही है।

प्रदर्शनी का उद्देश्य आमजन को शासन की योजनाओं, विकास कार्यों और उनसे मिलने वाले लाभों से परिचित कराना है। विभिन्न योजनाओं को सरल और आकर्षक तरीके से प्रस्तुत किया गया है, ताकि नागरिक उनके उद्देश्य और लाभ को आसानी से समझ सकें। जनपद में कराए गए विकास कार्यों और आमजन को उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी भी प्रदर्शनी में शामिल की गई है। प्रदर्शनी में दी गई जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत 3.12 करोड़ किसान लाभान्वित हुए हैं। गन्ना किसानों को 3.25 लाख करोड़ रुपये का भुगतान किए जाने, 27 नवीन मंडी स्थलों के आधुनिकीकरण और पीएम कुसुम योजना के तहत 91 हजार से अधिक सोलर पंप स्थापित किए जाने की जानकारी दी गई है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 3.53 करोड़ से अधिक किसानों को 6120 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति दिए जाने तथा 16 लाख से अधिक किसानों के बिजली बिल माफ किए जाने का भी उल्लेख है। प्रदर्शनी में डॉ. भीमराव आंबेडकर छात्रावास योजना, माता अहिल्याबाई होल्कर श्रमजीवी महिला हॉस्टल योजना, चौधरी चरण सिंह सेट पार्क योजना, संत रविदास चरमोद्योग पार्क और संत कबीर दास सीएम मित्र पार्क समेत विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई है। इसके अलावा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत 4.43 लाख से अधिक कारीगरों को लाभ मिलने, ओडीओपी के तहत 21 हजार से अधिक उद्यमियों को 1004 करोड़ रुपये से अधिक मार्जिन मनी वितरित किए जाने और 3.26 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिलने की जानकारी प्रदर्शित की गई है। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना से 5.74 लाख से अधिक परिवारों के लाभान्वित होने तथा प्रदेश में स्वास्थ्य सखियों और सूक्ष्म उद्यम सखियों के माध्यम से महिलाओं व ग्रामीण क्षेत्रों तक सुविधाएं पहुंचाने की जानकारी भी दी जा रही है। अधिकारी और आमजन प्रदर्शनी का अवलोकन कर योजनाओं की जानकारी ले रहे हैं।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड विज्ञापन दर
में डिस्प्ले, क्लासीफाइड, शोक संदेश, बधाई संदेश, नोटिस एवं टेन्डर नोटिस के विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें।
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें:
7579849555, 9627739857
9997745413

## एक नजर

### रोडवेज कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी के अंतर्गत शुक्रवार को उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन निगम बदायूं में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिला क्षय रोग अधिकारी एवं एड्स कार्यक्रम अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित शिविर का उद्घाटन एआरएम राजेश पाठक ने किया। शिविर में चालक-परिचालकों को एचआईवी एड्स से बचाव, जागरूकता और स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी गई। कुल 70 लोगों का सेल्फ रिस्क असेसमेंट कराया गया। वहीं 103 चालक-परिचालकों की एचआईवी व सिफलिस की जांच की गई। जांच में सभी की एचआईवी रिपोर्ट नॉन रिएक्टिव पाई गई, जबकि सिफलिस की जांच में एक व्यक्ति की रिपोर्ट रिएक्टिव मिली। संबंधित व्यक्ति की काउंसलिंग एसटीआई परामर्शदाता राजीव कुमार ने की और आवश्यक दवा लेने की सलाह दी। शिविर में सामान्य स्वास्थ्य जांच, एचआईवी एवं सिफलिस परीक्षण, नेत्र परीक्षण तथा सामान्य दवाओं की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई।

# मसाला डोसा की दुकान पर गिरा पानी का टैंक, मजदूर की मौत

## तेज हवा के दौरान भरभराकर नीचे गिरा टैंक, उसके नीचे दबकर राकेश ने मौके पर तोड़ा दम

जागरण मोर्चा कार्यालय



घटनास्थल पर जुटी भीड़। -जागरण मोर्चा



युवक की मौत के बाद परिवारों में मचा कोहराम जुटी भीड़। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में स्टेशन रोड पर मैकूलाल पुलिस चौकी के पास बुधवार को दर्दनाक हादसा हो गया। तेज हवा के दौरान प्याऊ के ऊपर रखा पानी से भरा भारी टैंक अचानक नीचे मसाला डोसा की दुकान पर गिर गया। टैंक के नीचे दबकर वहां काम कर रहे 25 वर्षीय मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए।

मृतक की पहचान राकेश पुत्र राजेश निवासी मालगोदाम रोड, सिविल लाइंस के रूप में हुई है। बताया गया कि राकेश पिछले करीब डेढ़ महीने से स्टेशन रोड स्थित 'साउथ इंडियन तमिलनाडु' नाम से संचालित मसाला डोसा की दुकान पर बर्तन साफ करने का काम कर रहा था। बुधवार को दुकान पर काम चल रहा था। इसी दौरान तेज हवा चलने पर दुकान के बराबर में नगर पालिका परिषद की ओर से लगाई गई प्याऊ के ऊपर रखा पानी का टैंक अचानक भरभराकर नीचे आ गिरा। टैंक की चपेट में आने से राकेश उसके नीचे दब गया। आसपास मौजूद लोगों ने बचाने का प्रयास किया, लेकिन उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस चौकी के पास हादसा, तत्काल पहुंची पुलिस हादसे की सूचना मिलते ही पास में स्थित मैकूलाल पुलिस चौकी से पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करते हुए शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। हादसे की सूचना मिलने के बाद मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

स्थानीय लोगों के मुताबिक तमिलनाडु निवासी लोग मालगोदाम रोड पर काफी समय से मसाला डोसा की दुकान चला रहे थे। यह दुकान शहर में काफी चर्चित है। जगह को लेकर हुए विवाद के बाद करीब दो महीने पहले दुकान को स्टेशन रोड स्थित ओवरब्रिज के नीचे मैकूलाल पुलिस चौकी के पास शिफ्ट किया गया था।

हादसे के बाद नगर पालिका की व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्याऊ के ऊपर भारी पानी का टैंक रखा गया था और उसे पर्याप्त सुरक्षा के इंतजाम नहीं किए गए थे। तेज हवा के दौरान टैंक गिरने से मजदूर की जान चली गई। लोगों ने मामले की जांच कर जिम्मेदारी तय करने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षेप समाचार

### विवाहिता को मारपीट कर बच्चे समेत घर से निकाला

**सहसवान।** थाना सहसवान क्षेत्र के गांव भवानीपुर खैरू में घरेलू विवाद को लेकर विवाहिता के साथ मारपीट करने और उसके एक वर्षीय बच्चे समेत घर से निकालने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पति समेत ससुराल पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता के मुताबिक 13 सितंबर को दोपहर करीब 12 बजे वह घर पर थी। इसी दौरान पति, ससुर, सास और दो ननद घरेलू बातों को लेकर उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने बेल्ट, लात-घूंसों और चप्पलों से उसके साथ मारपीट की। इसके बाद उसके मायके पक्ष के लोगों को फोन कर घटना की जानकारी दी गई। पीड़िता का आरोप है कि सूचना मिलने पर उसकी मां और अन्य परिजन मौके पर पहुंचे और समझाने का प्रयास किया, लेकिन ससुराल पक्ष के लोगों ने उनके साथ भी अभद्रता की। आरोप है कि जान से मारने की धमकी देते हुए विवाहिता और उसके एक वर्षीय पुत्र को पहने हुए कपड़ों में ही घर से बाहर निकाल दिया गया। मारपीट में पीड़िता के शरीर पर कई जगह चोटें आई हैं। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### घर में घुसकर मारपीट, गर्भवती महिला समेत चार घायल

**उझानी।** डिलौर गांव निवासी कुंवर सैन ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के कुछ लोगों पर घर में घुसकर गाली-गलौज और मारपीट करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि 15 सितंबर की रात जुगेन्द्र, अनंत राम, बृजेश, दीपल सिंह समेत एक अज्ञात व्यक्ति ने लाठी-डंडे और लोहे के पाइप से हमला किया। मारपीट में कुंवर सैन, उसके ससुर, साले और गर्भवती पत्नी घायल हो गए। पीड़ित ने आरोपियों पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाने और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। उसने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

### मारपीट में बच्ची को जमीन पर पटका, दो पर रिपोर्ट

**बदायूं।** उसहैत थाना क्षेत्र के नरपत नगला निवासी सत्यवीर ने अरविंद और ओमेंद्र के खिलाफ घर में घुसकर गाली-गलौज व मारपीट करने का आरोप लगाया है। तहरीर के मुताबिक 9 सितंबर को वह पत्नी और एक वर्षीय बच्ची के साथ मंशानगला स्थित अपने पत्नी के फूफा के घर गया था। आरोप है कि इसी दौरान दोनों आरोपी वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट की और बच्ची को जमीन पर पटक दिया। शोर सुनकर आसपास के लोगों के पहुंचने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

### राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश गुप्त चार दिवसीय दौरे पर पहुंचेंगे बदायूं

**बदायूं।** राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश गुप्त का 18 से 21 सितंबर तक चार दिवसीय बदायूं दौरा प्रस्तावित है। उनके निजी सचिव शुभम अग्रवाल की ओर से



जारी कार्यक्रम के अनुसार राज्य सूचना आयुक्त शुक्रवार 18 सितंबर को दोपहर दो बजे निजी वाहन से लखनऊ से बदायूं के लिए रवाना होंगे। शाम करीब सात बजे वह बदायूं स्थित लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) गेस्ट हाउस पहुंचेंगे। शनिवार 19 सितंबर को स्वतंत्र प्रकाश गुप्त जनपद में विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के साथ ही संभ्रांत नागरिकों से भेंटवार्ता करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शाम सात बजे वह नगर में मराठा एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय राणा के यहां आयोजित गणेश महोत्सव कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। रविवार 20 सितंबर को दोपहर 12 बजे राज्य सूचना आयुक्त तहसील सदर बदायूं पहुंचेंगे। यहां तहसील सभागार में उत्तर प्रदेश मिनिस्ट्रियल कर्मचारी संघ के द्विवार्षिक चुनाव आयोजित होंगे, जिसकी अध्यक्षता स्वतंत्र प्रकाश गुप्त करेंगे। चुनाव कार्यक्रम के बाद दोपहर करीब 1:30 बजे वह तहसील से प्रस्थान कर विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगे। दौरे के अंतिम दिन सोमवार 21 सितंबर को स्वतंत्र प्रकाश गुप्त सुबह 6:30 बजे बदायूं से गंगा एक्सप्रेस-वे होते हुए आगरा एक्सप्रेस-वे के रास्ते लखनऊ के लिए रवाना होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक वह सुबह 10:30 बजे लखनऊ स्थित अपने आवास 18, राजभवन कॉलोनी पहुंचेंगे।

### मनौना धाम जा रही निशान यात्रा का बगरैन में भव्य स्वागत



निशान यात्रा में शामिल श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

**बगरैन।** परसिया गांव से मनौना धाम आंवला के लिए निकली तीसरी भव्य निशान यात्रा का बगरैन में फूल वर्षा और जलपान कर श्रद्धालुओं ने स्वागत किया। यात्रा अतरपुरा, करखेड़ी, बगरैन, पेपल और कसुमरा होते हुए मनौना धाम पहुंची। अमरोहा के मशहूर डीजे पर श्याम भक्त भजन-कीर्तन करते हुए झूमते नजर आए। श्याम के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। बगरैन में ठा. वेदपाल सिंह, धीरेश सिंह, अम्बूज सुमन, विकास गुप्ता समेत सेवादारों ने स्वागत किया। कसुमरा में शिवनेन्द्र सिंह कठेरिया, शिवकुमार सिंह और बंटी सिंह ने पुष्पवर्षा की। मनौना धाम पहुंचने पर व्यवस्थापक एडवोकेट श्यामेन्द्र सिंह चौहान व ट्रस्टियों ने स्वागत किया। पूजा-अर्चना के बाद भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# आसफपुर सीएचसी पर आयुष्मान आरोग्य महाशिविर, सैकड़ों लोगों ने उठाया स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ

जागरण मोर्चा कार्यालय




शिविर में मौजूद डॉक्टर व भाजपा नेता। -जागरण मोर्चा

**आसफपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) आसफपुर परिसर में आयुष्मान आरोग्य महाशिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और स्वास्थ्य विभाग की ओर से उपलब्ध कराई गई विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाया। सुबह से ही सीएचसी परिसर में लोगों की आवाजाही बनी रही।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख ओमकिशन सागर मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि सीएम फेलो रजनीश सहित क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों के ग्राम प्रशासकों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। अतिथियों ने शिविर में उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया तथा ग्रामीणों से स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली।

महाशिविर में चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई। मरीजों को उनकी समस्या के अनुसार चिकित्सकीय परामर्श दिया गया तथा आवश्यक दवाइयों का निश्शुल्क वितरण किया गया। इसके साथ ही लोगों को विभिन्न बीमारियों के लक्षण, बचाव के उपाय और समय पर उपचार कराने के संबंध में जागरूक किया गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से ग्रामीणों को सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी भी दी गई।

शिविर में पहुंचे ग्रामीणों ने स्वास्थ्य जांच और चिकित्सकीय परामर्श का लाभ लिया। ग्रामीणों का कहना था कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर आयोजित होने से गांव और आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को एक ही स्थान पर जांच, परामर्श और दवाइयों की सुविधा मिल जाती है। इससे सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं के लिए लोगों को दूर नहीं जाना पड़ता।

महाशिविर को सफल बनाने में सीएचसी के चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मौके पर डॉ. ईशान चौधरी, डॉ. विशाल भारती, बीपीएम आशुतोष शर्मा, डीईओ केशव उपाध्याय, बीसीपीएम सत्यपाल सिंह, फार्मासिस्ट समद अली, रंजीत शर्मा, बीएएम राजकुमार सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। स्वास्थ्यकर्मियों ने मरीजों की जांच से लेकर दवा वितरण और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी उपलब्ध कराने तक विभिन्न जिम्मेदारियां संभालीं। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने लोगों को नियमित स्वास्थ्य जांच कराने, बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल चिकित्सकीय सलाह लेने तथा सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। शिविर में पहुंचे लोगों ने स्वास्थ्य विभाग की इस पहल को जनहित में उपयोगी बताया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से कहा गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए समय-समय पर इस तरह के शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक स्वास्थ्य सेवाओं और सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सके।

# बकरी के बच्चे की मौत को लेकर विवाद, दिव्यांग युवक को घेरकर पीटा

जागरण मोर्चा कार्यालय

- परिजनों ने दबंगों पर घर में घुसकर मारपीट और धमकी देने का लगाया आरोप

**इस्लामनगर।** कस्बा रुदायन निवासी सुशील कुमार ने थाने में तहरीर देकर कुछ लोगों पर घर में घुसकर दिव्यांग भाई के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। तहरीर के अनुसार 9 सितंबर की सुबह करीब छह बजे बकरी के बच्चे की मौत को लेकर पड़ोस के लोगों से विवाद हो गया। आरोप है कि इसी दौरान कुछ लोग घर में घुस आए और दिव्यांग भाई बंटी को गाली-गलौज करते हुए जबरन घर से बाहर ले गए।

आरोप है कि इसके बाद बंटी को भीड़ के बीच ले जाकर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से पीटा गया। धारदार हथियार लेकर कुछ लोगों के घेरने का भी आरोप लगाया गया है। शोर सुनकर परिजन बचाने पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट की गई। तहरीर के मुताबिक बहन ने घटना का वीडियो बनाना शुरू किया तो आरोपियों ने उसे भी पीटा और वीडियो बनाने से रोकने का प्रयास किया।

परिजनों का आरोप है कि मारपीट में बंटी के सिर में गंभीर चोट आई और वह बेहोश हो गया। उसकी मां के कान से खून आने और सुनाई न देने की शिकायत भी बताई गई है। घटना के बाद परिजनों ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना देकर घायलों का चिकित्सीय परीक्षण कराया। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई और परिवार की सुरक्षा की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# फर्जी आधार से जमीनों के बैनामे का आरोप, अदालत ने दिया एफआईआर का आदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सहसवान।** लावारिस और मृत लोगों की जमीनों को कथित तौर पर फर्जी आधार कार्ड के सहारे हड़पकर बैनामा कराने के मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) बदायूं ने सख्त रुख अपनाया है। ग्राम सुजावली के प्रधान की ओर से दाखिल प्रार्थना पत्र पर सुनवाई के बाद न्यायालय ने थाना सहसवान को उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर नियमानुसार विवेचना करने के आदेश दिए हैं। मामले में 11 सितंबर 2026 को सीजेएम मोहम्मद तौसीफ रजा ने आदेश पारित किया।

प्रकरण वाद संख्या 1658/2025 ब्रह्मचारी बनाम कुंवरपाल आदि में ग्राम प्रधान ब्रह्मचारी ने आरोप लगाया था कि ग्राम पंचायत के मजरा पावड पुख्ता और हरदतपुर में ऐसी जमीनें हैं, जिनके मूल मालिक गांव छोड़कर चले गए हैं या उनकी मृत्यु हो चुकी है। आरोप है कि कुछ लोगों ने फर्जी आधार कार्ड तैयार कराकर इन जमीनों के फर्जी बैनामे करा लिए। प्रधान ने चार मामलों का उल्लेख किया। आरोप है कि पावड पुख्ता के गाटा संख्या 966, 967 और 975 की जमीन का कुंवरपाल ने खुद को राजपाल बताकर वर्ष 2022 में बैनामा कराया। सिविल कोर्ट ने 25 फरवरी 2025 को उक्त बैनामा निरस्त कर दिया था। इसके बावजूद आरोप है कि आधार में पता बदलकर उसी भूमि का दोबारा अतारकली पत्नी रामफल के नाम बैनामा करा दिया गया और दाखिल खारिज भी हो गया। इसी तरह गाटा संख्या 1070 और 1067 की 0.48 हेक्टेयर भूमि, जो भूपाल पुत्र डब्बी के नाम दर्ज थी, को लाराराम उर्फ लालू द्वारा किसी अन्य व्यक्ति को भूपाल बनाकर सर्वेश कुमारी के नाम बैनामा कराने का आरोप है। इस मामले में सिविल कोर्ट में वाद संख्या 250/2025 विचाराधीन है।

**राजस्व रिपोर्ट के बाद कोर्ट ने जताई नाराजगी :** ग्राम हरदतपुर की गाटा संख्या 11 की जमीन के संबंध में भी फर्जी आधार के जरिए बैनामा कराने का आरोप लगाया गया है। प्रधान के मुताबिक लाराराम उर्फ लालू ने अपने रिश्तेदार राधेश्याम पुत्र दुर्गाप्रसाद निवासी अकबराबाद का फर्जी आधार बनवाकर जमीन का बैनामा अपनी पुत्रवधू रामादेवी पत्नी धर्मेंद्र के नाम चार जून 2025 को कराया और सात अगस्त 2025 को दाखिल खारिज भी करा लिया। प्रधान ने बताया कि उन्होंने 28 अक्टूबर 2025 को थाना सहसवान और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूं से शिकायत की थी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।

# मॉर्निंग रेड में छह बिजली चोर दबोचे

- कटिया डालकर घर रोशन कर रहे थे, सुबह-सुबह पहुंची विद्युत विभाग की टीम तो खुली चोरी की पोल

जागरण मोर्चा कार्यालय



बिजली चेकिंग करते विद्युत विभाग के अधिकारी। -जागरण मोर्चा

**दातागंज।** बिजली चोरी पर अंकुश लगाने के लिए विद्युत विभाग ने गुरुवार सुबह दातागंज क्षेत्र में मॉर्निंग रेड अभियान चलाया। तड़के अचानक पहुंची विभागीय टीमों ने विभिन्न मोहल्लों में घरों और प्रतिष्ठानों की जांच की। इस दौरान कटिया डालकर और सीधे विद्युत लाइन से तार जोड़कर बिजली का इस्तेमाल कर रहे छह लोगों को रंगे हाथ पकड़ लिया गया। कार्रवाई से बिजली चोरी करने वालों में हड़कंप मच गया।

उच्चाधिकारियों के निर्देश पर संयुक्त टीम ने अलग-अलग स्थानों पर विद्युत कनेक्शन, मीटर और लाइनों की जांच की। चेकिंग के दौरान कई स्थानों पर अवैध तरीके से बिजली का उपभोग किए जाने की पुष्टि हुई। टीम ने मौके पर वीडियोग्राफी कर साक्ष्य जुटाए और अवैध कनेक्शनों को चिह्नित किया।

**छह लोगों पर कार्रवाई की तैयारी :** विद्युत विभाग के अधिकारियों के मुताबिक पकड़े गए छह लोगों के खिलाफ विद्युत अधिनियम की संबंधित धाराओं में कार्रवाई की जा रही है। संबंधित थानों में एफआईआर दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके अलावा नियमानुसार राजस्व निर्धारण और जुर्माने की कार्रवाई भी की जाएगी।

**औचक चेकिंग आगे भी रहेगी जारी :** अधिशासी अभियंता बिल्सी नागेंद्र सिंह ने कहा कि बिजली चोरी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। क्षेत्र में मॉर्निंग रेड और औचक चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से वैध कनेक्शन के माध्यम से ही बिजली का इस्तेमाल करने और कटिया अथवा किसी अन्य अवैध तरीके से बिजली न चलाने की अपील की।

सुविधा

## न्यू आदर्श कालोनी और मंदिर वाली गली में जलभराव से मिलेगी राहत

# 15 .78 लाख से बनी सीसी सड़क व नाली का लोकार्पण

जागरण मोर्चा कार्यालय



सड़कों का लोकार्पण करती नगर पालिका अध्यक्ष फात्मा रजा। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** नगर पालिका परिषद की ओर से शहर के विभिन्न वार्डों में मूलभूत सुविधाओं से जुड़े विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने वार्ड नंबर सात की न्यू आदर्श कालोनी और मंदिर वाली गली में करीब 15 लाख 78 हजार रुपये की लागत से कराए गए सीसी सड़क और नाली निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया। निर्माण कार्य पूरा होने पर क्षेत्रवासियों ने खुशी जताते हुए पालिकाध्यक्ष का आभार व्यक्त किया।

न्यू आदर्श कालोनी में गुडविल वाली गली में आशीष सक्सेना के मकान से अशोक मनसा ब्यूटी पार्लर होते हुए रूपेश चौबे के मकान तक तथा मंदिर वाली गली में सीसी सड़क और नाली का निर्माण कराया गया है। इस कार्य पर 10 लाख 68 हजार रुपये खर्च हुए हैं। वहीं प्रेमकुमार के मकान से सरदार जगदीश सिंह के मकान तक सीसी सड़क और नाली निर्माण पर 5 लाख 10 हजार रुपये की लागत आई है। दोनों कार्यों की कुल लागत 15 लाख 78 हजार रुपये है।

क्षेत्रवासियों के मुताबिक लंबे समय से सड़क और जलनिकासी की समस्या बनी हुई थी। बारिश के दौरान सड़कों पर पानी जमा होने से आवागमन प्रभावित होता था। लोगों की मांग पर नगर पालिका ने निर्माण कार्य कराया। नालियों के निर्माण से बारिश और घरों से निकलने वाले पानी की निकासी सुचारु होने की उम्मीद है।

पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने कहा कि शहर के सभी वार्डों में बिना भेदभाव के प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य कराए जा रहे हैं। सड़क, नाली, जलनिकासी, सफाई और सौंदर्यीकरण नगर पालिका की प्राथमिकताओं में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। चुनाव के दौरान किए गए वादों को भी चरणबद्ध तरीके से पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है।

इस मौके पर सभासद राजीव रायजादा, मुकेश साहू, मोहित सक्सेना, नवेद, अरविंद राठौर, आशीष सक्सेना, अर्पित सक्सेना, प्रेम कुमार, सरदार जगदीश सिंह, सुरेश चंद्र तिवारी, मुकेश कुमार मिश्रा, सतीश चंद्र सक्सेना, राहुल चौधरी, शिवम गुप्ता, सुमित सक्सेना, रूपेश चौबे समेत कार्यालय अधीक्षक सूर्य प्रकाश सक्सेना, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक मोहम्मद तय्यब, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक केशव गंगवार, निर्माण लिपिक सक्सेना और लिपिक नवेद इकबाल गनी मौजूद रहे।

# लाठी-डंडों से घर में घुसकर मारपीट, चार युवकों पर आरोप

**उझानी।** कोतवाली उझानी क्षेत्र के गांव डिलौर निवासी गुड्डी देवी ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के ही कुछ लोगों पर घर में घुसकर उसके बेटों के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। तहरीर के मुताबिक 15 सितंबर की रात करीब 9:30 बजे सूरज, वेदराम, मौनी, कुंवरसेन समेत कुछ लोग हाथों में लाठी-डंडे लेकर उसके घर में घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि सभी ने मिलकर उसके बेटों ब्रजेश, दीपक सिंह, अनंतराम और नरसिंह के साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। मारपीट में घायल युवकों का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। पीड़िता ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# सहसवान नगर में खुलेआम अवैध खनन का आरोप

## दिनदहाड़े मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रालियां दौड़ने से लोग परेशान

जागरण मोर्चा कार्यालय



दिनदहाड़े मिट्टी का खनन कर ले जाती ट्राली। -जागरण मोर्चा

**सहसवान।** नगर क्षेत्र में मिट्टी के कथित अवैध खनन और उसके परिवहन का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर के आसपास मिट्टी का खनन कर ट्रैक्टर-ट्रालियों के जरिए दिनदहाड़े उसका परिवहन किया जा रहा है। नगर के प्रमुख मार्गों से मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रालियां गुजरने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय ग्रामीणों के मुताबिक कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद मिट्टी खनन और परिवहन पर प्रभावी रोक नहीं लग सकी है। लोगों का आरोप है कि कुछ वाहन ओवरलोड मिट्टी लेकर चलते हैं। वहीं, कई ट्रैक्टर-ट्रालियों में मिट्टी को ढका भी नहीं जाता, जिससे रास्ते में मिट्टी गिरती रहती है और सड़क पर धूल उड़ने से राहगीरों को परेशानी होती है।

ग्रामीणों का कहना है कि भारी वाहनों के लगातार आवागमन से सड़कों को भी नुकसान पहुंचने की आशंका है। किसानों और स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से मामले की जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि खनन स्थल और मिट्टी के परिवहन की जांच कर यह पता लगाया जाए कि संबंधित लोगों के पास वैध अनुमति है या नहीं। लोगों ने प्रशासन से नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित लोगों और वाहनों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorcha.com
बदायूं
लखनऊ, शनिवार, 19 सितंबर 2026


# समाजशास्त्र परिषद का पुनर्गठन, छात्राओं ने दिखाई सामाजिक बदलाव की राह

## सोशल मीडिया के प्रभाव पर सर्वे, परिचर्चा व पोस्टर प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाई रचनात्मकता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** गिंदो देवी महिला महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग की ओर से समाजशास्त्र परिषद का पुनर्गठन किया गया। इस अवसर पर "युवा, समाज एवं सामाजिक परिवर्तन : बदलते समाज में छात्राओं की भूमिका" विषय पर जागरूकता सप्ताह आयोजित किया गया। विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजिका असिस्टेंट प्रोफेसर सरला देवी चक्रवर्ती के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रमों में छात्राओं ने सामाजिक मुद्दों पर सर्वेक्षण, समूह परिचर्चा, पोस्टर-स्लोगन प्रतियोगिता और सेमिनार के माध्यम से अपनी समझ और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।


कार्यक्रम में प्रतिभाग करती छात्राएं। -जागरण मोर्चा

परिषद में स्नातक तृतीय वर्ष की वेदांशी पटेल को अध्यक्ष, द्वितीय वर्ष की नैना को उपाध्यक्ष, प्रथम वर्ष की हिना बी को सचिव और महक को उपसचिव चुना गया। कामिनी गोस्वामी, रिया, पायल, भूमि, आरती देवी, स्वाती और आकांक्षा को सदस्य मनोनीत किया गया। सभी पदाधिकारियों को परिषद के उत्थान और सामाजिक सरोकारों के प्रति जिम्मेदारी की शपथ दिलाई गई।

जागरूकता सप्ताह के पहले दिन "सोशल मीडिया और छात्राओं के सामाजिक संबंध" विषय पर लघु समाजशास्त्रीय सर्वे कराया गया। छात्राओं ने 20 से 30 विद्यार्थियों से प्रश्नावली भरवाकर आंकड़े जुटाए और उन्हें चार्ट व ग्राफ के माध्यम से प्रस्तुत किया। दूसरे दिन "क्या सोशल मीडिया हमारे सामाजिक संबंधों को मजबूत कर रहा है या कमजोर?" विषय पर पक्ष-विपक्ष में समूह परिचर्चा हुई। तीसरे दिन सोशल मीडिया और पर्यावरण संरक्षण विषय पर पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई।

शुक्रवार को सप्ताह के अंतिम दिन "हिंदी और भारतीय समाज : भाषा, संस्कृति एवं सामाजिक एकता" विषय पर सेमिनार हुआ। कार्यक्रम संयोजिका सरला देवी चक्रवर्ती ने कहा कि हिंदी अभिव्यक्ति का माध्यम होने के साथ सामाजिक अनुभवों, सांस्कृतिक स्मृतियों और सामूहिक जीवन को जोड़ने का सशक्त माध्यम है। प्राचार्या प्रो. इंदु शर्मा ने छात्राओं से हिंदी में बोलने, लिखने और विचार व्यक्त करने में गर्व महसूस करने के साथ देश की सभी भाषाओं और संस्कृतियों का सम्मान करने का आह्वान किया। सहसंयोजिका डॉ. इति अधिकारी ने छात्राओं की सहभागिता, अनुशासन और रचनात्मकता की सराहना की।

पोस्टर प्रतियोगिता में वेदांशी ने प्रथम, रिया ने द्वितीय और चंद्रमुखी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान शारीरिक शिक्षा विभाग की सोनी मौर्य, शिक्षाशास्त्र विभाग की शालू गुप्ता समेत महाविद्यालय की शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। अंत में सरला देवी चक्रवर्ती ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# रेडक्रॉस की नई टीम ने संभाली कमान, सेवा का लिया संकल्प

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी की जनपद स्तरीय प्रबंध कार्यकारिणी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का प्रमाण-पत्र वितरण एवं शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार को विकास भवन सभागार में आयोजित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण-पत्र वितरित कर पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

कार्यकारिणी में सत्यपाल को अध्यक्ष, आयुष कश्यप को उपाध्यक्ष, बीषेक को कोषाध्यक्ष और अभिषेक कुमार को सचिव चुना गया। मुख्य विकास अधिकारी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए समाजसेवा के कार्यों को पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

रेडक्रॉस और सीएमओ ने पांच-पांच टीबी मरीजों को लिया गोद समारोह के दौरान इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी की ओर से पांच-पांच टीबी मरीजों को गोद लिया गया। सभी मरीजों को पोषण पोटली उपलब्ध कराई गई। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. विनेश कुमार ने टीबी के लक्षण, जांच, उपचार और बचाव के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि टीबी मरीजों के साथ किसी तरह का भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। साथ बैठने और भोजन करने से टीबी नहीं फैलती।


कार्यक्रम में मौजूद लोग। -जागरण मोर्चा

पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता हीरालाल कश्यप ने रेडक्रॉस सोसाइटी से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ खाद्य सामग्री, कपड़े और दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराने की अपील की। राजेश कश्यप ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए सेवा कार्यों में पूरी लगन से जुटने के लिए प्रेरित किया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी देते हुए संक्रामक रोगों से बचाव के लिए साफ-सफाई रखने की अपील की। डॉ. मोहन झा ने गर्भवती महिलाओं को एनीमिया से बचाव के लिए आयरन व कैल्शियम की गोलियां नियमित लेने और समय-समय पर एंटीनेटल चेकअप कराने की सलाह दी। कार्यक्रम का संचालन एसटीएस बृजेश राठौर ने किया। इस दौरान डॉ. मेघसिंह, रफत खान, मुन्नी लाल, जयप्रकाश शुक्ला, जयपाल सिंह, गुलशन साहू, सुरेंद्र कुमार एडवोकेट, कौशल कुमार, प्रदीप कुमार, अर्जुन सिंह, पियूष, सुंदरलाल, डॉ. हसन, कुलदीप, डॉ. दयाराम शर्मा, सुदेश सक्सेना, संदीप राजपूत, प्रेमचंद, राजीव, सोमेन्द्र, रामबाबू, धर्मेंद्र और नरेंद्र सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# जिला अस्पताल की ओपीडी में चोरों का धावा

- कमरा नंबर 20 का शटर और जाली तोड़ी
- दवा वितरण कक्ष को बनाया निशाना, अंदर से गेट बंद कर भागे चोर; सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** कोतवाली सदर क्षेत्र स्थित जिला अस्पताल में देर रात चोरों ने ओपीडी के कमरा नंबर 20 को निशाना बना लिया। चोर शटर और खिड़की की जाली तोड़कर कमरे के अंदर दाखिल हो गए। वारदात को अंजाम देने के बाद चोर कमरे का गेट अंदर से बंद कर फरार हो गए। सुबह ड्यूटी पर पहुंचे अस्पताल कर्मचारियों ने शटर और जाली टूटी देखी तो घटना की जानकारी अस्पताल प्रशासन को दी। चोरी की सूचना से अस्पताल में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल की ओपीडी में स्थित कमरा नंबर 20 में मरीजों को डॉक्टरों द्वारा लिखी गई दवाओं का वितरण किया जाता है। देर रात किसी समय चोरों ने कमरे के शटर को तोड़ने का प्रयास किया।


टूटे हुए ताले देखते स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी। -जागरण मोर्चा

इसके बाद खिड़की की जाली भी तोड़ दी और कमरे के अंदर पहुंच गए। आशंका है कि चोरों ने कमरे में रखे सामान और दवाओं को खंगाला। हालांकि तत्काल यह स्पष्ट नहीं हो सका कि चोर अपने साथ क्या-क्या सामान ले गए हैं।

घटना के बाद चोरों ने कमरे का गेट अंदर से बंद कर दिया। इसके चलते सुबह तक घटना का पता नहीं चल सका। अस्पताल कर्मचारी जब ड्यूटी के लिए पहुंचे तो टूटा शटर और जाली देखकर उनके होश उड़ गए। तत्काल अस्पताल अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई।

**दवाओं और सामान के स्टॉक की जांच शुरू :** अस्पताल प्रशासन की ओर से कमरे में रखे दवाओं के स्टॉक और अन्य सामान का मिलान कराया जा रहा है। जांच पूरी होने के बाद ही चोरी से हुए नुकसान का सही आकलन हो सकेगा। फिलहाल यह भी स्पष्ट नहीं है कि चोर कितनी मात्रा में दवाएं या अन्य सामान ले गए हैं। घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली सदर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि वारदात में शामिल लोगों की पहचान हो सके।

जिला अस्पताल में 24 घंटे मरीजों और तीमारदारों की आवाजाही रहती है। इसके बावजूद ओपीडी के कमरे का शटर और जाली तोड़कर चोरी होना अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है। रात में सुरक्षा गार्डों की मौजूदगी के बावजूद चोरों के अंदर पहुंचने से निगरानी व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# कार्रवाई से नाराज युवक पानी की टंकी पर चढ़ा, सिपाही पर 10 हजार रुपये लेने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सहसवान।** कोतवाली क्षेत्र की डाक बंगला कॉलोनी में शुक्रवार शाम उस समय हड़कंप मच गया, जब पुलिस कार्रवाई से नाराज एक युवक पानी की ओवरहेड टंकी पर चढ़ गया। युवक के टंकी पर चढ़ने की सूचना पर मौके पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जुट गई। करीब दो घंटे से अधिक समय तक युवक को नीचे उतारने के प्रयास चलते रहे।

डाक बंगला कॉलोनी निवासी तारिक का कुछ दिन पहले एक युवक से विवाद हो गया था। तारिक का आरोप है कि पुलिस ने दूसरे पक्ष के युवक के खिलाफ केवल शांतिभंग की कार्रवाई की और बाद में उसे छोड़ दिया। कार्रवाई से नाराज तारिक शुक्रवार शाम कॉलोनी में स्थित ऊंची पानी की टंकी पर चढ़ गया।

टंकी के ऊपर पहुंचने के बाद युवक पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए नीचे उतरने से इनकार करता रहा। उसने आरोप लगाया कि कोतवाली में तैनात लोकेंद्र नाम के सिपाही ने दूसरे पक्ष के युवक से 10 हजार रुपये लेकर उसे थाने से छोड़ दिया। हालांकि, रुपये लेने के आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है।

युवक के टंकी पर चढ़ने की सूचना मिलते ही सहसवान कोतवाली पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिसकर्मियों ने लाउडस्पीकर के माध्यम से युवक को समझाने और सुरक्षित नीचे उतरने के लिए मनाने का प्रयास किया। समाचार लिखे जाने तक युवक को सकुशल नीचे उतारने के प्रयास जारी थे। पुलिस अधिकारियों की ओर से आरोपों पर तत्काल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई थी।

## संक्षेप समाचार

### दो हजार से अधिक के यूपीआई लेन-देन पर शुल्क का विरोध, व्यापार मंडल ने उठाई आवाज

**बदायूं।** उ.प्र. उद्योग व्यापार मंडल, जनपद बदायूं ने दो हजार रुपये से अधिक के यूपी आई लेन–देन पर प्रस्तावित शुल्क वापस लेने की मांग की है। जिलाध्यक्ष के.बी. गुप्ता ने कहा कि छोटे, खुदरा और मध्यम व्यापारियों के लिए भुगतान व्यवस्था को निःशुल्क बनाए रखा जाना चाहिए। के.बी. गुप्ता ने कहा कि छोटे व्यापारी पहले से ही बढ़ती प्रतिस्पर्धा, ई–कॉमर्स, दुकान का किराया, बिजली, कर्मचारियों के वेतन और सीमित लाभांश जैसी आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। ऐसे में डिजिटल भुगतान पर अतिरिक्त शुल्क लगाए जाने से व्यापारियों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि यूपीआई ने देश में डिजिटल भुगतान को सरल, तेज और सुविधाजनक बनाया है। छोटे से छोटे दुकानदार ने भी इसे अपनाया है, जिससे नकद लेन–देन पर निर्भरता कम हुई और भुगतान व्यवस्था अधिक पारदर्शी बनी है। उनका कहना है कि दो हजार से अधिक के लेन–देन पर शुल्क लगाए जाने से कम मार्जिन पर काम करने वाले व्यापारियों की आय प्रभावित हो सकती है और ग्राहक–व्यापारी दोबारा नकद भुगतान की ओर बढ़ सकते हैं। व्यापार मंडल ने मांग की कि छोटे एवं मध्यम व्यापारियों के लिए UPI भुगतान निःशुल्क रखा जाए। साथ ही शुल्क नीति में किसी भी बदलाव से पहले व्यापारी संगठनों से व्यापक विचार–विमर्श किया जाए। व्यापार मंडल ने डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए वर्तमान सरल और किफायती व्यवस्था बनाए रखने की मांग की है।


केबी गुप्ता।

### उमंग कार्यक्रम में आकाश और प्रयांशी ने मारी बाजी



छात्र–छात्राओं को सम्मानित करते अध्यापक। -जागरण मोर्चा

**बिसौली।** उमंग कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को विकासखंड बिसौली के प्राथमिक विद्यालय मदजुड़ी में ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें न्याय पंचायत स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी दिलीप कुमार ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने विद्यार्थियों और शिक्षकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि उमंग कार्यक्रम छात्रों की प्रतिभाओं को उजागर करने और उनके सर्वांगीण विकास के लिए बेहतर मंच है। प्राथमिक स्तर की डिक्टेशन प्रतियोगिता में आकाश, लविश और देवांश ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर स्तर पर सचिन, अंशुल और आशिया विजेता रहे। वहीं, प्राथमिक स्तर की कहानी सुनाओ प्रतियोगिता में प्रयांशी, रश्मि और अनुष्का ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया। विजेता विद्यार्थियों को खंड शिक्षा अधिकारी दिलीप कुमार, मधुकर उपाध्याय और अनुज शर्मा ने पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया। प्रतियोगिताओं को नोडल एआरपी मचिन मिश्रा, रानी, सौरभ पाठक और मंजीत सिंह के निर्देशन में निष्पक्ष एवं सुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराया गया। निर्णायक मंडल में चंचल उपाध्याय, अंकुश गुप्ता, दीप्ति शुक्ला, अजीत सिंह, विपिन कुमार, सरोज शर्मा और सोनम शर्मा सहित अन्य शिक्षक शामिल रहे। इस अवसर पर साहू, सवेंद्र गुप्ता, चित्रा, सरिता शर्मा, रामनरेश मिश्रा, पुष्पेंद्र, सचिन शर्मा, हेमेंद्र गौतम, तनवीर हसन, संजय, विजय और मोहित आदि उपस्थित रहे।

# शीशम के पेड़ पर लकड़ी तोड़ते समय 11 हजार वोल्ट लाइन की चपेट में आया युवक, मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**उसहैत।** थाना क्षेत्र के दलेल नगर गांव में शुक्रवार को दर्दनाक हादसे में 32 वर्षीय युवक की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। युवक खेत में शीशम के पेड़ पर चढ़कर लकड़ी तोड़ रहा था। इसी दौरान पेड़ के ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन की चपेट में आने से वह बुरी तरह झुलस गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

मृतक जुलकरन (32) पुत्र अली अफसर ग्राम भसुन्दरा, थाना उसहैत का निवासी था। बताया गया कि वह दलेल नगर गांव के खेतों में स्थित शीशम के पेड़ पर लकड़ी तोड़ने के लिए चढ़ा था। पेड़ के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आते ही तेज करंट लगा और वह गंभीर रूप से झुलस गया। आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों ने घटना देखी तो मौके पर अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने तत्काल परिजनों और पुलिस को सूचना दी।


इसी हाई टेंशन की लाइन पर हुआ हादसा। -जागरण मोर्चा

जुलकरन की मौत की खबर घर पहुंचते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। बताया जा रहा है कि मृतक के छह छोटे बच्चे हैं। परिवार के कमाने वाले सदस्य की मौत से पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

सूचना पर पहुंची उसहैत थाना पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतरवाया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। पुलिस हादसे की जांच कर रही है। स्थानीय लोगों ने खेतों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइनों का निरीक्षण कर उन्हें सुरक्षित ऊंचाई पर दुरुस्त कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों की पुनरावृत्ति न हो।

# यूपीआई पर कर की चर्चा के विरोध में कांग्रेस का जन आक्रोश मार्च

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पुलिस-प्रशासन ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को परशुराम चौक पर रोका, नोकझोंक**

**बदायूं।** यूपीआई (UPI) पर कर लगाए जाने की चर्चा के विरोध में कांग्रेस ने शुक्रवार को केंद्र सरकार के खिलाफ जन आक्रोश मार्च निकाला। जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में दोपहर 12 बजे परशुराम चौक स्थित कांग्रेस कार्यालय से शुरू हुए मार्च में कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी की।

मार्च का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव मोरपाल प्रजापति ने किया। मार्च से पहले कांग्रेस कार्यालय पर गोष्ठी हुई। मुख्य वक्ता प्रदेश कांग्रेस कोऑर्डिनेटर एवं पूर्व जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह रहे। विशिष्ट अतिथि निवर्तमान प्रदेश सचिव जितेंद्र कश्यप और किसान कांग्रेस के प्रदेश महासचिव गौरव सिंह राठौर रहे। संचालन जिला उपाध्यक्ष वीरेश तोमर ने किया। ओमकार सिंह ने कहा कि डिजिटल ट्रांजेक्शन और यूपीआई को लेकर प्रस्तावित बदलावों व कथित कर के विरोध में यह मार्च निकाला गया है। उन्होंने इसे आम जनता की जेब पर अतिरिक्त बोझ बताया।

मार्च परशुराम चौक पहुंचा तो पुलिस-प्रशासन ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आगे जाने से रोक दिया। इस दौरान पुलिस और कांग्रेसियों के बीच नोकझोंक हुई। कार्यकर्ताओं ने वहीं नारेबाजी करते हुए केंद्र सरकार की नीतियों का विरोध किया। बाद में मजिस्ट्रेट को राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। जितेंद्र कश्यप और गौरव राठौर ने कहा कि सरकार डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने की बात करती है, ऐसे में यूपीआई पर किसी तरह का कर लगाने की चर्चा उचित नहीं है। वीरेश तोमर और जिला महासचिव इखलास हुसैन ने इसे "मोदी टैक्स" बताते हुए कहा कि इसका असर अंततः दुकानदारों के माध्यम से उपभोक्ताओं पर पड़ सकता है। युवा नेता एवं पूर्व जिला प्रवक्ता अरबाज रजी ने भी सरकार की नीति पर सवाल उठाए। इस दौरान अकिल अहमद, असद खान उर्फ टिंकू, ओमप्रकाश, आसमा, शराफत, सतीश, मुकेश समेत अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** | बेसिक स्कूलों के विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा, अभिभावकों को भी किया गया सम्मानित

# वजीरगंज में ब्लॉक स्तरीय उमंग प्रतियोगिता सम्पन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय

**वजीरगंज।** मुख्य विकास अधिकारी की पहल पर परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने और उनका आत्मविश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से संचालित 'उमंग—एक पहचान' प्रतियोगिता के तहत शुक्रवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र वजीरगंज में ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीएसए नवीन कुमार और बीईओ दिलीप कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

प्रतियोगिता में कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कक्षा एक, दो व तीन के विद्यार्थियों के लिए हिंदी एवं अंग्रेजी बाल कविता, कक्षा चार व पांच के लिए कहानी सुनाओ,



कार्यक्रम में बच्चों को सम्मानित करती सीडीओ गामिनी सिंगला। -जागरण मोर्चा

सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी एवं अंग्रेजी डिक्टेशन तथा कक्षा छह, सात व आठ के लिए भाषण, सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी, अंग्रेजी डिक्टेशन और हिंदी-अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिताएं कराई गईं। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा और ज्ञान का प्रदर्शन किया। सभी प्रतियोगिताएं निष्पक्ष निगरानी एवं वीडियोग्राफी के बीच कराई गईं। बीएसए नवीन कुमार ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति क्षमता, सामान्य ज्ञान, भाषा कौशल एवं रचनात्मक प्रतिभा का विकास करना है। बीईओ दिलीप कुमार ने कहा कि 'उमंग—एक पहचान' के माध्यम से परिषदीय विद्यालयों के बच्चों की छिपी प्रतिभाओं को सामने लाने, उनमें प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित करने तथा शैक्षिक एवं सह-शैक्षिक गतिविधियों के प्रति रुचि बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन शायर एवं शिक्षक डॉ. हिलाल बदायूँनी ने किया। उन्होंने अपने अंदाज में कहा— "यही जुनून, यही एक ख्वाब मेरा है, वहीं चिराग जला दूं जहां अंधेरा है।"


कार्यक्रम में मौजूद स्कूल के छात्र–छात्राएं। -जागरण मोर्चा

प्रतियोगिताओं में भावना, कृतिका, मानव, निकहत, अमिता, प्रगति, गोपी, सौम्या, देवेश, रूबी, चमन और नैना आदि विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया। वहीं सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थियों के अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उप्र प्राथमिक शिक्षक संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष विनेश मिश्रा, आरएसएम के ब्लॉक अध्यक्ष धीरज कुमार, इंद्रेश कुमार, एआरपी डॉ. हिलाल अहमद, राजेंद्र कुमार शर्मा, अनुप कुमार शर्मा सहित नोडल शिक्षक, निर्णायक मंडल, रंगोली टीम एवं कार्यालय स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

# रक्तदान से बचाई जा सकती है जरूरतमंद की जान, अंगदान से मिल सकता है नया जीवन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** जायंट्स ग्रुप ऑफ महिला समृद्धि की ओर से समाज सेवा एवं स्वास्थ्य जागरूकता के तहत नंदन क्लीनिक पर रक्तदान और अंगदान को लेकर गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें आमजन को रक्तदान और अंगदान के महत्व की जानकारी देने के साथ ही इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने के लिए जागरूक किया गया।

डॉ. कपिल गुप्ता ने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति 18 से 65 वर्ष की आयु तक रक्तदान कर सकता है। रक्तदान के माध्यम से जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने अंगदान को महादान बताते हुए कहा कि मृत्यु के बाद अंगदान के जरिए कई लोगों को नया जीवन दिया जा सकता है।



कार्यक्रम में मौजूद लोग। -जागरण मोर्चा

उन्होंने लोगों से स्वयं रक्तदान और अंगदान के लिए आगे आने के साथ ही अपने आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। कहा कि एक छोटा सा निर्णय किसी के जीवन में बड़ी खुशी ला सकता है। गोष्ठी में फेडरेशन ऑफिसर रूपम गुप्ता, ग्रुप अध्यक्ष कंचन सक्सेना, सचिव रुचि वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष रूबी अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष अंजलि अग्रवाल, पूर्व सचिव आंचल वार्ष्णेय, राखी वार्ष्णेय, पारूल अग्रवाल, डॉ. स्वाति रंजन, ॠतु साहनी, सरिता वार्ष्णेय, ममता यादव, रोजी अग्रवाल, मानसी गर्ग, शिवानी अग्रवाल, अंशिका गर्ग, स्मिता यादव, प्रीति वार्ष्णेय, रोचन अग्रवाल, राधिका अग्रवाल, रश्मि वार्ष्णेय और शिखा वार्ष्णेय आदि मौजूद रहीं

**एक नजर**



### दिव्यांग दफ्तर में सालों बाद स्थायी अधिकारी नियुक्त

**शाहजहांपुर।** जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण कार्यालय में शासन से स्थायी जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी के रूप में सृष्टि जायसवाल की नियुक्ति की गई है। उन्होंने अपना कार्यभार संभाल लिया है। इससे विभागीय योजनाओं को रफ्तार और आने वाली जनता, दिव्यांगों को सहूलियत मिलेगी। उन्होंने कार्यभार ग्रहण करने के बाद बताया कि उनकी प्राथमिकता रहेगी कि शासन की योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचे। दिव्यांगों को किसी तरह की दिक्कत न हो, इसको विशेष ध्यान रखा जाएगा।

# फर्जी प्रमाण पत्र बना तिलहर की मथुरा कंस्ट्रक्शन की गले की फांस

## नगर निगम ने ब्लैकलिस्ट कर जमानत राशि जब्त की, भदौरिया व मथुरा कन्सट्रक्शन की धोखाधड़ी पर निगम सख्त

जागरण मोर्चा कार्यालय




नगर पालिका परिषद तिलहर।



नगर निगम शाहजहांपुर।

**शाहजहांपुर।** नगर निगम में निविदा हासिल करने के लिए फर्जी प्रमाणपत्र लगाने के मामले में दो फर्मों पर कार्रवाई हुई है। मथुरा कंस्ट्रक्शन और भदौरिया कंस्ट्रक्शन को ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है। दोनों फर्मों की जमानत राशि भी जब्त कर ली गई है। भदौरिया कंस्ट्रक्शन के स्वामी सुनील सिंह के खिलाफ फर्जी अनुभव प्रमाणपत्र लगाने के मामले में पहले ही सदर बाजार थाने में मुकदमा दर्ज कराया जा चुका है। तिलहर के नितगंजा निवासी प्रदीप कुमार गुप्ता की फर्म मथुरा कंस्ट्रक्शन ने नगर निगम की निविदा में कई अभिलेख लगाए थे। इनमें 16 जनवरी को जारी दर्शाया गया चरित्र प्रमाणपत्र भी शामिल था। शिकायत के बाद प्रमाणपत्र की जांच कराई गई तो वह जिलाधिकारी कार्यालय से जारी होना नहीं पाया गया। इसके बाद नगर निगम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई शुरू की। मुख्य अभियंता निर्माण आशीष त्रिवेदी ने फर्म के प्रोपराइटर प्रदीप कुमार गुप्ता को नोटिस जारी कर तीन दिन में स्पष्टीकरण मांगा था। जवाब संतोषजनक नहीं मिलने पर नगर आयुक्त ने फर्म को ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जमानत राशि भी जब्त कर ली गई।

**तीन करोड़ के काम में लगाया था फर्जी अनुभव प्रमाणपत्र :** भदौरिया कंस्ट्रक्शन के स्वामी सुनील सिंह ने नगर निगम में काम हासिल करने के लिए फर्जी अनुभव प्रमाणपत्र लगाए थे। इन्हीं दस्तावेजों के आधार पर फर्म को करीब तीन करोड़ रुपये के काम मिलने का मामला सामने आया था। प्रकरण में सुनील सिंह के खिलाफ पहले ही मुकदमा दर्ज कराया जा चुका है। अब नगर निगम ने संबंधित फर्म को ब्लैकलिस्ट कर दिया है और उसकी जमानत राशि भी जब्त कर ली गई है।

**तिलहर नगर पालिका ने दर्ज कराया था मथुरा कन्स्ट्रक्सन पर मुकदमा :** मथुरा कंस्ट्रक्शन का फर्जी प्रमाणपत्र का मामला नगर पालिका तिलहर में भी सामने आ चुका है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में फर्म ने पालिका में 11 कार्य कराए थे। इनमें छह निविदाओं में कथित तौर पर फर्जी तरीके से तैयार किए गए चरित्र प्रमाणपत्र लगाने का मामला सामने आया था। सभासद कय्यूम खान की शिकायत पर जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने मामले की जांच कराई थी। जांच में फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार ने फर्म संचालक प्रदीप गुप्ता उर्फ दीपू के खिलाफ धोखाधड़ी की प्राथमिकी तिलहर कोतवाली में दर्ज कराई थी। मथुरा कन्सट्रक्शन का प्रोप्राइटर प्रदीप पर लंबा अरसा बीत जाने के बावजूद व्लैक लिस्ट की कार्रवाई में मैनेज करने के चलते ढील देने का कारण ठेकेदार का सत्ता पक्ष में जड़े गहरी होना बताया जा रहा है। प्रदीप की नगर पालिका परिषद के स्वच्छ भारत मिशन का ब्रांड अम्बेसडर भी रह चुका है 2017 में उसकी पत्नी सभासद का भाजपा से चुनाव लड़ चुकी है। किंतु दो प्रत्याशियों के मत एक बरावर होने पर लाटरी डाली गई जिसमें दूसरे प्रत्याशी का नाम निकलने पर उसे विजयी घोषित कर दिया गया। राजनीतिक घालमेल और पालिका में विभागीय सांठगांठ के चलते कोतवाली में दर्ज मुकदमें और ब्लैक लिस्ट की कारवाई में देरी कर मैनेजमेंट की कोशिश की जा रही है।

**नोटिस के जबाव का इंतजार :** नगर पालिका परिषद तिलहर के अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार का कहना है कि . प्रदीप कुमार को नोटिस लेकर एक हफ्ते में जवाब मांगा गया है जबाब आपका इंतजार किया जा रहा है जवाब मिलते ही नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी ।

## यातायात पुलिस ई रिक्शाओं पर की कार्रवाही, अवैध सीट हटवाई



शाहबाद में ई रिक्शाओं से अवैध सीट हटवाती यातायात पुलिस। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खबर का असर**

**शाहबाद।** नगर में ई-रिक्शाओं में क्षमता से अधिक स्कूली बच्चों को बैठाकर ले जाने की खबर प्रकाशित होने के बाद यातायात पुलिस हरकत में आ गई। शुक्रवार को नगर के मुख्य चौराहे पर यातायात पुलिस ने अभियान चलाकर ई-रिक्शाओं की जांच की। इस दौरान कई ई-रिक्शाओं में क्षमता बढ़ाने के लिए लगाई गई अवैध अतिरिक्त सीटों को कटर से काटकर हटवाया गया। पुलिस ने ई-रिक्शा चालकों को सख्त हिदायत दी कि वे निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियां, विशेषकर स्कूली बच्चों को न बैठाएं। साथ ही भविष्य में ई-रिक्शा में अतिरिक्त सीट लगाकर क्षमता बढ़ाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। कार्रवाई से ई-रिक्शा चालकों में हड़कंप मच गया। अभियान के दौरान टीएसआई प्रेम चंद्र, कांस्टेबल कुशल ढिल्लों, आरपी तोमर आदि रहे।

## हनुमत धाम में जले 11 हजार दीप, सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ

**शाहजहांपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर बुधवार को हनुमत धाम में विशेष दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। परिसर में 11 हजार दीप जलाए गए, जिससे पूरा हनुमत धाम दीपों की रोशनी से जगमगा उठा। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने पहुंचकर आशीर्वाद का दीप प्रज्ज्वलित किया। इस दौरान सेवा, समर्पण और जनकल्याण की भावना के साथ सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ भी किया गया। हजारों दीपों की रोशनी से हनुमत धाम का परिसर आकर्षक नजर आया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने दीप प्रज्ज्वलन के माध्यम से सेवा और जनकल्याण के संकल्प को आगे बढ़ाने का संदेश दिया।

# पुलिस अधीक्षक ने किया शाहबाद सीओ ऑफिस का वार्षिक निरीक्षण

- **वारंटियों की गिरफ्तारी को विशेष अभियान चला रही पुलिस : एसपी**
- **गौ तस्करों पर कसा जा रहा कड़ा शिकंजा: एसपी**

जागरण मोर्चा कार्यालय



शाहबाद में सीओ कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण करते एसपी अनिल कुमार सिंह।

**शाहबाद।** एसपी अनिल कुमार सिंह ने शुक्रवार को सलामी लेकर क्षेत्राधिकारी कार्यालय शाहबाद का वार्षिक निरीक्षण किया गया। वार्षिक निरीक्षण के दौरान कार्यालय में रखे गए विभिन्न अभिलेखों, उनमें दर्ज की जाने वाली प्रविष्टियों तथा उनके रख-रखाव एवं साफ-सफाई की स्थिति की बारीकी से जांच की गई। इसके साथ ही विभिन्न पोर्टलों की भी समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसपी अनिल कुमार ने बताया कि वह रामपुर में विशेष तौर से वारंटियों की गिरफ्तारी को लेकर अभियान चला रहे हैं इसके साथ-साथ गौ तस्करों पर भी शिकंजा कसा जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार का कहना है कि जनपद 6 सर्किलों के क्षेत्रधिकारियों को एससी एसटी एक्ट एवं दहेज अधिनियम की विवेचनाओं का जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्दश दिए गए है। वार्षिक निरीक्षण के दौरान सीओ देवकीनंदन, कोतवाल धनंजय सिंह आदि रहे।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन को युवा कांग्रेस ने मनाया बेरोजगार दिवस

जागरण मोर्चा कार्यालय



बेरोजगार दिवस मनाते युवा कांग्रेस कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

**शाहजहांपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर जिला युवा कांग्रेस ने गुरुवार को इसे राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस के रूप में मनाया। कार्यकर्ताओं ने पानीपुरी और मुंगफली का ठेला लगाकर बेरोजगारी और युवाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। जिला युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राम जी अवस्थी एडवोकेट ने कहा कि सरकार के कार्यकाल में लगातार पेपर लीक के मामले सामने आ रहे हैं। शिक्षा महंगी होने से गरीब परिवारों के बच्चों के लिए पढ़ाई मुश्किल हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरियों के अवसर भी कम हुए हैं, जिससे युवा निराश हैं। इसी के विरोध में प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर बेरोजगार दिवस मनाकर प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया गया। नगर अध्यक्ष तिलहर साद उल्ला खान ने कहा कि युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है और उनकी आवाज दबाई जा रही है। जिला महासचिव गौरव त्रिपाठी ने दिल्ली में युवाओं के आंदोलन के दौरान लाठीचार्ज का आरोप लगाते हुए इसे सरकार की युवा विरोधी नीति बताया। इस दौरान फुरकान अहमद कुरैशी, अनिल श्रीवास्तव, सईद अंसारी, शिवांश मिश्रा एडवोकेट, नितिन तिवारी, केशव मिश्रा, दानिश शेख, अनुराग, मोइन, अरबाब खान आदि मौजूद रहे।

## मंदिर की चौखट पर कट रही मासूम चंदन की जिंदगी

**शाहजहांपुर।** जन्म से दृष्टिहीन नौ वर्षीय चंदन सिंह की जिंदगी इन दिनों ओसीएफ मंदिर की चौखट पर गुजर रही है। करीब एक माह से मासूम अपने बुजुर्ग पिता रक्षपाल के साथ पन्नी के नीचे रहने को मजबूर है। सिर पर छत नहीं और भविष्य का कोई ठिकाना नहीं। ऐसे में मंदिर के सामने गुजरते दिन और रात ही पिता-पुत्र का सहारा बने हुए हैं। मासूम की बेबसी की जानकारी मिलने पर पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता रथिन सिन्हा मौके पर पहुंचे। उन्होंने जमीन पर बैठकर चंदन को दुलारा और उसके हालचाल जाने। परिवार को जरूरी सामान उपलब्ध कराया तथा चंदन के इलाज में मदद का भरोसा दिलाया। इस दौरान मासूम के चेहरे पर किसी अपने के मिलने की खुशी नजर आई।

# विधायक ने अंबेडकर पार्क पर किया श्रमदान




अंबेडकर पार्क में श्रमदान करते विधायक व अन्य अधिकारी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**तिलहर शाहजहांपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस परक्षेत्रीय भाजपा विधायक सलोन कुशवाहा ने अपनी टीम के साथ अंबेडकर पार्क पहुंचकर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत झाड़ू लगाकर पार्क की सफाई की और श्रमदान करके स्वच्छता के प्रति आम नागरिकों को जागरूक किया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार वरिष्ठ भाजपा नेता और किसान सहकारी चीनी मिल के उपसभापति दोदराम कुशवाहा कोतवाल प्रभाष चंद्र भाजपा नगर अध्यक्ष रोहित साहू भाजपा के जिला कार्यालय मंत्री एवं पूर्व पालिका उपाध्यक्ष सुशील बाबू गुप्ता नगर पालिका परिषद नामित सभासद आशीष शर्मा इस्लाम अलीशहीद नगर पालिका का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# मोदी के जन्मदिवस पर लगाया रक्तदान व निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

जागरण मोर्चा कार्यालय




निशुल्क स्वास्थ्य शिविर शाहजहांपुर। -जागरण मोर्चा

**शाहजहाँपुर।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी शाहजहाँपुर महानगर की ओर से स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय पं. राम प्रसाद बिस्मिल मेडिकल कॉलेज में रक्तदान एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत आयोजित हुआ।शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार एवं भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता ने किया। इस दौरान जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन डी.पी.एस. राठौर भी मौजूद रहे। राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन अंत्योदय और राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित है। उनके जन्मदिवस को समाज के प्रति दायित्व निभाने के संकल्प दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता ने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि रक्तदान जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों नागरिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों के परामर्श के साथ 20 से अधिक पैथोलॉजी जांचें मुफ्त की गईं। इनमें HbSAg, HCV, HIV, स्क्रब टाइफस, CBC, लेप्टोस्पाइरा, LFT, KFT, लिपिड प्रोफाइल, डेंगू, ब्लड शुगर, BT-CT, एस. यूरिक एसिड, RA फैक्टर, ASO टाइटर, ब्लड ग्रुप, यूरिन टेस्ट और MP विडाल समेत अन्य जांचें शामिल रहीं।

# क्षेत्रीय विधायक ने चामुंडा मंदिर पर की पूजा अर्चना

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहबाद।** नगर के मोहल्ला हकीमान में चामुंडा मंदिर परिसर में मंगल मूर्ति सेवा समिति की ओर से आयोजित गणेश उत्सव में शुक्रवार को श्रद्धा और भक्ति का माहौल रहा। कार्यक्रम में 38 मिलक विधानसभा क्षेत्र की विधायक राजबाला सहित भाजपा नेताओं ने पहुंचकर भगवान गणेश की प्रतिमा के दर्शन किए और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। विधायक राजबाला के साथ भाजपा नेता दिलीप सिंह, वरिष्ठ नेता सुरेश बाबू गुप्ता, अर्जुन सिंह भी मौजूद रहे। नेताओं के मंदिर पहुंचने पर समिति के सभी सदस्यों और मोहल्ले के लोगों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान काफी संख्या में मोहल्लेवासी मंदिर परिसर में मौजूद रहे। भगवान गणेश के दर्शन कर सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालु गणेश जी के जयकारे लगाते नजर आए। इस मौके पर मंगल मूर्ति सेवा समिति से जुड़े शिवा, मनीष बरनवाल, विक्की, राम (रोहित), सागर, हिमांशु, ध्रुव, आकाश, गुनगुन, करण, मुकेश, अभिमन्यु, उदय, सौरभ और सोनू आदि रहे।

## संक्षेप समाचार

### सपा नेता राही के नेतृत्व में उमड़ा लोगों का जनसैलाब




शाहबाद में पेरियार ई वी रामास्वामी की जयंती पर बोलते सपा नेता राधे श्याम राही। -जागरण मोर्चा

**शाहाबाद।** महान समाज सुधारक पेरियार ई .वी . रामास्वामी की जयंती के अवसर पर गुरुवार को शाहबाद स्थित वेलकम मैरिज हॉल में 'समाज जोड़ो' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता राधेश्याम राही के कुशल नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में भारी संख्या में जनसैलाब उमड़ पड़ा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सपा नेता राधेश्याम राही ने समाज की वर्तमान स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आज के दौर में हमारे समाज को कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। समाज के बेकसूर लोगों को झूठे मुकदमों में फंसाकर उनका उत्पीड़न किया जा रहा है, वहीं कुछ असामाजिक तत्व हमारे समाज पर अभद्र और अश्लील टिप्पणियां कर मनोबल तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। राही ने जोर देकर कहा कि इन विकट परिस्थितियों से निपटने का एकमात्र रास्ता एकजुटता है। समाज के सभी वर्गों और लोगों को अपने हक व अधिकार की लड़ाई लड़ने के लिए एक मंच पर आना होगा।

### नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने वाले युवक पर केस दर्ज

**शाहबाद।** कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी15 वर्षीय एक किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है कि 15 सितंबर 2026 की शाम करीब 4 बजे शाहनवाज़ नाम का युवक उनकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। आरोप है कि किशोरी घर से 20,000 की नकदी भी अपने साथ ले गई है। पुलिस ने युवती की मां की तहरीर पर आरोपी युवक के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

### तहसील रोड पर नाले में गिरी गाय को जेसीबी की मदद से सुरक्षित निकाला

**शाहबाद।** तहसील रोड पर नव शक्ति हॉस्पिटल के सामने बने एक गहरे नाले में एक गाय अचानक गिर गई। घटना की सूचना मिलते ही गौ रक्षा सेवा समिति के जिला अध्यक्ष सुंदरलाल पासवान और जिला संयोजक प्रकाश अपने तमाम सदस्यों के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। समिति के सदस्यों ने बिना समय गंवाए स्थानीय प्रशासन और जेसीबी मशीन की व्यवस्था की। काफी मशक्कत के बाद जेसीबी की मदद से गौमाता को नाले से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। गाय को सुरक्षित निकाले जाने पर स्थानीय लोगों ने गौ रक्षा सेवा समिति के इस त्वरित कार्य की जमकर सराहना की।

### युवक को सांप ने डसा, अस्पताल में भर्ती

**शाहबाद।** शुक्रवार को मकान में काम करते समय ईंटे हटाते वक्त युवक को सांप में डस लिया। कोतवाली क्षेत्र के अनवा गांव निवासी मनोज कुमार मकान में ईंट हटा रहे थे, इसी दौरान ईंटों के नीचे छिपे सांप ने उनके हाथ में डस लिया। सांप के काटने के बाद मनोज की हालत बिगड़ने लगी। परिजन उन्हें तत्काल सीएचसी शाहबाद लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने मनोज को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### आपदाओं से निबटने की तैयारियों के लिए की गई मॉक ड्रिल



मॉक ड्रिल के दौरान तैयारियों को चेक करते अधिकारी। -जागरण मोर्चा

**शाहबाद।** शुक्रवार को आपदाओं से निबटने की तैयारियों को लेकर बिलारी रोड स्थित शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज में मॉक ड्रिल की गई। मॉक ड्रिल के दौरान एसडीएम आदेश कुमार, सीओ देवकीनंदन और तहसीलदार अमित कुमार सहित विभिन्न विभागों की टीम मौजूद रही। मॉक ड्रिल में एसडीआरएफ, वायरलेस, अग्निशमन विभाग, चिकित्सा विभाग और सिविल पुलिस के कर्मचारियों ने सहभागिता की। अभ्यास के दौरान भूकंप अथवा आग जैसी आपात स्थिति में बचाव एवं राहत कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने का प्रदर्शन किया गया। संबंधित टीमों ने आपदा की स्थिति में लोगों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने, प्राथमिक उपचार देने तथा राहत एवं बचाव कार्य करने की प्रक्रिया का अभ्यास किया। अधिकारियों ने कहा कि इस तरह की मॉक ड्रिल से आपदा के समय त्वरित कार्रवाई करने में मदद मिलती है। साथ ही विद्यालय के कर्मचारियों और छात्रों को भी सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक किया गया।

### विधायक राजबाला सिंह ने अस्पताल में झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश



सीएचसी परिसर में झाड़ू लगाकर सफाई करतीं क्षेत्रीय विधायक राजबाला सिंह।

**शाहबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के मौके पर सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक राजबाला सिंह ने शाहबाद के सीएचसी परिसर में साफ सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया। साथ ही साथ विधायक ने सीएचसी में भर्ती मरीजों को फल वितरित कर उनका हाल-चाल जाना। वहीं लाभार्थियों को आयुष्मान भारत कार्ड का भी वितरण किया गया। विधायक राजबाला सिंह ने तहसील पहुंचकर मुख्यमंत्री राहत कोष के अंतर्गत पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता के चेक प्रदान किए। इस मौके पर विधायक पति दिलीप लोधी, एसडीएम आदेश कुमार, वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश बाबू गुप्ता, के.पी. सिंह, दर्शन लोधी , वेद प्रकाश चंद्रवंशी, मनीष शर्मा, सुनील ठाकुर, गोपाल मिश्रा, भुकन लाल, संजीव कृष्ण, अनु रावत, शिवा राणा, अर्जुन आदि रहे।






# म्यूजिकल नाइट में कलाकारों ने बिखेरा संगीत का जलवा

## श्री भूपाल रंगमंच पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** मेला गणेश चौथ महोत्सव के अंतर्गत श्री गणेश मेला परिषद द्वारा मेला ग्राउंड स्थित श्री भूपाल रंगमंच पर म्यूजिकल नाइट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि बहजोई से भाजपा नेता विकास वार्ष्णेय तथा विशिष्ट अतिथि बिसौली से समाजसेवी नीरज साईं ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम का संचालन सर्वेश चीनी ने किया। म्यूजिकल नाइट में प्लेबैक सिंगर आमिर शेख, हरिद्वार उत्तराखंड की सिंगर गुनगुन शर्मा, अलीगढ़ की सिंगर सरगम, दिल्ली के सिंगर मियाज तथा अलीगढ़ के सिंगर रियाज मैक्स सहित म्यूजिकल बैंड के कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन किया। वहीं कानपुर से आए कॉमेडियन अमित बिहारी ने अपनी हास्य प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में लॉफ्टर का तड़का लगाया। कार्यक्रम में सहयोगी के रूप में दृगपाल सिंह, सुधांशु शर्मा, साकेत अग्रवाल, अनमोल वार्ष्णेय, अनुज वार्ष्णेय, अमित पाठक, ऋषभ अग्रवाल, सुबोध गुप्ता रामा, संजीव बाबू, पंकज वार्ष्णेय, श्री गोवर्धन सेवा समिति बहजोई के सदस्य आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर श्री गणेश मेला परिषद के मुख्य सचिव हरिगोपाल वार्ष्णेय, ललित किशोर गुप्ता, सुधीर गुप्ता, रविंद्र कुमार, मनोज गुप्ता, डॉ. राजीव गुप्ता, विनय सर्राफ, एडवोकेट लोकेन्द्र शर्मा, प्रजीत कुमार, मेजर शशिकांत गुप्ता, सतेन्द्र 'मामा', मुकेश वार्ष्णेय, प्रभात कृष्णा, प्रफुल्ल कुमार, राहुल चौधरी, संजय गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, डॉ. शेखर वार्ष्णेय, सुशांत गुप्ता, प्रतीक वार्ष्णेय, शुभम अग्रवाल, हाजी इश्तयाक बेग, मो. फईमुद्दीन, आशुतोष वार्ष्णेय, धर्मेश, प्रमोद गुरु, आकाश शर्मा आदि उपस्थित रहे।


प्रस्तुति देता कलाकार। -जागरण मोर्चा


कार्यक्रम में उपस्थित लोगों की भीड़। -जागरण मोर्चा


चंदौसी के गणेश चौथ मेले में रासलीला का मंचन करतें कलाकार। -जागरण मोर्चा

### रासलीला में हुआ कालिया नाग नाथन का मंचन

**चंदौसी।** मेला गणेश चौथ के गजानन सभागार में शुक्रवार को वृंदावन के कलाकारों ने कालिया नाग नाथन लीला का मनोहारी मंचन किया। लीला में कंस के कहने पर नंद बाबा को एक लाख कमल के फूल लाने का पत्र भेजे जाने की कथा दिखाई गई। श्रीकृष्ण ग्वाल-बालों के साथ यमुना किनारे पहुंचे। खेलते समय गेंद यमुना में गिर गई, जिसे निकालने के लिए श्रीकृष्ण नदी में कूद पड़े। वहां उनका सामना कालिया नाग से हुआ। काफी देर चले युद्ध में श्रीकृष्ण ने कालिया नाग को पराजित कर उसके फन पर पैर रखकर यमुना से बाहर निकले। इसके बाद कालिया नाग यमुना छोड़कर चला गया। लीला देखकर देर रात तक दर्शक मंत्रमुग्ध रहे।


चंदौसी के गणेश चौथ मेले में शतरंज प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी।

### शतरंज प्रतियोगिताः 10 खिलाड़ी प्री-क्वार्टर फाइनल में

**चंदौसी।** मेला गणेश चौथ के तत्वावधान में जीके सिल्वर स्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल मेला ग्राउंड में चल रही शतरंज प्रतियोगिता के दूसरे दिन प्रथम व द्वितीय चक्र के मुकाबले हुए। प्रतियोगिता स्व. राजेंद्र कुमार रज्जु व स्व. शिशुपाल वार्ष्णेय की स्मृति में आयोजित हो रही है। शुभारंभ गणेश प्रतिमा पर पुष्पार्पण, दीप प्रज्ज्वलन और गणेश वंदना से हुआ। 64 खिलाड़ी प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं। द्वितीय चक्र में आदित्य शंखधार, शाकिब, मानविक कठेरिया, चंद्रपाल सिंह, काजिम, ईशान सक्सेना, आयुष दीक्षित, बशर मलिक, अभय कुमार और अनमोल ने जीत दर्ज कर तीसरे चक्र में प्रवेश किया।

# निशुल्क शिविर में बच्चों का नेत्र-परीक्षण


चंदौसी मे जायंट्स ग्रुप ऑफ महिला नव शक्ति के नेत्र परीक्षण में बच्चों का चैकअप करते चिकित्सक। -जागरण मोर्चा

### जायंट्स ग्रुप ऑफ महिला नव शक्ति ने किया कार्यक्रम का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** जायंट्स ग्रुप आफ महिला नव शक्ति के तत्वाधान में सेवा सप्ताह के अंतर्गत मौलागढ़ स्थित कैंब्रिज पब्लिक स्कूल में बच्चों के नेत्र परीक्षण के लिए निशुल्क शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके किया गया। नेत्र परीक्षण सरकारी चिकित्सालय के नेत्र विशेषज्ञ डॉ एमपी सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने बच्चों को आंखों के सही रख-रखाव व आंखों से संबंधित होने वाली बीमारियों के बारे में बताया। कुछ बच्चे आंखों की गंभीर बीमारी से पीड़ित थे उन्हें ऑपरेशन की सलाह दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता शुभ्रा शर्मा ने की। इस अवसर पर की रश्मि वर्मा, शुभ्रा शर्मा, सरोज शर्मा, खुशबू शर्मा, माधुरी शर्मा, अभिलाषा प्रजापति, कांता शर्मा, शालिनी वैश्य, सपना गुप्ता, प्रिया मखीजा, बबीता अग्रवाल, रेखा शर्मा, रचना गुप्ता, रानी शर्मा, आदि सदस्य मौजूद रहे।

# ट्रेन से गिरे युवक की उपचार के दौरान मेरठ में हुई मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** मुरादाबाद चंदौसी रेलवे मार्ग पर राजा का सहसपुर व कुंदरकी के बीच युवक सद्भावना एक्सप्रेस से गिर गया जिसे उपचार के लिए परिजन मेरठ ले गए युवक की शुक्रवार की सुबह उपचार के दौरान मौत हो गई घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली क्षेत्र के गोलागंज निवासी गोपाल पाल 25 बर्ष पुत्र रामदास का सौरभ पुत्र रामौतार निवासी भेड़िया वाला ताल रोड दोस्त है गोपाल अपने दोस्त को 9 सितंबर की रात पिता की तबीयत खराब होने की बात कहकर रात 12 बजे सद्भावना एक्सप्रेस से मुरादाबाद ले जा रहा था सौरभ ने रात 2 बजे अपने दोस्त के बड़े भाई आशीष को फोन से सूचना दी कि राजा का सहसपुर व कुंदरकी के बीच गोपाल ट्रेन से गिर गया है सूचना मिलने पर गौरव के परिजन व जीआरपी मौके पर पहुंची और काफी तलाश के बाद गोपाल घायल अवस्था में मिला जिसे पहले उपचार के लिए कुंदरकी के सीएचसी ले जाया गया जहां से मुरादाबाद रेफर कर दिया परिजन घायल को मुरादाबाद लेकर पहुंचे जहां हालत खराब होने पर चिकित्सक ने मेरठ रेफर कर दिया घायल का उपचार मेरठ में कराया जा रहा था जहां शुक्रवार की सुबह 3 बजे गोपाल ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया घटना से परिजनों में कोहराम मच गया मेरठ में ही शव का पोस्टमार्टम कराया गया घटना के बाद से सौरभ का फोन बंद आ रहा है शुक्रवार की देर शाम परिजन शव आने का इंतजार कर रहे थे मृतक पांच भाइयों में तीसरे नंबर का है मां दुलारी व अन्य परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल बना हुआ है।

# दिलचस्प होती जा रही कैरम प्रतियोगिता

### मेला गणेश चौथ में किया जा रहा प्रतियोगिता का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** मेला गणेश चौथ महोत्सव के अंतर्गत पूर्व मेला मुख्य सचिव स्व. कमलेश चौधरी की पुण्य स्मृति में आयोजित चार दिवसीय कैरम प्रतियोगिता का आयोजन दूसरे दिन भी मेला ग्राउंड स्थित जीके सिल्वर स्टोन स्कूल में जारी रहा। दूसरे दिन एकल वर्ग में फैजान बनाम मोबिन तथा सिद्धार्थ बनाम जैनुल के बीच मुकाबले हुए। वहीं डबल वर्ग में मशरूर एंड पार्टनर बनाम फईम एंड पार्टनर तथा उवेश एंड पार्टनर बनाम शैंकी एंड पार्टनर के बीच रोमांचक मुकाबले खेले गए। प्रतियोगिता में यासीन, खुशनूर एवं फरहान ने अंपायरिंग की। हारून मसरूर एवं शानू ने रेफरी की भूमिका निभाई। मुजफ्फर अली ने स्कोरिंग तथा लोकेन्द्र शर्मा एडवोकेट ने थर्ड अंपायरिंग का दायित्व संभाला। इस अवसर पर श्री भूपाल गणेश मंदिर ट्रस्ट एवं श्री गणेश मेला परिषद के मुख्य सचिव हरिगोपाल वार्ष्णेय, ललित किशोर गुप्ता, सुधीर गुप्ता, रविंद्र कुमार, मनोज गुप्ता, डॉ. राजीव गुप्ता, विनय सर्राफ, प्रजीत कुमार, शशिकांत गुप्ता, सतेन्द्र मामा, मुकेश वार्ष्णेय, प्रभात कृष्णा, प्रफुल्ल कुमार, राहुल चौधरी, संजय गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, डॉ. शेखर वार्ष्णेय, सुशांत गुप्ता, प्रतीक वार्ष्णेय, शुभम अग्रवाल, हाजी इश्तयाक बेग, मो. फईमुद्दीन, आशुतोष वार्ष्णेय, धर्मेश, प्रमोद गुरु, आकाश शर्मा आदि उपस्थित रहे।


चंदौसी के गणेश चौथ मेले में कैरम प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी।

# दूसरों की जान बचाने को किया रक्तदान

- जायंट्स ग्रुप ऑफ़ वेस्ट के सेवा सप्ताह के अंतर्गत हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** जायंट्स ग्रुप ऑफ़ वेस्ट के सेवा सप्ताह के अंतर्गत दूसरे दिन मोहन पैथोलॉजी स्टेशन रोड पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 35 लोगों ने ब्लड दिया शुक्रवार को कार्यक्रम का उद्घाटन सीएमओ डॉ तरुण पाठक ने किया। उन्होंने बताया कि रक्तदान देने के बहुत फायदे होते हैं। हर तीन महीने बाद ब्लड बन जाता है। हम अपने आपको बचा सकते हैं। रक्त देने से हमारा वजन भी कम होता है। डॉ श्याम गोआनी ने बताया आदमी को साल में दो बार खून अवश्य देना चाहिए ताकि गंदा खून बाहर निकले और रेड कैप कैप्सूल ब्लड शरीर को मिले।अध्यक्ष संगीता भार्गव ने बताया क्या आपका कुछ मिनट का समय किसी की पूरी जिंदगी बचा सकता है। हीरो वही होता है जो किसी की जान बचाता है। आज के रक्तदान शिविर में रक्त देने वाले सदस्य अंशुल नागर, प्रीति शर्मा, काजल शालू, रीना दिया, सीमा, ज्योति, विमला, गौरव, दीक्षा, रक्षा आदि शामिल रहे। कार्यक्रम में क्लब की डीओए नीरन मोहित, एके नागर, प्रवीण अग्रवाल, विष्णु एरन, मोनिका गोआनी, अनुराग भार्गव आदि मौजूद रहे।


जायंट्स ग्रुप ऑफ वेस्ट के सेवा सप्ताह के रक्तदान शिविर में रक्तदान करते लोग।

# कार की टक्कर से बाइक सवार मां बेटा घायल

**चंदौसी।** थाना बनियाठेर क्षेत्र में बहजोई मार्ग स्थित मंझावली के पास शुक्रवार दोपहर कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार मां-बेटा घायल हो गए। दोनों को 108 एंबुलेंस से चंदौसी सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। गांव नागलिया बल्लू निवासी रामादेवी पत्नी ओमपाल सिंह अपने पुत्र के साथ बाइक से इस्लामनगर, बदायूं जा रही थीं। दोपहर करीब एक बजे मंझावली के पास सामने से आ रही कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों घायल हो गए। सूचना पर परिजन भी सीएचसी पहुंच गए। वहीं पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार चालक को हिरासत में ले लिया और कार को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी।

# भूकंप-आग से बचाव का पूर्वाभ्यास का आयोजन


भूकंप-आग से बचाव का पूर्वाभ्यास करते स्वास्थ्य विभाग और दमकल कर्मी टीम।


भूकंप-आग से बचाव के पूर्वाभ्यास में घायल हुए युवक का उपचार करते चिकित्सक।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** सीएचसी में शुक्रवार की दोपहर 12 बजे भूकंप और आग से बचाव के लिए एक पूर्वाभ्यास किया गया। जिसमें जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने यह अभ्यास कराया, जिसमें आपदा के समय राहत और बचाव कार्यों की तैयारियों को जांचा गया।

इस पूर्वाभ्यास के दौरान सीएचसी के एक कमरे में आग लगने का काल्पनिक दृश्य बनाया गया। आग की सूचना मिलते ही सीएचसी प्रभारी डॉ. हरविंदर सिंह ने तुरंत फायर ब्रिगेड और प्रशासन को जानकारी दी। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। कमरे में फंसे एक मरीज को तुरंत सुरक्षित बाहर निकालकर एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया। पूर्वाभ्यास में आपात स्थिति में सूचना देने, फायर ब्रिगेड के पहुंचने, मरीज को सुरक्षित निकालने और एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाने की पूरी प्रक्रिया का अभ्यास किया गया। इसमें अलग-अलग विभागों के बीच तालमेल और तेजी से काम करने की तैयारियों को भी जांचा गया। इस मौके पर एसडीएम आशुतोष तिवारी, सीएफओ कृष्णकांत ओझा, नायब तहसीलदार रजत कुमार और प्रभारी निरीक्षक संत कुमार समेत कई अधिकारी मौजूद थे। अधिकारियों ने आपदा के समय तुरंत राहत और बचाव कार्य सुनिश्चित करने के लिए जरूरी निर्देश दिए। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का मकसद भूकंप और आग जैसी आपात स्थितियों में लोगों की जान-माल की सुरक्षा के लिए तैयारियों को परखना था।

मेला गणेश चौथ | 125 छात्र-छात्राओं ने किया प्रतियोगिता में प्रतिभा

# चित्रकला प्रतियोगिता में गोविंद ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** मेला गणेश चौथ महोत्सव के अंतर्गत श्री गणेश मेला परिषद द्वारा मेला ग्राउंड स्थित श्री भूपाल रंगमंच परिसर में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन स्व. पंचगोपाल वार्ष्णेय की पुण्य स्मृति में 'गणपति बाबा के नृत्य' थीम पर किया गया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन स्व. पंचगोपाल वार्ष्णेय के पुत्र कनक वार्ष्णेय ने मेला परिषद के पदाधिकारियों के साथ फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक सम्भल सीपी सिंह सपरिवार उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में नगर के विभिन्न विद्यालयों से कक्षा 6, 7 एवं 8 के 125 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग करते हुए गणपति बाबा के नृत्य थीम पर अपनी कल्पनाशीलता एवं कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने रंगों और रेखाओं के माध्यम से भगवान गणेश के विभिन्न मनोहारी स्वरूपों को कागज पर जीवंत रूप प्रदान किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में बीएमजी गर्ल्स इंटर कॉलेज की सहायक अध्यापिका मंजू वैश्य तथा इंटरमीडिएट कॉलेज बहजोई के सहायक प्रवक्ता पंचम सिंह रहे। निर्णायक मंडल द्वारा विद्यार्थियों की चित्रकला में विषय की प्रस्तुति, रचनात्मकता, रंग संयोजन एवं कलात्मक अभिव्यक्ति के आधार पर मूल्यांकन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार नानकचंद आदर्श इंटर कॉलेज से गोविंद, द्वितीय पुरस्कार जगदीश शरण सरस्वती शिशु एवं विद्या मंदिर से वासु गुप्ता, तृतीय पुरस्कार आरके स्कूल से काव्या यादव तथा 7 प्रतिभागियों ने विशेष सांत्वना पुरस्कार ने प्राप्त किया। वहीं शेष 115 प्रतिभागियों को गिफ्ट पैक एवं सांत्वना पुरस्कार प्रदान दिए गए। प्रतियोगिता का संचालन हरीश कठेरिया तथा संयोजन डॉ राजीव गुप्ता और जयशंकर दुबे ने किया। इस अवसर पर श्री गणेश मेला परिषद के मुख्य सचिव हरिगोपाल वार्ष्णेय, ललित किशोर गुप्ता, सुधीर गुप्ता, रविंद्र कुमार, मनोज गुप्ता, डॉ. राजीव गुप्ता, विनय सर्राफ, एड. लोकेंद्र शर्मा, प्रजीत कुमार, शशिकांत गुप्ता, सतेन्द्र मामा, मुकेश वार्ष्णेय, प्रभात कृष्णा, प्रफुल्ल कुमार, राहुल चौधरी, संजय गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, डॉ. शेखर वार्ष्णेय, सुशांत गुप्ता, प्रतीक वार्ष्णेय किट्टू, शुभम अग्रवाल, हाजी इशत्याग बेग, मो. फईमुद्दीन, आशुतोष वार्ष्णेय, धर्मेश आदि उपस्थित रहे।


चंदौसी के गणेश चौथ मेले पर चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी। -जागरण मोर्चा

# बुग्गी से टकराई बाइक चालक घायल, रेफर

**चंदौसी।** बनियाठेर क्षेत्र के भुलाबाई होटल के पास बाइक में आगे चल रही बुग्गी को टक्कर मार दी हादसे में बाइक सवार घायल हो गया जिसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। महेश पुत्र सोमपाल सिंह निवासी गांव हमजापुर थाना बिलारी गुरुवार की रात 8 बजे बिसौली से अपने घर बाइक पर सवार होकर लौट रहा था जब बाइक सवार बनियाठेर क्षेत्र के मुरादाबाद रोड स्थित भुलावई होटल के पास पहुंचा तो आगे चल रही बुग्गी से उसकी बाइक टकरा गई हादसे में बाइक सवार घायल हो गया जिसे 108 एंबुलेंस ने उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया घटना की सूचना मिलने पर घायल के परिजन भी सीएचसी पहुंच गए।



चंदौसी गोशाला में गायों की सेवा करतीं जायंट्स ग्रुप के पदाधिकारी।

# जायंट्स और संकल्प ग्रुप ने सेवा सप्ताह के पहले दिन खिलाया गायों को चारा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** सेवा सप्ताह के पहले दिन की गई गौसेवा जायंट्स ग्रुप वुमेन शिखर, संकल्प जीवन धारा ग्रुप ने संयुक्त रूप से शुक्रवार को सेवा सप्ताह के पहले दिन गौ सेवा ग्रुप के सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और गाय को हरा चारा, गुड़, चना खिलाकर गौ सेवा की गौ सेवा करना पूर्ण कार्य माना जाता है।

इस मौके पर ग्रुप अध्यक्ष नीतू रस्तोगी, संकल्प ग्रुप अध्यक्ष नूतन अग्रवाल, जीवन धारा ग्रुप अध्यक्ष सुजाता शर्मा, सचिव शालिनी शर्मा, विमलेश सैनी, सीमा अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



## गीता सार

**मनुष्याणां सहस्रेषु कश्चिद्यतति सिद्धये।**
**यततामपि सिद्धानां कश्चिन्मां वेत्ति तत्वतः॥**

**भावार्थ :** हजारों मनुष्यों में से कोई एक मेरी प्राप्ति रूपी सिद्धि की इच्छा करता है और इस प्रकार सिद्धि की प्राप्ति के लिए प्रयत्न करने वाले मनुष्यों में से भी कोई एक मुझको तत्व रूप से साक्षात्कार सहित जान पाता है।

# ट्रंप-शी की मुलाकात

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के सिंतबर में मिलने के आसार बन रहे हैं। इन दोनों की बैठक सितंबर के अंत में प्रस्तावित है। दोनों देशों के बीच लंबे समय से चल रहे व्यापार तनाव के बीच दोनों देशों की ट्रेड टीमें टैरिफ कम करने की दिशा में बातचीत कर रही हैं। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने कहा है कि दोनों देशों के आर्थिक और व्यापार अधिकारी संबंधित मुद्दों पर लगातार संपर्क में हैं। इस बैठक के दौरान कुछ खास अमेरिकी उत्पादों पर चीन की ओर से लगाए गए टैरिफ को कम करने का मुद्दों को उठाया जाएगा, जिनमें अमेरिकी ऊर्जा और एग्रीकल्चर प्रोडक्ट भी शामिल हैं। इससे अमेरिकी किसानों और एनर्जी



कंपनियों के लिए चीन का बाजार फिर से ज्यादा उपलब्ध हो सकता है। चीन से अमेरिका जाने वाले कुछ सामान और इंडस्ट्रीज इनपुट पर भी टैरिफ कम करने की संभावना पर चर्चा हो रही है। दोनों पक्ष 30 अरब डॉलर के व्यापार से जुड़े पहले से तय ढांचे के तहत अलग-अलग उत्पादों की सूची तैयार करने की जानकारी सामने आ रही है। चीन के वाणिज्य मंत्रालय के प्रवक्ता ने नियमित प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि दोनों देशों की आर्थिक और व्यापार टीमें संबंधित मुद्दों पर लगातार बातचीत कर रही हैं। आपसी टैरिफ कटौती की व्यवस्था को आगे बढ़ाने के लिए कंपनियों, कारोबारी संगठनों और स्थानीय सरकारों से सुझाव मांगे थे। जुलाई में चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने कहा था कि दोनों देश इस ढांचे की अंतिम व्यवस्था पर जल्द सहमति बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ को लेकर बातचीत ऐसे समय हो रही है जब दोनों देश पहले से चले आ रहे व्यापार युद्ध को नियंत्रित रखने की कोशिश कर रहे हैं। प्रस्तावित टैरिफ कटौती पर सहमति बनती है तो इससे दोनों देशों के बीच व्यापारिक तनाव कम करने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा सकता है। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि ट्रंप और शी की बैठक के बाद व्यापार युद्ध विराम की अवधि कितनी बढ़ेगी या दोनों देशों के बीच कितना बड़ा समझौता होगा। टैरिफ के अलावा रेयर मिनरल, तकनीक, सेमीकंडक्टर और दूसरे आर्थिक मुद्दे भी दोनों देशों के लिए महत्वपूर्ण बने हुए हैं। ताजा रिपोर्टों के अनुसार, दोनों देशों के अधिकारी इस मुलाकात से पहले कई आर्थिक और व्यापारिक मुद्दों पर बातचीत कर रहे हैं। यह तो सर्वविदित है कि ट्रंप एवं जिनपिंग दोनों ही विश्वभर में अपना-अपना दबदबा बनाए रखना चाहते हैं। दोनों ही अपनी अपने लिए अधिक रियायतों की उम्मीद भी करेंगे। देखना होगा कि, विश्व की दो महाशक्तियां अपने-अपने देशों के हित साधने के लिए किन-किन मुद्दों पर सहमति बना पाती हैं।

## भारत-रूस रक्षा सौदे

# उनके प्रस्ताव, हमारी शर्तें...!!



**संजय श्रीवास्तव**

> रक्षा बिक्री और सहयोग के संदर्भ में रूसी प्रस्तावों पर चर्चा वैश्विक है। क्या भारत इन लुभाऊ प्रस्तावों में से ज्यादातर को मान लेगा? क्या यह खरीदारी उसे एक बार फिर रूसी रक्षा सामग्री के प्रति अति निर्भरता की ओर धकेल देगी और इस क्षेत्र की आत्मनिर्भरता खतरे में पड़ेगी? क्या रूस का सहयोग सब प्रकार से निरापद और वर्तमान रक्षा परिदृश्य में भारतीय रक्षा को चीन पाकिस्तान के सामने सबल बनाने में सहायक होगा? रूस ने भारत के आगे सैन्य सहयोग के व्यापक प्रस्ताव और महत्वाकांक्षी बिक्री पैकेज में पांचवीं पीढ़ी के 75 सुखोई-57ई लड़ाकू विमान, सुखोई एमकेआई बेड़े का 'सुपर सुखोई' में अपग्रेड, शेष बचे एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम की त्वरित आपूर्ति के अलावा पेंट्सिर-एस1एम शॉर्ट-रेंज मिसाइल सिस्टम, पट्टे पर अकुला-क्लास परमाणु पनडुब्बी और वोरोनिश-एम अर्ली वार्निंग रडार तकनीक की पेशकश शामिल है।

निस्संदेह नए प्रस्तावों को लेकर उत्साह स्वाभाविक है, लेकिन जब बात राष्ट्रीय सुरक्षा और भारी खर्च की हो तो उत्साह से अधिक खरीदे जाने वाले हथियारों की क्षमता, लागत, आपूर्ति में लगने वाले समय, उसकी वर्तमान तकनीक और किसी एक देश पर दीर्घकालीन निर्भरता के बारे में ठहरावभरा आंकलन आवश्यक है। पिछले दिनों रक्षा अधिग्रहण परिषद की ओर से तीनों सेनाओं के लिए करीब 1.10 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी गई, खरीद की यह मंजूरी मात्र सैद्धांतिक प्रशासनिक स्वीकृति थी, इसी तरह रूस द्वारा भारत को फिलहाल प्रस्ताव दिया गया है, भारत खरीदारी करने ही जा रहा है, ऐसा नहीं है। पहले किए गए कुछ सौदे जो पूरे होने को हैं, उनको छोड़कर बाकी रूसी प्रस्तावों को वह समझ-बूझकर ही फाइनल करेगा कि किसे आवश्यकतानुसार प्राथमिकता में रखा जाए किस पर कड़ी तकनीकी-आर्थिक शर्तों के साथ विचार किया जाए एवं किन से दीर्घकालिक दूरी बनाई जाए। अपने 260 से ज्यादा सुखोई-30 विमानों को अगर लंबे समय तक कार्यक्षम रखना है, तो उनके 'सुपर सुखोई' के रूप में अपग्रेडेशन पर आगे बढ़ना ही होगा। नए विमान खरीदने के बजाय मौजूद प्लेटफॉर्म को अधिक सक्षम बनाने के तौरपर यह प्रस्ताव व्यावहारिक है। रूस करीब 11 अरब डॉलर के व्यापक उन्नयन प्रस्ताव के साथ सामने है। पांचवें एस-400 की लंबित आपूर्ति के अलावा अतिरिक्त एस-400 खरीद भी व्यावहारिक विकल्प है। भारत पहले से इस प्रणाली का संचालन कर रहा है, इसलिए प्रशिक्षण, रख-रखाव और परिचालन ढांचा मौजूद है। इसी तरह पेंटसिर-एस1एम का प्रस्ताव भी उपयोगी है। मगर इसे एस-400 के विकल्प की बजाए कम दूरी की 'प्वाइंट डिफेंस' लेवल के बतौर देखना होगा। ड्रोन, क्रूज मिसाइल और कम ऊंचाई वाले लक्ष्यों से एस-400 जैसे महंगे सिस्टम की सुरक्षा के लिए एक ऐसे स्तर या सुरक्षा परत का अपना महत्व है। भारत अतिरिक्त एस-400 लेता है, तो पेंटसिर को पूरक क्षमता के रूप में देखना तार्किक



इमेज

होगा। चीन की बढ़ती क्षमताओं को देखते हुए यह तर्क सम्मत है। सबसे अधिक आकर्षक लगने वाला प्रस्ताव है कथित तौरपर 75 सुखोई- 57ई विमानों की खरीद। रूस तैयार विमान बेचने के साथ भारत में उत्पादन और तकनीक हस्तांतरण की पेशकश कर रहा है। यदि सुखोई-57 केवल रूस से हिस्सों में मिला विमान हो और भारत में उसका असेंबली, उत्पादन हो तो आत्मनिर्भरता का लाभ सीमित होगा। पर अगर एचएएल, डीआरडीओ, बीईएल और निजी भारतीय कंपनियां एवियोनिक्स, इलेक्ट्रोनिक वारफेयर, संचार, वेपन इंटीग्रेशन और मेंटीनेंस रिपेयरिंग और ओवरहॉल में वास्तविक तकनीकी भूमिका पाती हैं, तो यह सौदा भारत के एयरोस्पेस उद्योग के लिए बहुत उपयोगी होगा। मगर प्रस्ताव को स्वीकारने से पूर्व रक्षा मंत्रालय को 2018 की एफजीटीए परियोजना से मिले सबक नहीं भूलने चाहिए। उस समय विमान की स्टील्थ क्षमता, इंजन, एवियोनिक्स, सॉफ्टवेयर सोर्स कोड्स तथा तकनीक हस्तांतरण को लेकर भारतीय चिंताओं के कारण परियोजना से दूरी बनी थी। बेशक सुखोई-57 आज पांचवीं पीढ़ी का विकसित विमान है, लेकिन हमें उसकी गति या सेंसर-फ्यूजन, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध, सुरक्षित डेटा-लिंक, कम रडार दृश्यता, हथियार और नेटवर्क-केंद्रित युद्ध में उसकी वास्तविक क्षमता देखनी होगी। सबसे महत्वपूर्ण यह कि सुखोई-57 राफेल, सुखोई-30, अमेरिकी पी-81, अवाक्स, एईडब्लू एंड सी, एस-400, स्वदेशी डिफेंस रडार और भारतीय कमांड-एंड-कंट्रोल नेटवर्क के साथ कितनी सहजता से काम करेगा। भिन्न देशों की प्रणालियों का एकीकरण अत्यंत जटिल होता है। सामान्यतया भारत के मौजूदा एकीकृत रक्षातंत्र के साथ इसे जोड़ना बेहद जटिल है। भारतीय वायुसेना उत्पादन-मानक, विमानों के व्यौहारिक परीक्षण और पूर्ण तकनीक हस्तांतरण की शर्त पर ही आगे बढ़ेगी। इसी तरह लगभग 6,000 किलोमीटर दूर तक बैलेस्टिक मिसाइल लॉन्च और अंतरिक्षीय खतरों की निगरानी करने वाला 'वोरोनिश-एम' रडार भले ही भारत की चीन व पाकिस्तान पर नजर रखने की क्षमता को अभूतपूर्व विस्तार दे लेकिन इतने संवेदनशील उपकरण पर भारत को पूर्ण डेटा-प्रभुत्व, सॉफ्टवेयर एक्सेस और साइबर सुरक्षा की पूर्ण गारंटी चाहिए। वोरोनिश-एम जैसे प्लेटफॉर्मों को अलग-अलग देशों की डेटा-लिंक, पहचान प्रोटोकॉल और मिशन-सॉफ्टवेयर को सुरक्षित रूप से एक साझा परिचालन दायरे में ले आ पाना अत्यधिक खर्चीला और संवेदनशील काम है। यदि रूस अपने सॉफ्टवेयर कोड्स और मिशन सिस्टम में भारत को पूर्ण तकनीकी पहुंच नहीं देता, तो ये हथियार भारतीय नेटवर्क में पूरी तरह फिट नहीं बैठ पाएंगे। फिर स्वदेशी एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट परियोजना की बलि देकर तैयार विदेशी विमानों पर दांव लगाना 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को पीछे धकेलना होगा। इसमें दो राय नहीं कि यदि भारत इन प्रणालियों का सुसंगत पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में सफल हो जाए तो चीन और पाकिस्तान के मुकाबले उत्तरी-पश्चिमी सीमाओं पर भारत की सैन्य बढ़त में गुणात्मक उछाल आएगा।

## श्रीरामचरितमानस



**सती मरनु सुनि संभु गन लगे करन मख खीस।**
**जग्य बिधंस बिलोकि भृगु रच्छा कीन्हि मुनीस॥**

**भावार्थ:** भावार्थ:-सती का मरण सुनकर शिवजी के गण यज्ञ विध्वंस करने लगे। यज्ञ विध्वंस होते देखकर मुनीश्वर भृगुजी ने उसकी रक्षा की॥

## वन्यजीव

# टल गया गैंडे की विलुप्ति पर मंडराता खतरा

**के. पी. सिंह**

एक ऐसा भी समय था, जब भारत में एक सींग वाले गैंडे का भविष्य बेहद अनिश्चित दिखाई देता था। शिकारियों की बंदूकें, सींग के लिए अवैध शिकार, सिकुड़ते घास के मैदान और लगातार बदलता प्राकृतिक आवास, इन सबने इस विशालकाय जीव को विलुप्ति के कगार पर पहुंचा दिया था। लेकिन आज कहानी बदल चुकी है। जिस देश में 1960 आते-आते एक सींग वाले गैंडों की संख्या घटकर महज 600 तक सिमट गई थी, वहीं 2024 में इनकी जनगणना किए जाने पर इनकी संख्या 4000 पार कर चुकी थी और इस समय यानी 2026 में देश में तकरीबन 4014 एक सींग वाले गैंडे हैं। ये महज किसी वन्यजीव की आबादी बढ़ने की कहानी नहीं है। यह सफलता बताती है कि अगर राजनीतिक इच्छाशक्ति, वैज्ञानिक संरक्षण, स्थानीय समुदायों की भागीदारी और जंगल की निगरानी, ये सारे काम एक साथ हों, तो विलुप्ति की ओर बढ़ती प्रजातियों को भी वापस लाया जा सकता है। भारत के गैंडा संरक्षण की सबसे बड़ी कहानी असम के काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान से जुड़ी हुई है। ब्रह्मपुत्र के बाढ़ के मैदान में फैला हुआ यह इलाका एक सींग वाले गैंडे का सबसे महत्वपूर्ण आवास है। मार्च 2022 में की गई गणना के अनुसार यहां 2613 गैंडे थे। काजीरंगा की खासियत सिर्फ उसका बड़ा गैंडा समूहभर नहीं है। यहां बाढ़ भी पारिस्थितिकी का हिस्सा है। दरअसल, ब्रह्मपुत्र की बाढ़ घास के मैदानों और आर्द्रभूमियों में पोषण तत्व पहुंचाती है, जिससे गैंडे के लिए भोजन उपलब्ध होता है। लेकिन यही बाढ़ कई बार इनके लिए जानलेवा भी बनती है और जानवरों को ऊंचे इलाकों की तलाश में पार्क के बाहर जाना पड़ता है। इसलिए गैंडे को बचाने का अर्थ सिर्फ शिकारभर से बचाना नहीं है बल्कि उसके पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को भी सुरक्षित रखना है। गैंडे की बढ़ती संख्या निश्चित रूप से संरक्षण की बड़ी उपलब्धि है। भारत आज दुनिया में एक सींग वाले गैंडों की सबसे बड़ी आबादी वाला देश है। लेकिन संख्या बढ़ना अंतिम मंजिल नहीं है, अगर ज्यादातर गैंडे कुछ ही संरक्षित क्षेत्रों में सीमित रह जाएं, तो किसी महामारी, प्राकृतिक आपदा या बड़े पैमाने पर आवास विनाश की स्थिति में भी पूरी आबादी जोखिम में आ सकती है।



## तिथि विशेष

# काका हाथरसी जन्मदिवस



18 सितंबर 1906 को उत्तर प्रदेश के हाथरस में जन्मे काका हाथरसी हिंदी साहित्य के ऐसे रचनाकार थे, जिन्होंने हास्य और व्यंग्य को जनसामान्य के बीच लोकप्रिय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका वास्तविक नाम प्रभुलाल गर्ग था। 'काका हाथरसी' नाम से उन्होंने अपनी विशिष्ट साहित्यिक पहचान बनाई। काका हाथरसी की रचनाओं में सहज भाषा, चुटीले संवाद और हास्य के साथ सामाजिक विसंगतियों पर तीखी टिप्पणी देखने को मिलती है। उन्होंने अपनी कविताओं और व्यंग्य रचनाओं के माध्यम से दिखावे, भ्रष्टाचार, राजनीतिक विसंगतियों, सामाजिक कुरीतियों और बदलते जीवन-मूल्यों पर व्यंग्य किया। उनकी शैली ऐसी थी कि गंभीर विषय भी मनोरंजक ढंग से पाठकों और श्रोताओं तक पहुंच जाते थे। काका हाथरसी केवल कवि ही नहीं, बल्कि संगीत और कला के क्षेत्र से भी जुड़े रहे। उन्होंने साहित्य और संस्कृति को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए मंचीय काव्य परंपरा को समृद्ध किया। उनकी हास्य कविताएं काव्य सम्मेलनों में विशेष रूप से लोकप्रिय रहीं। उनकी भाषा में लोकजीवन की सहजता और व्यंग्य में सामाजिक सरोकार दिखाई देता है।

## अच्छी सेहत के 11 देसी नियम...!!

1. पानी - शरीर की जान
2. नींद - सबसे बड़ी दवा
3. चलना - दिल की दवा
4. सादा खाना - लंबी उम्र
5. कम तनाव-आधी बीमारी खत्म...!
6. हरी सब्ज़ी - खून साफ़
7. फल - इम्युनिटी
8. धूप - विटामिन D
9. तेल कम - नसें साफ़
10. मीठा सीमित - शुगर कंट्रोल
11. नमक कम - BP कंट्रोल
12. पहला सुख निरोगी काया.!

## 18वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन

# खाने की थाली यानि डिनर डिप्लोमेसी

**वीना गौतम**

> कूटनीति हमेशा सम्मेलन कक्षों में नहीं होती। कई बार वह मेज पर सजी प्लेट में होती है, किसी मसाले की खुशबू में होती है, किसी पारंपरिक मिठाई के स्वाद में होती है और कभी-कभी उस व्यंजन में छिपी कहानी में होती है, जिसे मेहमान पहली बार चख रहा होता है। इसीलिए अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों के राजकीय रात्रिभोज को महज खाना खिलाने की औपचारिकता समझना भूल होगी। डिनर डिप्लोमेसी दरअसल 'सॉफ्ट पावर' का एक बेहद स्वादिष्ट रूप है।

इमेज

नई दिल्ली में 12-13 सितंबर को हुए 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से भारत मंडपम में दिया गया राजकीय रात्रिभोज इसी अर्थ में चर्चा में है। इसकी सबसे खास बात थी- पूरी तरह शाकाहारी भारतीय मेन्यू। राजनीतिक बहस इस बात पर शुरू हो गई कि जब भारत में बड़ी आबादी मांसाहारी भोजन करती है, तो विदेशी मेहमानों के सामने भारतीय मांसाहारी व्यंजनों की झलक क्यों नहीं रखी गई। राहुल गांधी ने इसी संदर्भ में कहा कि 80 प्रतिशत भारतीय मांसाहारी हैं और भारतीय नॉन-वेज खाना स्वादिष्ट है। इसके जवाब में भाजपा की ओर से इसे अनावश्यक राजनीतिक विवाद बताया गया। लेकिन इस विवाद से अलग होकर देखें तो असली सवाल यह है कि क्या राजकीय डिनर का उद्देश्य देश की पूरी खान-पान की जनगणना पेश करना होता है? शायद नहीं। किसी विदेशी राष्ट्राध्यक्ष को भारत के किसी होटल में चिकन करी, मटन बिरयानी या मछली परोसना मुश्किल नहीं। वह भोजन दुनिया के किसी भी बड़े होटल में मिल सकता है। लेकिन जब मेजबान देश किसी राजकीय भोज में अपना भोजन प्रस्तुत करता है तो वह सिर्फ स्वाद नहीं, बल्कि अपनी सभ्यता, कृषि, भूगोल, परंपरा और सांस्कृतिक स्मृति







भी परोसता है। ब्रिक्स सम्मलेन के डिनर में भारत ने यही किया और इसी दृष्टि से यह मेन्यू खास था। इसकी शुरुआत हुई 'खंडवी मिले-फुई' से हुई। गुजरात की पारंपरिक खांडवी को आधुनिक फ्रांसीसी प्रस्तुति का रूप दिया गया। भाप में पकाए बेसन के रोल को सरसों, नारियल और करी पत्ते के तड़के के साथ केसर आम, माइक्रोग्रीन्स और योगर्ट ड्रेसिंग के साथ पेश किया गया। दूसरा स्टार्टर था 'खुंब गलौटी'- मशरूम से तैयार पैन-ग्रिल्ड गलौटी कबाब, जिसे पुदीने के मोतियों और शीरमाल के साथ परोसा गया यानी अवध की गलौटी परंपरा को मांस के बजाय मशरूम के माध्यम से नए रूप में प्रस्तुत किया गया। मुख्य भोजन में पनीर लबाबदार था- नरम पनीर, प्याज और टमाटर की समृद्ध ग्रेवी में। 'गुच्छी मार्मिक' में हिमालयी गुच्छी यानी मोरेल मशरूम को कोमल शतावरी, केसर, किशमिश और मामरा बादाम के साथ जोड़ा गया। इसके बाद दक्षिण भारत का प्रतिनिधित्व करता 'कैरट बीन पोरियाल' था, जिसमें गाजर और हरी फलियों को दक्षिण भारतीय मसालों और नारियल के साथ तैयार किया गया। मेन्यू में 'थक्काली बेल्ले सारू' जैसा हल्का टमाटर-आधारित दाल का शोरबा भी था। फिर आया मिलेट पुलाव, जिसमें बासमती चावल के साथ बाजरे का इस्तेमाल किया गया। साथ में चुकंदर रायता और भारतीय रोटियों की विविधता थी। इस तरह भोजन सिर्फ 'शाकाहारी' नहीं था; वह भारतीय खाद्य परंपराओं के कई भौगोलिक और कृषि-सांस्कृतिक सूत्रों को जोड़ रहा था। भोजन के अंत में भारत की मिठास- ओल्ड दिल्ली फ्रूट क्रीम विद जलेबी और शहतूत फिरनी। पुरानी दिल्ली की जलेबी से लेकर शहतूत और चावल-दूध से बनी फिरनी तक, मिठाई भी एक तरह से भारत की खाद्य स्मृति का आख्यान बन गई। यहां सबसे महत्वपूर्ण शब्द है- मिलेट। मेन्यू में बाजरा जैसे 'श्री अन्न' को जगह देकर भारत ने केवल स्वास्थ्य की बात नहीं की, बल्कि टिकाऊ कृषि, कम संसाधनों में उत्पादन और जलवायु-सहिष्णु खेती का संदेश भी दिया। कुछ विवरणों के अनुसार मेन्यू में अलग-अलग रूपों में कई तरह के मिलेट्स को शामिल किया गया था। इस तरह एक प्लेट में गुजरात की खांडवी, अवध की गलौटी की स्मृति, हिमालय की गुच्छी, दक्षिण का पोरियाल, भारतीय दाल, बाजरा, पुरानी दिल्ली की जलेबी और उत्तर भारतीय फिरनीकृ यह भारत का खाद्य मानचित्र था। यहीं से 'डिनर डिप्लोमेसी' की ताकत समझ आती है। भोजन किसी देश को समझने का सबसे सहज रास्ता है। कोई विदेशी मेहमान भारतीय संविधान की संघीय संरचना पर घंटों व्याख्यान सुन सकता है, लेकिन जब उसे हिमालयी गुच्छी का स्वाद मिलता है और बताया जाता है कि यह पहाड़ों से आती है, तो भारत का भूगोल उसके स्वादेंद्रियों तक पहुंच जाता है। बाजरा सिर्फ अनाज नहीं रह जाता, वह भारत की कृषि-दृष्टि का संदेश बन जाता है।

## वायरल

# एक ईमेल से बदली जिंदगी, CEO ने बताई जॉब जाने की कहानी

नौकरी जाना किसी भी इंसान के लिए मुश्किल समय होता है। इसी बात को बेंगलुरु के एक सीईओ ने सोशल मीडिया पर शेयर की अपनी पोस्ट में सामने रखा है। सीईओ देबजीत सेन ने X पर लिखा कि नौकरी से निकाले जाना कितना मुश्किल और परेशान करने वाला हो सकता है। उन्होंने अपने एक पुराने दोस्त का अनुभव शेयर करते हुए लिखा कि हाल ही में उसकी नौकरी चली गई। खास बात यह



थी कि उसने कुछ समय पहले ही नया घर खरीदा था और उसकी पत्नी दूसरे बच्चे को जन्म देने वाली थीं। नौकरी जाने के बाद अब उनके दोस्त के सामने सबसे बड़ी चिंता घर की किस्त और परिवार के बाकी खर्चों को संभालने की है। जिस समय परिवार में नए बच्चे के आने की तैयारी होनी चाहिए, उस समय अचानक भविष्य को लेकर अनिश्चितता खड़ी हो गई। layoffs सिर्फ नौकरी या महीने की सैलरी जाने तक सीमित नहीं होते, कई बार इसका असर किसी व्यक्ति की पूरी जिंदगी पर पड़ता है। सालों की मेहनत से बनाई गई नौकरी और करियर अचानक एक ईमेल से खत्म हो सकता है। इसके बाद घर का बजट, बच्चों की पढ़ाई, लोन और रोजमर्रा के खर्च तक चिंता का कारण बन जाते हैं। देबजीत ने कहा कि उन्हें सबसे ज्यादा डर इसी बात का लगता है कि कोई व्यक्ति कई सालों तक अपना करियर बनाने में मेहनत करता है और फिर अचानक एक ईमेल उसकी पूरी जिंदगी को अनिश्चितता में डाल देता है। उनकी पोस्ट के बाद सोशल मीडिया पर कई लोगों ने अपने अनुभव साझा किए। एक यूजर ने लिखा कि हर व्यक्ति को बड़ी आर्थिक जिम्मेदारी लेने से पहले अपनी आर्थिक स्थिति और जोखिम का आकलन जरूर करना चाहिए।

## X का एक्सरे

"अगर हालात बिगड़े, तो पाकिस्तान यमन के हूती विद्रोहियों के खिलाफ सऊदी अरब का 'व्यावहारिक और कूटनीतिक' रूप से साथ देगा। त्रिपक्षीय समझौते के तहत, अगर किसी देश की क्षेत्रीय अखंडता पर खतरा आता है, तो समझौता लागू हो जाएगा और बाकी दो देश अपनी जिम्मेदारियां निभाते हुए उसकी रक्षा के लिए कदम उठाएंगे।"



**ख्वाजा आसिफ**

"दिशा सालियान मामले से हमारा कोई लेना-देना नहीं है। कल इस मामले में आप सभी के नाम भी आ सकते हैं। यह घटना होना ही बहुत बुरा है, लेकिन इसमें हमारा नाम क्यों लिया जा रहा है। यह पूरी तरह राजनीति से प्ररित है। आदित्य ठाकरे दिशा सालियान से कभी नहीं मिले और न ही उनसे मेरी कोई पहचान थी।"



**उद्धव ठाकरे**

"मुझे लगता है कि कुछ बार नाकाम होने के बाद, आप निश्चित रूप से बहुत कुछ झेलते हैं। एक भारतीय क्रिकेटर के तौर पर, नाकामी का सामना करना आसान नहीं होता, लेकिन यहीं मेरा अनुभव काम आता है। मैं बाहरी शोर-शराबे को नजरअंदाज करने और आत्मविश्वास बनाए रखने की कोशिश करता हूं।"



**संजू सैमसन**

"राम जन्मभूमि पर फैसला आने के बाद मैं बहुत दुखी थी। मैंने शाहरुख से लेकर सलमान सर तक अपने सभी मुसलमान दोस्तों को फोन किया और कहा कि एक हिंदू होने के नाते, मैं बस इतना कहना चाहती हूं कि मुझे बहुत खेद है, मुझे बहुत शर्म आ रही है और मैं इससे सहमत नहीं हूं। मैं इस फैसले से काफी अपसेट थी।"



**स्वरा भास्कर**

**एक नजर**

### ऑपरेशन प्रहार के तहत युवक गिरफ्तार, अवैध चाकू हुआ बरामद

**खटीमा।** ऑपरेशन प्रहार के तहत कोतवाली खटीमा पुलिस ने एक युवक को अवैध चाकू रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 17 सितंबर की रात वार्ड नंबर एक नई बस्ती इस्लामनगर निवासी नबी हसन उर्फ हसनैन (19) पुत्र हसन बाबू को एक अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधम सिंह नगर के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी खटीमा एवं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खटीमा के पर्यवेक्षण में की गई। गिरफ्तारी टीम में बाजार चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक जीवन सिंह चुफाल, सत्रहमील चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक किशोर पंत तथा ग्राम प्रहरी गुलशन कुमार शामिल रहे।

## दीप जलाकर मनाया पीएम का जन्मदिन



भड़ाभुड़िया में प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर ग्रामीणों, महिलाओं और बच्चों ने दीप प्रज्ज्वलित कर काटा केक।



कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने सीएम की माताजी के साथ प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर काटा केक।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिवस के अवसर पर खटीमा में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर दीप प्रज्वलित किए गए और केक काटकर उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गई। शहीद स्थल पर कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर शुभकामनाएं दीं। इसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नगला तराई स्थित आवास पहुंचकर मुख्यमंत्री की माता विशना देवी के साथ दीप जलाया और केक काटकर प्रधानमंत्री के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं यशस्वी जीवन की कामना की। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए कहा कि देश विकास की दिशा में निरंतर आगे बढ़े, यही सभी की कामना है। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, दर्जा मंत्री गंभीर सिंह धामी, दर्जा मंत्री मोहनी पोखरिया, दर्जा मंत्री किशन सिंह किन्ना, रंदीप पोखरिया, सतीश भट्ट सहित अन्य लोग मौजूद रहे। वहीं ग्राम सभा भड़ाभुड़िया में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन ग्रामीणों, महिलाओं और बच्चों ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं केक काटकर मनाया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान सुमन राणा, पूर्व जिला अध्यक्ष एसटी मोर्चा हरीश राणा, ग्राम सभा के वार्ड सदस्य, स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं, आवास योजना का लाभ प्राप्त कर रही महिलाएं, बच्चे एवं ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए एक-दूसरे को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

## विकास कार्यों से भारतीय जनता पार्टी मजबूत : मोहनी पोखरिया

जागरण मोर्चा कार्यालय



**खटीमा।** दर्जा राज्य मंत्री मोहनी पोखरिया ने अपने कैंप कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भाजपा क्षेत्र के हर वर्ग और समुदाय के लोगों के बीच लगातार काम कर रही है। पार्टी कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर सक्रिय रहकर आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रयासरत हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में खटीमा क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण विकास कार्य हुए हैं। इनमें एकलव्य आदर्श विद्यालय, ऑक्सीजन पार्क, पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क, आईटीआई, पॉलीटेक्निक कॉलेज और चकरपुर खेल स्टेडियम सहित विभिन्न परियोजनाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण प्रतिनिधियों से लेकर पार्टी कार्यकर्ता तक लोगों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान के लिए प्रयास कर रहे हैं। आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर मोहनी पोखरिया ने कहा कि भाजपा संगठन पूरी तरह सक्रिय है और कार्यकर्ता मजबूती से अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व में मुख्यमंत्री द्वारा घोषित ड्रेनेज व्यवस्था, वाइंडर जोन और ट्रेंचिंग ग्राउंड समेत अन्य कार्यों पर काम चल रहा है और चुनाव से पहले इनके धरातल पर आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत के आधार पर पार्टी 2027 में बेहतर चुनाव परिणाम की ओर बढ़ रही है।

## गाजे-बाजे से गणपति विसर्जन शोभायात्रा

▸ 'गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ' के जयघोष से गूंजा नगर

जागरण मोर्चा कार्यालय



मूर्ति विसर्जन को जाते श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

**खटीमा।** सर्राफा एसोसिएशन एवं गणेश मित्र मंडल महाराष्ट्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित छह दिवसीय गणेश चतुर्थी महोत्सव के पंचम दिवस पर भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में महाराष्ट्र से आए बैंड कलाकारों ने ढोल-नगाड़ों की धुन पर प्रस्तुति दी। श्रद्धालु नाचते-गाते और एक-दूसरे को गुलाल-अबीर लगाते हुए गणपति बप्पा के जयकारे लगाते रहे। 'गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ' के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा के उपरांत लालकोठी में विधि-विधान के साथ गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया गया। शोभायात्रा में भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह भंडारी राजू, राज्य मंत्री गंभीर सिंह धामी, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, भाजपा नेता गणेश ठकुराठी, मनोज वाधवा, कार्यक्रम संयोजक नीरज रस्तोगी, हरीश मेहरा, अमित वर्मा, सुधीर वर्मा, राजपाल रस्तोगी, अरविंद रस्तोगी, गणेश पाटिल, अरविंद सिंदे, सुनील मराठा, सागर मराठा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणेश भक्त मौजूद रहे।

## गणेश महोत्सव : ओमकार देवा, यश केसरवानी ने भजनों से मचाई धूम

जागरण मोर्चा कार्यालय



भजन गाते सिंगर यश केसरवानी।

**हल्द्वानी।** देवभूमि सामाजिक मंच द्वारा होली ग्राउंड मंगल पड़ाव में आयोजित श्री गणेश महोत्सव समृद्धि उत्सव में प्रातः कालीन पूजा अर्चना मुख्य पुरोहित विजय जोशी द्वारा पूरे विधि विधान से संपन्न की गई जिसमें महामंत्री अजय कृष्ण गोयल सांस्कृतिक कार्यक्रम संयोजक गणेश प्रसाद साहू सपत्नी रहे पूजा अर्चना में देवभूमि सामाजिक मंच के मीडिया प्रभारी पंकज अग्रवाल आदि अनेक लोग उपस्थित रहे सायं काल सांस्कृतिक कार्यक्रम में सिंगर ओमकार देवा मुरादाबाद, सिंगर यश केसरवानी हल्द्वानी ने अपने भजनों से धूम मचा दी आज के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम में अध्यक्ष मिंटू गुप्ता महामंत्री अजय कृष्ण गोयल सह संस्थापक राजकुमार केसरवानी संरक्षक पवन गुप्ता डब्बू विजय गुप्ता सुंदरलाल मौर्य राम गुप्ता मुख्य कार्यक्रम संयोजक किशोर वार्ष्णेय कोषाध्यक्ष राजकुमार आनंद कार्यकारी अध्यक्ष मंगल सिंह जीना वरिष्ठ उपाध्यक्ष हिमांशु वार्ष्णेय मीडिया प्रभारी पंकज अग्रवाल कमल राजपाल मंत्री सोनू जीना व्यवस्थापक संदीप वार्ष्णेय यश केसरवानी रेनू केसरवानी अनीता आनंद कुसुम गोयल ममता देवी मंजू वार्ष्णेय आदि अनेक लोग उपस्थित रहे।

## किसान नेता पर मुकदमा, भाकियू की प्रेस-वार्ता

जागरण मोर्चा कार्यालय



प्रेस वार्ता करते भाकियू चढूनी के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**खटीमा।** भारतीय किसान यूनियन चढूनी के पदाधिकारियों ने काशीपुर में किसान नेता जितेंद्र सिंह जीतू के खिलाफ दर्ज मुकदमे के विरोध में खटीमा में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने और पूरे प्रकरण की वास्तविकता सामने लाने की मांग की। प्रेस वार्ता में किसान यूनियन पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि काशीपुर स्थित ओंकार ग्लोबल एकेडमी में पढ़ने वाले एक बच्चे की कुछ माह की फीस जमा नहीं होने के कारण उसे परीक्षा में बैठने से रोका गया था। किसान नेता जितेंद्र सिंह जीतू ने इसका विरोध किया था। संगठन का आरोप है कि इस विरोध के बाद स्कूल प्रबंधन की ओर से किसान नेता के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया गया। भाकियू चढूनी के पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन की जानकारी के अनुसार किसान नेता पर लगाए गए आरोप निराधार हैं और मुकदमे के माध्यम से उनकी छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा जांच के आधार पर दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की मांग की। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन चढूनी किसानों और मजदूरों के हितों से जुड़े मुद्दों को लगातार उठाता रहेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की कार्रवाई या मुकदमे के दबाव में संगठन किसानों और मजदूरों की आवाज उठाना बंद नहीं करेगा। प्रेस वार्ता के दौरान प्रदेश अध्यक्ष गुरसेवक सिंह महार, प्रदेश उपाध्यक्ष गुरविंदर सिंह भुल्लर, जिला अध्यक्ष मनजिंदर सिंह भुल्लर, ब्लॉक अध्यक्ष खटीमा अनिल सिंह राणा, सुभाष सिंह राणा, विजय सिंह राणा, सुखमीत सिंह, सुखविंदर सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## रुपये के लेनदेन को लेकर सड़क पर भिड़े चार लोग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** ऑपरेशन प्रहार के तहत कोतवाली खटीमा पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर आपस में लड़ाई-झगड़ा कर शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 18 सितंबर को खटीमा-पीलीभीत मोटर मार्ग पर हल्दी पुल के पास चार लोग रुपयों के लेनदेन को लेकर सड़क के बीच अपनी मोटरसाइकिलें खड़ी कर आपस में विवाद और मारपीट पर आमादा थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चारों को समझाकर शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन वे एक-दूसरे के साथ मारपीट पर उतारू रहे। स्थिति बिगड़ने की आशंका को देखते हुए पुलिस ने धारा 170 बीएनएसएस के तहत चारों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। गिरफ्तार आरोपियों में मोहम्मद इब्राहिम (27) पुत्र अब्दुल सलाम, शमशुल हसन (32) पुत्र अब्दुल जहीर, कय्यूम (25) पुत्र अमजद अली और नाजिम (32) पुत्र शमशेर बक्स, सभी निवासी ग्राम कंचनपुरी, थाना खटीमा, जिला ऊधमसिंहनगर शामिल हैं। पुलिस ने विवाद में प्रयुक्त मोटरसाइकिलों को भी मोटर वाहन अधिनियम के तहत सीज कर दिया। कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधम सिंह नगर के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक रुद्रपुर एवं क्षेत्राधिकारी खटीमा के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक खटीमा के निर्देशन में की गई।

## क्षेत्राधिकारी ने किया थाने का निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय



निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शस्त्र खोलने-जोड़ने (हैंडलिंग) का अभ्यास कराया। -जागरण मोर्चा

**खटीमा।** क्षेत्राधिकारी खटीमा नीरज सेमवाल ने थाना झनकईया का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना कार्यालय, परिसर, पुलिस कर्मियों की बैरक, शस्त्रागार, मालगृह और सीसीटीएनएस कक्ष का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही थाना कार्यालय में रखे अभिलेखों का अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शस्त्र खोलने-जोड़ने (हैंडलिंग) का अभ्यास कराया और शस्त्रों के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। थाने के विवेचकों को क्राइम किट में उपलब्ध विभिन्न उपकरणों के प्रयोग की जानकारी देने के साथ ही अंगुष्ठछाप लेने की प्रक्रिया का डेमो भी दिया गया। क्षेत्राधिकारी ने पुलिस कर्मियों का सम्मेलन लेकर उनकी समस्याओं और कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने मालखाना मोहर्रिर एवं सीसीटीएनएस कर्मियों को थाने में मौजूद समस्त माल का सिक्योर मालखाना मॉड्यूल पर शत-प्रतिशत ऑनलाइन फीडिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा सभी विवेचकों के विवेचना रजिस्टरों का अवलोकन करते हुए लंबित विवेचनाओं का समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्य में अनुशासन, अभिलेखों के रखरखाव और विवेचनाओं में समयबद्धता बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## कबड्डी में जसवीर और अनुराग ने जीता स्वर्ण

**खटीमा।** चकरपुर में आयोजित खेल महाकुंभ-2026 में शहीद हरि किशन शिक्षण संस्थान के खिलाड़ियों ने कबड्डी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल और टीम भावना का प्रदर्शन किया। विद्यालय के जसवीर और अनुराग ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। दोनों खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। खिलाड़ियों की उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। प्रधानाचार्य सुदर्शन डोबरियाल, हिमांशु तिवारी, खेल शिक्षक सतेंद्र कुमार और अशोक कुमार गौतम ने खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया।

## मुख्य विकास अधिकारी ने की 25 सूत्री कार्यक्रम की समीक्षा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हल्द्वानी।** मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार पांडेय ने शुक्रवार को 25 सूत्री कार्यक्रम के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की। बैठक में पर्यटन, उद्यान, शहरी विकास, जल संस्थान, एलडीए, पशुपालन, वन, खाद्य, लोक निर्माण विभाग, खाद्य सुरक्षा, आबकारी, खनन और जीएसटी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल हुए।

समीक्षा के दौरान सीडीओ ने विभागवार योजनाओं की प्रगति, निर्धारित लक्ष्यों की स्थिति और पोर्टल पर दर्ज आंकड़ों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं से संबंधित सूचनाओं और उपलब्धियों को नियमित रूप से पोर्टल पर अपडेट किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपना अद्यतन डाटा तत्काल पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज करना सुनिश्चित करें। अरविंद कुमार पांडेय ने कहा कि योजनाओं की प्रगति से संबंधित आंकड़े समयबद्ध और सही तरीके से दर्ज किए जाएं, ताकि 25 सूत्री कार्यक्रम की प्रभावी समीक्षा और अनुश्रवण हो सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी नैनीताल सौरभ असवाल, अपर जिलाधिकारी हल्द्वानी विवेक राय, जिला पर्यटन अधिकारी कीर्ति चंद्र आर्य, नगर आयुक्त परितोष वर्मा, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. चंदन सिंह मर्तोलिया और आबकारी अधिकारी मीनाक्षी समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री खेल महाकुंभ में उत्साह

जागरण मोर्चा कार्यालय



मुख्यमंत्री चैंपियन ट्रॉफी खेल महाकुंभ का शुभारंभ करते पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी।

**खटीमा।** मुख्यमंत्री चैंपियन ट्रॉफी खेल महाकुंभ के तहत विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका परिषद खटीमा के अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने किया। उन्होंने प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर रहे खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि खेल बच्चों और युवाओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ-साथ अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं और खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार की ओर से विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि खेलों को बढ़ावा मिलने से ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को भी अपनी क्षमता प्रदर्शित करने के अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने और निरंतर अभ्यास करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र सिंह राणा, खंड विकास अधिकारी संजय कुमार गांधी, क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी दिलशाद, गिरीश राय, प्रमोद सह राणा, सुरजीत सिंह, त्रिलोक सिंह, सुरवीन सिंह, शैलेंद्र बिष्ट, गोविंद सिंह खाती, विनय नगरकोटी और दिनेश चंद सहित अन्य गणमान्य लोग एवं खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## अंकिता भंडारी प्रकरण के सवाल अब भी अनुत्तरित: सुमित हृदयेश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हल्द्वानी।** महिलाओं की सुरक्षा, अंकिता भंडारी प्रकरण और जनहित के मुद्दों को लेकर जिला महानगर कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को होटल सौरभ में प्रेस वार्ता की। हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराधों को लेकर एनसीआरबी के आंकड़े चिंता पैदा करते हैं। उन्होंने सरकार से महिला सुरक्षा के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाने की मांग की।

अंकिता भंडारी प्रकरण का उल्लेख करते हुए सुमित हृदयेश ने कहा कि चार वर्ष बाद भी परिवार और जनता के कई सवालों के जवाब नहीं मिले हैं। उन्होंने रिसॉर्ट पर बुलडोजर चलाने के आदेश, साक्ष्यों को लेकर उठी आशंकाओं और सदन में उल्लेखित कथित वीआईपी की पहचान को लेकर सरकार से स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। उन्होंने मामले की पारदर्शी जांच और लापरवाही या साक्ष्यों से छेड़छाड़ पाए जाने पर जिम्मेदारी तय करने की बात कही। यूपीआई भुगतान से जुड़े संभावित शुल्क या नियमों में बदलाव पर भी सरकार और संबंधित संस्थाओं से स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। महानगर अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद सिंह बिष्ट और जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल ने महिला अपराधों में त्वरित कार्रवाई तथा पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने की मांग की। प्रेस वार्ता में हरीश मेहता, हेमंत बगड़वाल, किरण माहरा, जाकिर हुसैन, भागीरथी बिष्ट सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## छात्र-छात्राओं को दी कानूनी जानकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय



विधिक जागरूकता शिविर में छात्र-छात्राओं को कानूनी जानकारी पीएलवी विमल कुमार।

**खटीमा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधमसिंह नगर के निर्देश पर शुक्रवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) नदन्ना में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता संस्थान के अधीक्षक वीरेंद्र कुमार ने की। शिविर में पीएलवी आरबी सिंह राणा ने नालसा शिक्षा इकाई-2026 के तहत छात्र-छात्राओं को शिक्षा के अधिकार अधिनियम-2009 की धारा 12(1)(सी) के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित वर्ग के बच्चों के लिए निजी गैर-सहायता प्राप्त विद्यालयों में 25 प्रतिशत सीटों का प्रावधान है। उन्होंने प्रवेश से संबंधित दस्तावेजों में किसी प्रकार की समस्या आने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सहायता उपलब्ध कराने की जानकारी दी। साथ ही निःशुल्क विधिक सहायता तथा नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में भी बताया। पीएलवी विमल कुमार ने ड्रॉपआउट बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार एवं पेंशन योजनाओं, नशे के दुष्परिणाम और साइबर अपराध से बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने साइबर अपराध की स्थिति में 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराने के लिए जागरूक किया। इसके अलावा दिव्यांगजनों के अधिकार, यूडीआईडी कार्ड तथा बच्चों को गुड टच-बैड टच के प्रति भी जागरूक किया गया। शिविर में करीब 240 छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकगण ने प्रतिभाग किया। इस दौरान पीएलवी आरबी सिंह राणा, विमल कुमार, विपिन उप्रेती, पिंकी राणा, रेखा सहित शिक्षा इकाई की टीम रही।

## एक नजर

### सुल्तानपुर व अमेठी सहित 14 जिलों में खुलेंगे नर्सिंग कॉलेज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 14 नए राजकीय नर्सिंग कॉलेज खुलेंगे। इन्हें स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में संचालित किया जाएगा। हर कॉलेज में बीएससी नर्सिंग की 60-60 सीटें होंगी। इससे प्रदेश में बीएससी नर्सिंग की करीब 840 सीटें बढ़ेंगी। प्रदेश सरकार ने हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज की तर्ज पर हर जिले में एक नर्सिंग कॉलेज खोलने की रणनीति बनाई है। प्रदेश में अभी 23 कॉलेजों में बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई हो रही है। इनमें करीब 1400 सीटें हैं। 235 निजी नर्सिंग कॉलेजों में करीब 11 हजार सीटें हैं। प्रदेश सरकार की ओर से अगस्त माह में नर्सिंग कॉलेज बढ़ाने की योजना तैयार की गई। शासन ने 14 जिलों में राजकीय नर्सिंग कॉलेज खोलने की मंजूरी दे दी है। हर कॉलेज में बीएससी नर्सिंग की 60-60 सीटें होंगी। इनका संचालन शैक्षिक वर्ष 2027-28 से शुरू होगा।

# कलीनगर तहसील परिसर में की गई भूकंप एवं आपदा प्रबंधन की मॉकड्रिल

## अधिकारियों ने परखी तैयारियां, बनाया फील्ड अस्पताल

जागरण मोर्चा कार्यालय



कलीनगर में अभ्यास किया गया। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत/कलीनगर।** उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देश पर शुक्रवार को कलीनगर तहसील परिसर में भूकंप एवं आपदा से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए मॉकड्रिल आयोजित की गई। इस दौरान प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग समेत विभिन्न विभागों की टीमें मौके पर मौजूद रहीं और आपात स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों का अभ्यास किया। मॉकड्रिल के दौरान आपदा की काल्पनिक स्थिति बनाकर प्रभावित व्यक्ति को सुरक्षित निकालने, मौके पर प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने तथा गंभीर घायलों को तत्काल चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने की प्रक्रिया का अभ्यास किया गया,इसके लिए तहसील परिसर में फील्ड अस्पताल की व्यवस्था भी की गई थी। मौके पर एसडीएम कलीनगर प्रमेश कुमार सहित प्रशासनिक अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक एवं कर्मचारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने मॉकड्रिल के दौरान विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आपातकालीन परिस्थितियों में विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया। दरअसल, जिला प्रशासन की ओर से 18 सितंबर को जिले की विभिन्न तहसीलों में भूकंप, औद्योगिक/रासायनिक एवं अग्नि सुरक्षा से संबंधित राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज आयोजित करने की योजना बनाई गई थी। कलीनगर तहसील में यह अभ्यास सुबह दस बजे से तहसील परिसर में चिकित्सा सहायता गतिविधियों और फील्ड अस्पताल के संचालन पर केंद्रित रहा। मॉकड्रिल का उद्देश्य वास्तविक आपदा के समय प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग और अन्य राहत-बचाव टीमों की तत्काल प्रतिक्रिया, आपसी समन्वय और चिकित्सा व्यवस्था की तैयारियों को परखना रहा। अभ्यास के माध्यम से यह भी देखा गया कि आपात स्थिति में घायलों को प्राथमिक उपचार देने से लेकर उन्हें आगे की चिकित्सा सुविधा तक पहुंचाने की प्रक्रिया कितनी प्रभावी ढंग से संचालित की जा सकती।

# प्रशिक्षण कार्यक्रम में इफको ने नैनो उर्वरकों से लाभों की दी तकनीकी जानकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय




जानकारी देते अधिकारी। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** इफको द्वारा किसानों को नैनो उर्वरकों के उपयोग एवं उनके लाभों के प्रति जागरूक करने तथा बिक्री केंद्र प्रभारियों को तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बिक्री केंद्र प्रभारी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन राजकीय कृषि बीज भंडार के सभागार में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप निदेशक कृषि पीलीभीत राममिलन परिहार रहे, विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला कृषि अधिकारी विनीत शुक्ला एवं क्षेत्रीय प्रबंधक इफको, बरेली यशवीर सिंह उपस्थित रहे। उप निदेशक कृषि राममिलन परिहार ने कहा कि नैनो उर्वरकों के वैज्ञानिक एवं संतुलित प्रयोग से किसानों को उर्वरक उपयोग की दक्षता बढ़ाने में सहायता मिल सकती है।उन्होंने बिक्री केंद्र प्रभारियों से आह्वान किया कि वे किसानों को नैनो उर्वरकों के संबंध में सही एवं तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराएं तथा उन्हें अनुशंसित मात्रा एवं विधि के अनुसार प्रयोग के लिए प्रेरित करें।प्रशिक्षण के दौरान क्षेत्रीय प्रबंधक इफको यशवीर सिंह ने नैनो यूरिया प्लस, नैनो डीएपी, नैनो जिंक एवं नैनो कॉपर सहित अन्य नैनो उर्वरकों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी, बिक्री केंद्र प्रभारियों को गुणवत्ता, उपयोग विधि, अनुशंसित मात्रा एवं फसलवार प्रयोग के बारे में प्रशिक्षण दिया गया।साथ ही, इफको के नए उत्पाद नैनो एनपीके के बारे में भी जानकारी दी गई, कार्यक्रम का संचालन क्षेत्र अधिकारी इफको पीलीभीत दीपक चौधरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में हरीश गंगवार, क्षेत्रीय प्रबंधक इफको एमसी, प्रशांत कुमार सहित लगभग 70 बिक्री केंद्र प्रभारी उपस्थित रहे, अंत में उपस्थित अधिकारियों एवं प्रभारियों का आभार व्यक्त किया गया।

# गौहनिया चौराहा प्रकरण में ट्रैफिक पुलिस पर विधिक कार्रवाई की तैयारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** गौहनिया चौराहे पर मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला द्वारा राहगीरों पर हमला और वाहनों के शीशे तोड़े जाने के दौरान ट्रैफिक पुलिस की कथित निष्क्रियता का मामला तूल पकड़ गया है। अधिवक्ता नीलेश चतुर्वेदी ने इस मामले में पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी यातायात को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने 17 सितंबर को शाम 4 से 5 बजे के बीच की सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने का अनुरोध किया है। साथ ही सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत शहर के चौराहों का ड्यूटी रोस्टर और जीडी एंट्री भी मांगी गई है। अधिवक्ता का आरोप है कि कुछ पुलिसकर्मी निर्धारित ड्यूटी स्थल छोड़कर अन्य स्थानों पर मौजूद थे। उन्होंने कहा कि घटना से जुड़े वीडियो और छायाचित्र साक्ष्य उपलब्ध हैं, जिनके आधार पर संबंधित कर्मियों को विधिक नोटिस भेजे जा रहे हैं। यदि 15 दिनों के भीतर विभागीय कार्रवाई नहीं हुई तो न्यायालय में वाद दायर किया जाएगा। मामले में कंट्रोल रूम की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल उठाए गए हैं। अधिवक्ता ने कहा कि लाइव फुटेज देखने के बावजूद समय पर हस्तक्षेप क्यों नहीं किया गया, इसकी भी जांच होनी चाहिए। घटना के बाद पुलिस विभाग में हलचल बढ़ गई है। अब सभी की निगाहें विभागीय जांच और संभावित कार्रवाई पर टिकी हैं। मामला शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# हरदोई ब्रांच नहर में डूबे युवक की मौत, मचा कोहराम

जागरण मोर्चा कार्यालय



मौके पर मौजूद पुलिस और विधायक। -जागरण मोर्चा



नहर में तलाश करते गोताखोर। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत/माधौटांडा।** गणेश चतुर्थी के अवसर पर निकाली गई शोभायात्रा के दौरान उस समय बड़ा हादसा हो गया,जब कलीनगर पुल के पास हरदोई नहर ब्रांच में गणेश प्रतिमा विसर्जन करते समय एक युवक गहरे पानी में डूब गया। हादसे में युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान संगमसंख्याधर पुत्र जुगनू, निवासी ग्राम माधौटांडा के रूप में हुई है। बताया गया कि गणेश चतुर्थी की प्रथम शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालु गणेश प्रतिमा लेकर कलीनगर पुल स्थित हरदोई नहर ब्रांच पर पहुंचे थे। प्रतिमा विसर्जन के दौरान युवक नहर के पानी में चला गया और अचानक गहराई में जाने के कारण डूब गया। युवक के डूबते ही मौके पर मौजूद लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। हादसे की सूचना तत्काल पुलिस और प्रशासन को दी गई। जानकारी मिलते ही कलीनगर के एसडीएम प्रमेश कुमार, माधौटांडा थाना प्रभारी अशोक पाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का जायजा लिया और युवक की तलाश के लिए बचाव अभियान शुरू कराया। युवक की तलाश के लिए स्थानीय गोताखोरों को मौके पर बुलाया गया। इसके साथ ही एसडीआरएफ टीम को भी सूचना देकर बुलाया गया, ताकि नहर में डूबे युवक की तलाश की जा सके। पुलिस और प्रशासन की मौजूदगी में काफी देर तक युवक की तलाश और बचाव कार्य जारी रहा। घटनास्थल पर बड़ी संख्या में लोग जुट गए। उधर हादसे की खबर जैसे ही मृतक के परिजनों को मिली,परिवार में कोहराम मच गया। परिजन रोते-बिलखते मौके की ओर दौड़ पड़े। गणेश चतुर्थी को लेकर जिस शोभायात्रा में श्रद्धालुओं में उत्साह और खुशी का माहौल था,युवक के डूबने की घटना के बाद वही माहौल गम में बदल गया। सूचना पर विधायक बाबूराम पासबान पहुंचे और दुख जताते हुए हर सम्भव सहायता दिलाने का आश्वाशन दिया।

## संक्षेप समाचार

### आरबीएसके की पहल से क्लबफुट पीड़ित बच्चे का निःशुल्क उपचार शुरू



स्वास्थ्य परीक्षण को आया बच्चा।

**पीलीभीत।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) की टीम ने पूरनपुर क्षेत्र के मुरादपुर माती गांव में स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान बच्चे में जन्मजात क्लबफुट की पहचान की। अरविंद पुत्र महेंद्र में समस्या मिलने पर टीम ने परिजनों को बीमारी और उपचार की जानकारी देकर जिला अस्पताल भेजा। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चे का सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से नि:शुल्क उपचार शुरू किया गया। आरबीएसके टीम-बी की डॉ. प्रियंका चतुर्वेदी, फार्मासिस्ट विष्णु कुमार और स्टाफ नर्स आर्ती वर्मा की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका रही। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार जिले में अब तक क्लबफुट से ग्रसित 27 बच्चों का नि:शुल्क उपचार कराया जा चुका है। सीएमओ डॉ. बीसी पंथ के मार्गदर्शन तथा आरबीएसके नोडल अधिकारी डॉ. क्षत्रपाल और डीईआईसी मैनेजर मोहम्मद जुबैर के समन्वय से उपचार की सुविधा मिली। कार्यक्रम के तहत बच्चों में जन्मजात एवं अन्य स्वास्थ्य समस्याओं की समय रहते पहचान कर जांच और उपचार कराया जाता है। जन्मजात बीमारियों से ग्रसित बच्चों के नि:शुल्क उपचार के लिए डीईआईसी प्रबंधक मो जुबैर से 7536844761 पर संपर्क किया जा सकता है।

### भूकंप, रासायनिक हादसे और अग्निकांड से निपटने को हुई मॉक ड्रिल



मॉकड्रिल करते कर्मचारी। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** आपदा की स्थिति में विभिन्न विभागों के बीच समन्वय और त्वरित प्रतिक्रिया को परखने के लिए शुक्रवार को जिलेभर में मॉक एक्सरसाइज आयोजित की गई। उप्र राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देश पर जिला प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य, राजस्व, अग्निशमन, शिक्षा विभाग, एसडीआरएफ और आपदा मित्रों ने अभ्यास में हिस्सा लिया। सदर तहसील में एलएच शुगर फैक्ट्री के डिस्टलरी प्लांट जंगरोली पुल पर रासायनिक हादसे को लेकर मॉक ड्रिल हुई। बीसलपुर में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय और अमरिया में खंड विकास परिसर में अग्निकांड की स्थिति में बचाव का अभ्यास किया गया। पूरनपुर के सांई गर्ल्स डिग्री कॉलेज में भूकंप की स्थिति से निपटने के लिए राहत एवं बचाव कार्यों का प्रदर्शन किया गया। कलीनगर में भूकंप के दौरान घायलों के उपचार के लिए 20 बेड का अस्थायी मेडिकल कैंप स्थापित किया गया। अभ्यास में घटनास्थल पर त्वरित पहुंच, घायलों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने और प्राथमिक उपचार देने का प्रदर्शन किया गया। विभिन्न विभागों और एजेंसियों ने आपात स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों के दौरान आपसी समन्वय की प्रक्रिया परखी। जिला इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर में अपर जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, सीओ सिटी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने मॉक ड्रिल के जरिए आपदा के समय त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की तैयारियों का जायजा लिया।

### पहली नवंबर से टाइगर रिजर्व में पर्यटन शुरू होने की तैयारी



मनीष सिंह, डीएफओ।



सहेंद्र सिंह यादव, आरएफओ।

**पीलीभीत।** पीलीभीत टाइगर रिजर्व में नए पर्यटन सत्र के शुभारंभ की तैयारियां वन विभाग ने शुरू कर दी हैं। शासन स्तर से प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव लखनऊ अनुराधा वेमुरी के अनुमोदन के बाद पहली नवंबर से पर्यटन शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। पर्यटकों के आवागमन और जंगल सफारी की व्यवस्थाओं को लेकर वन विभाग के अधिकारी तैयारियों में जुट गए हैं। डीएफओ मनीष सिंह ने बताया कि बारिश के बाद पर्यटन शुरू करने की तैयारियों को तेजी से पूरा किया जाएगा। पर्यटकों के लिए आवागमन समेत अन्य जरूरी व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराया जा रहा है। वन विभाग का प्रयास है कि पर्यटन सत्र शुरू होने के बाद पर्यटकों को किसी तरह की परेशानी न हो। टाइगर रिजर्व में वन्यजीवों को प्राकृतिक वातावरण में देखने के लिए हर साल बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। पहली नवंबर से पर्यटन शुरू होने के बाद जंगल सफारी और वन्यजीवों के दीदार का सिलसिला शुरू हो जाएगा।

### बुजुर्ग महिला की चाकू से गला रेतकर हत्या

**लखनऊ।** राजधानी में बुजुर्ग महिला की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी गई। बेटी ने कहा कि झुमकी और पायल गायब हैं। लूट के दौरान मां की हत्या की गई। राजधानी लखनऊ में बंथरा के खुर्रमनगर गांव निवासी छिदाना (65) की बृहस्पतिवार रात चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी गई। शुक्रवार सुबह खून से लथपथ शव कमरे में चारपाई पर मिला। घर के दोनों मुख्य दरवाजे बंद थे, जबकि छत का दरवाजा खुला था। घटनास्थल से पुलिस को दो चाकू मिले हैं। बंथरा इंस्पेक्टर राजेश सिंह के मुताबिक, छिदाना के पति रामशंकर गौतम की छह वर्ष पहले मृत्यु हो चुकी है।

# गोमती उद्गम स्थल के कायाकल्प के लिए 12.26 करोड़ की परियोजना स्वीकृत

जागरण मोर्चा कार्यालय



उद्गम स्थल पर प्रस्तावित म्यूजिकल फाउंटेन का सांकेतिक चित्र। -जागरण मोर्चा

**माधोटांडा।** जनपद के प्रमुख आस्था केंद्र गोमती उद्गम स्थल, माधोटांडा के संरक्षण और पुनरुद्धार के लिए केंद्र सरकार ने 12.26 करोड़ रुपये की प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के प्रयासों से मिली इस सौगात के तहत नमामि गंगे मिशन-3 के अंतर्गत 100 प्रतिशत केंद्रीय सहायता से कार्य कराया जाएगा। परियोजना के तहत उद्गम स्थल की तीनों झीलों के पुनरुद्धार के साथ 3.23 किलोमीटर लंबे जल निकासी मार्ग की सफाई व तटबंधों की मरम्मत होगी। इसके अलावा माधोटांडा कस्बे के गंदे पानी को नदी में गिरने से रोकने के लिए प्राकृतिक आधारित एसटीपी संयंत्र और सीवरेज लाइन बिछाई जाएगी। परिसर में सोलर लाइट, पौधारोपण, सड़क व चारदीवारी का निर्माण भी किया जाएगा। इस परियोजना से गोमती नदी में बिना उपचारित गंदा पानी नहीं जाएगा और जल स्रोतों को नया जीवन मिलेगा। योजना की मंजूरी पर केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया, वहीं क्षेत्रवासियों ने इस विकास कार्य पर खुशी जताई है।

# लखनऊ में साइबर फ्रॉड का कॉल सेंटर का खुलासा, 4 महिलाओं समेत 16 हिरासत में; अमेरिकन को फंसाते थे

जागरण मोर्चा कार्यालय



**लखनऊ।** लखनऊ के अलीगंज में पुलिस ने कथित साइबर फ्रॉड कॉल सेंटर का खुलासा किया। यहां अमेरिकी नागरिकों को तकनीकी सहायता के बहाने निशाना बनाकर निजी और वित्तीय जानकारी जुटाने का आरोप है। पुलिस ने चार महिलाओं समेत 16 लोगों को हिरासत में लिया है। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और नेटवर्क की जांच जारी है।

लखनऊ के अलीगंज में शुक्रवार को पुलिस ने साइबर फ्रॉड करने वाले एक कथित कॉल सेंटर का खुलासा किया। सेंटर में अमेरिकी नागरिकों को निशाना बनाकर ठगी किए जाने की बात सामने आई है। पुलिस ने मौके से चार महिलाओं समेत 16 लोगों को हिरासत में लिया है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपी तकनीकी सहायता देने के बहाने अमेरिकी नागरिकों से संपर्क करते थे और उनकी निजी व वित्तीय जानकारी हासिल कर साइबर ठगी करते थे।

डीसीपी नॉर्थ अमित कुमार आनंद के मुताबिक, शुक्रवार सुबह पुलिस की मॉर्निंग गश्त के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। उससे पूछताछ के बाद पुलिस ने अलीगंज थाना क्षेत्र के कपूरथला स्थित नॉवेल्टी सिनेमा के पास रिध्या प्लाजा में छापा मारा। पुलिस के पहुंचते ही सेंटर में गतिविधियां संदिग्ध मिलीं। इसके बाद वहां मौजूद कर्मचारियों से पूछताछ शुरू की गई। प्रारंभिक जांच में पता चला कि सेंटर में काम करने वाले लोग अमेरिका के नागरिकों को तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने के नाम पर बातचीत करते थे।

जब किसी अमेरिकी नागरिक को कंप्यूटर या सॉफ्टवेयर से जुड़ी समस्या आती थी तो वह हेल्पलाइन के जरिये संपर्क करता था। इसी दौरान लखनऊ के सेंटर में बैठे कर्मचारी कॉल अटेंड करते थे। पुलिस के मुताबिक, आरोपी समस्या ठीक करने का झांसा देकर लोगों से उनके कंप्यूटर, निजी दस्तावेज और वित्तीय जानकारी से जुड़ी डिटेल हासिल करते थे। इसके बाद इसी जानकारी के आधार पर साइबर फ्रॉड और वित्तीय अपराध किए जाने का आरोप है।

## मेला

**कहा कि सर्वे-सट्टे में किसी तरह की त्रुटि मिलने पर समय रहते उसका निराकरण कराया जा सकता है**

# सट्टा प्रदर्शन मेले में किसानों को सर्वे-सट्टा जांचने की सलाह

जागरण मोर्चा कार्यालय




सट्टा प्रदर्शन मेले में बोलते राज्यमंत्री संजय गंगवार। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** सहकारी गन्ना विकास समिति पीलीभीत में शुक्रवार को समिति स्तरीय सट्टा प्रदर्शन मेले का शुभारंभ राज्य मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें संजय सिंह गंगवार ने किया। उन्होंने किसानों से चीनी मिलों के संचालन से पहले अपने सर्वे-सट्टे का भली-भांति परीक्षण करने की अपील की। कहा कि सर्वे-सट्टे में किसी तरह की त्रुटि मिलने पर समय रहते उसका निराकरण कराया जा सकता है। किसानों की सुविधा और पारदर्शिता के लिए प्रदेशभर में समिति स्तर पर सट्टा प्रदर्शन मेले आयोजित किए जा रहे हैं। मेले में सर्वे-सट्टे से संबंधित जानकारी देखने और आवश्यक संशोधन कराने की सुविधा उपलब्ध कराई गई। नए सदस्य बनाने और उपज बढ़ोत्तरी की रसीद काटने के लिए भी विशेष काउंटर लगाए गए। गन्ना कृषक सम्मान योजना के तहत पेड़ी गन्ने में सर्वाधिक पैदावार लेने वाले राम सरन को प्रमाण-पत्र व शाल देकर सम्मानित किया गया। ड्रिप सिंचाई और पोषण प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य के लिए श्याम लाल, रामकुमार, डोरी लाल, निर्भय सिंह, हरिशंकर मौर्य और जगन्नाथ को सम्मानित किया गया। राज्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार गन्ना किसानों की आय बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 95 प्रतिशत से अधिक गन्ना मूल्य का भुगतान किया जा चुका है। किसानों को उन्नत गन्ना प्रजातियों, ड्रिप सिंचाई और संतुलित पोषण प्रबंधन अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कार्यक्रम में जिला गन्ना अधिकारी डॉ. वाई.एस. ढाका, गन्ना समिति के पदाधिकारी, चीनी मिलों के प्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# व्यापार मंडल ने धूमधाम से मनाया प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन



प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाते अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के लोग।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन व्यापार मंडल के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित मिश्रा के नेतृत्व में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में व्यापारी शामिल हुए। इस दौरान व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश और व्यापार जगत में हुए विकास कार्यों पर विचार रखे। नगर संरक्षक महेंद्र मिश्रा, नगर अध्यक्ष नितिश अग्रवाल और महामंत्री विकास गुप्ता मौजूद रहे। युवा नगर अध्यक्ष संजीव गुप्ता, महामंत्री सुभाष गुप्ता, रामपाल पाण्डेय और चेतन शर्मा ने भी सहभागिता की। नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश वर्मा, सुधीर अग्रवाल और विशाल वर्मा समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। नगर उपाध्यक्ष अनुज गुप्ता, अरविंद वर्मा, शशांक मिश्रा, मंत्री शिवम गुप्ता और मीडिया प्रभारी आशीष गुप्ता ने कार्यक्रम में भाग लिया।







# सज्जा प्रतियोगिता में बच्चों ने बिखेरी प्रतिभा की छटा

## सांस्कृतिक प्रतिभा से परिसर को भक्तिमय बना दिया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** नगर के आरएसआरडी सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा प्रथम एवं द्वितीय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों के लिए राधा-कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का भव्य, सुंदर एवं मनमोहक आयोजन किया गया। भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा के मनोहारी स्वरूप में सजे बच्चों ने अपनी मासूमियत, आकर्षक वेशभूषा, भावपूर्ण प्रस्तुतियों एवं सांस्कृतिक प्रतिभा से विद्यालय परिसर को भक्तिमय बना दिया। बच्चों के मनमोहक स्वरूप देखकर उपस्थित अभिभावक एवं विद्यालय परिवार भाव-विभोर हो उठे। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने राधा एवं कृष्ण के विभिन्न स्वरूपों को अत्यंत सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। किसी नन्हे कलाकार ने आकर्षक मुकुट, मोरपंख एवं बांसुरी धारण कर श्रीकृष्ण का स्वरूप धारण किया तो किसी ने राधा के मनमोहक रूप में सजकर सभी का ध्यान आकर्षित किया। विद्यार्थियों ने नृत्य, श्लोक-पठन तथा अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, राधा-कृष्ण के प्रेम एवं भारतीय संस्कृति की सुंदर झलक प्रस्तुत की। नन्हे विद्यार्थियों की आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों के उत्साह एवं अभिभावकों के सहयोग का विशेष रूप से उल्लेखनीय योगदान रहा। अभिभावकों ने अपने बच्चों को सुंदर एवं आकर्षक रूप में तैयार करने के साथ-साथ उनकी प्रस्तुतियों के लिए उनका उत्साहवर्धन भी किया। विद्यालय द्वारा आयोजित इस प्रकार की गतिविधियों का उद्देश्य




कार्यक्रम प्रस्तुत करते नन्हे मुन्ने। –जागरण मोर्चा

विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, धार्मिक एवं नैतिक मूल्यों के प्रति रुचि विकसित करने के साथ-साथ उनकी रचनात्मकता, आत्मविश्वास एवं मंचीय प्रतिभा को विकसित करना रहा। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में प्रबंध समिति की ओर से श्रद्धा जी एवं चंदा गुप्ता जी तथा अभिभावकों की ओर से प्रेमलता जी एवं अन्नपूर्णा जी उपस्थित रहीं। निर्णायक मंडल द्वारा विद्यार्थियों की वेशभूषा, प्रस्तुति, भाव-भंगिमा एवं प्रतिभा का निष्पक्ष रूप से मूल्यांकन किया गया। प्रतियोगिता के परिणाम में कृष्ण स्वरूप में प्रथम स्थान श्रीनिका शुक्ला, द्वितीय स्थान माधव तथा तृतीय स्थान यश जायसवाल ने प्राप्त किया। वहीं राधा स्वरूप में प्रथम स्थान मिस्टी, द्वितीय स्थान मनराज कौर तथा तृतीय स्थान नायरा शर्मा ने प्राप्त किया। विजेता विद्यार्थियों के नाम घोषित होते ही विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों ने तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का सुंदर एवं सफल संचालन पुष्पा एवं अनु के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की संयोजक प्रभा प्रधान जी रहीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यालय प्रमुख हरीश शर्मा व शिशु वाटिका की सभी शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा। उनकी मेहनत, मार्गदर्शन एवं समर्पण के कारण कार्यक्रम को व्यवस्थित एवं आकर्षक रूप प्रदान किया जा सका। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से हर्ष गुप्ता, अनुराग, देवेश बंसल एवं मनोज की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों एवं अभिभावकों ने नन्हे विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री सौरभ वार्ष्णेय जी ने सभी अभिभावकों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अभिभावकों ने अपने अमूल्य समय में से समय निकालकर विद्यालय के इस आयोजन में सहभागिता की और बच्चों का उत्साह बढ़ाया, जो विद्यालय एवं अभिभावकों के बीच मजबूत समन्वय का परिचायक है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में सहभागिता भी अत्यंत आवश्यक है। ऐसी प्रतियोगिताएँ बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन, रचनात्मकता एवं अपनी संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना विकसित करती हैं। प्रधानाचार्य ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों, विजेताओं, अभिभावकों, निर्णायक मंडल, कार्यक्रम संयोजकों एवं विद्यालय परिवार को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएँ दीं। राधा-कृष्ण की भक्ति, नन्हे बच्चों

# महाविद्यालय में हुई एक दिवसीय संगोष्ठी

## प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने विचार किए प्रस्तुत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** नगर के गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को वाणिज्य विभाग के तत्वावधान में ऑनलाइन बाजार या लोकल बाजार विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन प्राचार्य डॉ सुधीर कुमार शर्मा के निर्देशन मे किया गया। संगोष्ठी में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक बढ़-चढ़कर भाग लिया।

संगोष्ठी के अंतर्गत आयोजित भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने विचार प्रस्तुत किए, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पंकज राठौर ने प्रथम, प्रीति ने द्वितीय तथा निशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में विचार व्यक्त करते हुए वाणिज्य विभागाध्यक्ष



संगोष्ठी में मौजूद स्टाफ और स्कूल के बच्चे। –जागरण मोर्चा

डॉ.अरविंद कुमार दीक्षित ने कहा कि ऑनलाइन बाजार और लोकल बाजार एक-दूसरे के प्रतियोगी न होकर सहयोगी हैं। जिससे सभी हितधारकों को लाभ होगा। उत्पादक को उपभोक्ता से सीधे जोड़ने के लिए ऑनलाइन बाजार सबसे उचित माध्यम है। इस अवसर पर डॉ. अंकित गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि दोनों ही बाजारों के अपने-अपने गुण एवं दोष हैं। जहाँ लोकल बाजार पारंपरिक मूल्यों एवं स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देता है, वहीं ऑनलाइन बाजार ग्राहकों को विस्तृत विकल्प उपलब्ध कराता है।

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य महोदय ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए दोनों बाजारों के गुण व दोषों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मानव मूल्यों, सामाजिक व्यवस्था और सामाजिक जागरूकता के लिए लोकल बाजार अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि यह गरीबों एवं कम पूंजी वाले व्यवसायियों को संबल प्रदान करता है।

कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. अंकित गुप्ता ने किया। वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद कुमार दीक्षित ने सभी उपस्थित अतिथियों, प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. रेखा सिंह, डॉ. वी. के. शर्मा, डॉ. रंजना सिंह, डॉ. विनोद कुमार सिंह, डॉ. सौरभ सक्सेना, डॉ. जय नारायण, डॉ. अंशिका शर्मा, डॉ. अर्निका दीक्षित, सुरेंद्र मौर्य, अनूप शुक्ला आशीष कंचन समेत महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# राशन कार्ड के मामले की जांच करने पहुंचे पूर्ति निरीक्षक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** जीवित महिला को अभिलेखों में मृत दर्शाकर राशन कार्ड से नाम काटे जाने के मामले में पूर्ति निरीक्षक मामले की जांच के लिए घुंघचाई गांव पहुंचे। उन्होंने पीड़ित महिला से पूरे मामले की जानकारी कर पूछताछ की, कस्बा घुंघचाई निवासी रामप्रकाश ने डीएम को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि उसकी पत्नी राजेश्वरी देवी को पूर्ति निरीक्षक ने पत्नी को मृत दर्शाकर उसका नाम राशन कार्ड से काट दिया था। नाम कटने के कारण उसे सरकारी राशन योजना का लाभ लेने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। महिला ने संबंधित अभिलेखों में हुई इस गड़बड़ी को ठीक कराकर राशन कार्ड में दोबारा नाम शामिल किए जाने की मांग की थी। शुक्रवार को पूरनपुर पूर्ति निरीक्षक बृजेश मिश्रा गांव घुंघचाई पहुंचे, उन्होने मामले की पूरी जानकारी हासिल की। उन्होंने राशन कार्ड और उससे संबंधित जानकारी के बारे में भी पूछताछ की, महिला ने विभागीय अधिकारी के समक्ष अपनी समस्या रखते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। पूर्ति निरीक्षक ने पीड़ित महिला को भरोसा दिलाया कि अभिलेखों में हुई त्रुटि की जानकारी सामने आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पीड़ित को आश्वासन दिया कि समस्या का जल्द ही समाधान कर दिया जाएगा। इसके लिए प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। पूर्ति निरीक्षक बृजेश मिश्रा ने वताया कि मामले की जांच करने के लिए गए थे।अभिलेखों में हुई त्रुटि ठीक कराकर समस्या का समाधान करा दिया जाएगा।

# नकली सोने पर फर्जी हॉलमार्क लगाकर बेचने वाले दो शातिर आरोपी गिरफ्तार, सामान बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** थाना पुलिस ने आर्थिक लाभ कमाने के उद्देश्य से नकली सोने के आभूषणों पर फर्जी हॉलमार्क छापकर बेचने वाले दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तों की निशानदेही पर फर्जी हॉलमार्क लगे नकली सोने के आभूषण भी बरामद किए हैं। बीसलपुर सर्राफा एसोसिएशन कमेटी के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने 16 सितंबर को थाना बीसलपुर में तहरीर दी थी। तहरीर के अनुसार, 14 सितंबर को माधव ज्वैलर्स पर आरोपी 18K 750HM के फर्जी हॉलमार्क वाली नकली सोने की चैन बेचने आए थे। ज्वैलर द्वारा जांच करने पर चैन नकली पाई गई, जिसके बाद आरोपी चकमा




पुलिस की गिरफ्त में नकली सोना बेचने वाले आरोप। –जागरण मोर्चा

देकर फरार हो गए थे। इस सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की। 17 सितंबर को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दो आरोपी राहुल निवासी कुआंडांडा खंजन, जिला शाहजहांपुर और अनुराग सिंह निवासी बख्ताबर लाल, बीसलपुर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे आर्थिक लाभ कमाने के लिए नकली सोने के जेवरों पर फर्जी हॉलमार्क छापकर अलग-अलग दुकानों पर बेचते थे। जिसमें 4 नकली सोने की अंगूठियां, 3 नकली सोने की चैन , 1 जोड़ी नकली सोने के झाले पुलिस ने बरामद किए। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली टीम में उप-निरीक्षक हिमांशु चौधरी, हेड कांस्टेबल मुनेश कुमार, कांस्टेबल रवि कुमार तथा कांस्टेबल सन्नी कुमार शामिल रहे।

# पंपिग सेट लगाकर निकाला जा रहा अंडरपास का पानी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** लगातार हुई बरसात से सेहरामऊ स्टेशन के पीछे बने अंडरपास में कई फिट पानी भरने से दिक्कतों का सामना करना पड रहा था। लोगों ने बताया कि अंडरपास में कई फिट पानी भरने से स्कूली बच्चों के अलावा बुजुर्ग महिलाओं और दो पहिया वाहन चालकों को पानी से होकर गुजरना पड रहा है। अंडर पास में घुटनों तक पानी भरा होने से आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड रहा था। जिससे लोगों के रोज के काम प्रभावित हो रहे थे। अंडरपास में पानी भरे रहने से हादसे का डर वना रहता था। कई फिट पानी भरे रहने से लोगों को घुटने तक पानी से होकर गुजरना पड रहा है। आए दिन वाहन



अंडरपास में भरा बरसात का पानी। –जागरण मोर्चा

चालक पानी में गिलकर भीगते और चोटिल भी हो जाते है। रात्रि के दौरान सबसे अधिक परेशानी होती है। इस लोग परेशान थे। बरसात के दौरान पानी भर गया था। लोगों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए रेलवे प्रशासन ने इस समस्या से निजात पाए जाने के लिए अब रेलवे बिभाग ने इस समस्या पर ध्यान दिया है। अब रेलवे बिभाग रोजाना पंपिंग सेट लगाकर पानी निकलवा रहा है। रेलवे बिभाग की इस पहल से अब लोगों का अंडरपास आना जाना आसान हो गया। स्थानीय लोगों व रेलवे के यात्रियों ने बिभाग की इस पहल की सरहाना कर रहे है। उनका कहना है कि बिभाग के इस प्रयास से लोगों को दिक्कतों का सामना करना नही पडेगा। लोगों ने इस समस्या का पक्का हल निकलवाए जाने की मांग की है। जिससे लोगों की समस्या का हमेशा के लिए समाधान हो जाए। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना ना पडे।

## संक्षेप समाचार

### दावत खाने गए व्यक्ति पर दबंगों ने चाकू से किया हमला, मारपीट कर दी जान से मारने की धमकी

**बीसलपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम चुर्रासकतपुर में दावत खाने गए एक व्यक्ति के साथ कुछ लोगों द्वारा मारपीट और चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। घटना के संबंध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र के ग्राम चुर्रासकतपुर निवासी श्याम सुन्दर मिश्रा पुत्र स्व. राम मूर्ति लाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 17 सितंबर 2026 की शाम करीब 7 बजे वह अपने गांव के राम प्रकाश पुत्र स्व. गंगाप्रकाश मिश्रा के यहां दावत खाने गए थे। आरोप है कि वहीं पर गांव के उमेश मिश्रा उर्फ मोनू मिश्रा , दीपक मिश्रा, आनन्द मिश्रा, रामप्रकाश मिश्रा तथा 2 अन्य अज्ञात लोगों ने उन्हें घेर लिया और गाली–गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान मोनू मिश्रा ने अपने रिश्तेदार को चाकू देकर उन्हें मारने के लिए उकसाया, जिससे हमले में पीड़ित ज़ख्मी हो गए। दबंगों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और उप–निरीक्षक सत्यपाल सिंह को मामले की जांच सौंपी गई है।

### शादी का झांसा देकर नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगाया, पुलिस ने मामला किया दर्ज

**बीसलपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम रुरिया में एक नाबालिग लड़की को बहला–फुसलाकर शादी के उद्देश्य से भगा ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र के ग्राम रुरिया निवासी पीड़िता ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उनकी 14 वर्षीय नाबालिग पुत्री को गांव का ही निवासी सरोज शादी का झांसा देकर बहला–फुसलाकर भगा ले गया। यह घटना 16 सितंबर 2026 की रात करीब 11 बजे की है। शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपी को गांव के ही नाजिर और शाकिर ने अपनी गाड़ी से बरेली छोड़कर आने में मदद की। पीड़िता की मां की शिकायत के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उप–निरीक्षक जितेन्द्र सिंह को सौंपी गई है। पुलिस आरोपियों की तलाश और नाबालिग लड़की की बरामदगी के प्रयास में जुटी है।

### घर में घुसकर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने में चार पर प्राथमिकी दर्ज

**बीसलपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम पकड़िया मंगली निवासी श्रीपाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनके मकान की एक दीवार की बुनियाद पहले से भरी हुई थी। आरोप है कि 17 सितंबर 2026 की सुबह लगभग 7 बजे गांव के ही रतिराम पुत्र कालीचरन उक्त दीवार को अपनी बताने लगे और दरवाजे पर आकर गाली–गलौज व जान से मारने की धमकी देने लगे। प्रार्थी के विरोध करने पर आरोपी रतिराम , उसकी पत्नी राम कुमारी, पुत्र टीकू तथा पुत्री गायत्री लाठी–डंडे लेकर एकराय होकर उनके घर में घुस आए। आरोपियों ने प्रार्थी के साथ गाली–गलौज करते हुए मारपीट की और बंके से हमला कर उन्हें जख्मी कर दिया। जाते समय आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर के आधार पर बीसलपुर पुलिस ने रतिराम, राम कुमारी, टीकू और गायत्री के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सरकारी अस्पताल में मनाया मोदी का जन्मदिन, बांटे फल



शेरपुर कला की पीएचसी पर प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाते स्टाफ के लोग।

**शेरपुर कलां।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में शेरपुर कलां स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर सेवा संकल्प अभियान का आयोजन सादगी और सेवा भाव के साथ किया गया। कार्यक्रमों के जरिए जहां एक ओर जरूरतमंदों की मदद की गई वहीं शाम को दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री के दीर्घायु जीवन की कामना की गई। कार्यक्रम की शुरुआत में सुबह स्वास्थ्य केंद्र परिसर में चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आसिफ खान ने अस्पताल में भर्ती मरीजों, उनके परिजनों और इलाज कराने पहुंचे नागरिकों को फल बांटे और मरीजों का हाल–चाल जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। संध्या समय स्वास्थ्य केंद्र परिसर को दीयों से सजाया गया। जैसे ही ढलती शाम में मिट्टी के दीय रोशन हुए, पूरा पी एच सी परिसर जगमगा उठा। इस दौरान डॉ आसिफ खान डा,असद रईस अहमद मुकेश कुमार कमल अमर गुलनाज बी नैय्यर बी जैनब शहनीर आदि ने दीप जलाकर प्रधानमंत्री मोदी के उत्तम स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना की।

### पेयजल पाइपलाइन डालने के लिए खोदी जा रही सड़क

**पूरनपुर।** नगर के लाइनपार इलाके की एक गली में पेयजल पाइपलाइन डालने के लिए सड़क की खुदाई का काम शुरू कर दिया गया है। पाइप डालने के लिए सड़क खोदे जाने से गली में आवागमन प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों को आने–जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि पेयजल व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए गली में पाइपलाइन बिछाई जा रही है। इसके लिए सड़क के एक हिस्से की खुदाई की जा रही है। खुदाई के बाद सड़क पर मिट्टी और निर्माण सामग्री पड़े होने से लोगों को दिक्कत हो रही है। दोपहिया वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को भी सावधानी से निकलना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पाइपलाइन डालने का काम जल्द पूरा कराया जाए, ताकि लोगों को लंबे समय तक परेशानी न उठानी पड़े। लोगों ने यह भी मांग की है कि पाइप डालने के बाद सड़क की मरम्मत कराकर उसे पूर्व की स्थिति में किया जाए, पेयजल पाइपलाइन पड़ने के बाद क्षेत्र के लोगों को पानी की बेहतर सुविधा मिलने की उम्मीद है। हालांकि, निर्माण कार्य के दौरान हो रही परेशानी को देखते हुए लोगों ने संबंधित विभाग से काम में तेजी लाने की मांग की है।

सतर्कता | कई दिनों से तेंदुए की चहलकदमी से दहशत का माहौल

# तेंदुए की चहलकदमी से दहशत, विभाग ने लगाया पिंजरा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** उदयपुर खुर्द में पिछले कुछ समय से तेंदुए की चहलकदमी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। तेंदुए की मौजूदगी की सूचना ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग को दी। सूचना मिलने के बाद शुक्रवार को वन विभाग की टीम गांव पहुंची और मौके का निरीक्षण कर तेंदुए की गतिविधियों की जानकारी जुटाई। आबादी के आसपास तेंदुए की चहलकदमी देखे जाने से लोग अकेले खेतों की ओर जाने से भी कतरा रहे हैं। ग्रामीणों में तेंदुए के हमले को लेकर भय बना हुआ है। खासकर बच्चों और महिलाओं को लेकर लोग अधिक चिंतित हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुए को जल्द पकड़ने की मांग की है,



तेंदुए को पकड़ने के लिए लगाया गया पिंजरा। –जागरण मोर्चा

ताकि किसी तरह की अनहोनी से बचा जा सके। शुक्रवार को वन विभाग की टीम ने गांव पहुंचकर तेंदुए की मौजूदगी वाले स्थानों का जायजा लिया। टीम ने तेंदुए को पकड़ने के लिए मौके पर पिंजरा लगाया है। इसके साथ ही तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए वन विभाग की टीम को निगरानी में लगाया गया है। टीम आसपास के क्षेत्र में लगातार नजर रखेगी और तेंदुए की गतिविधियों की जानकारी जुटाएगी। वन विभाग की ओर से ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। ग्रामीणों से कहा गया है कि वे खेतों और आबादी से बाहर निकलते समय सावधानी बरतें तथा तेंदुआ दिखाई देने पर उसके नजदीक जाने या उसे पकड़ने का प्रयास न करें। वन विभाग की टीम तेंदुए को पिंजरे में कैद करने के प्रयास में जुटी हुई है। तेंदुए की चहलकदमी के बाद गांव में लोगों की आवाजाही पर भी असर पड़ा है। ग्रामीण शाम ढलने के बाद घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं। अब ग्रामीणों की नजर वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे पर टिकी हुई है। वन विभाग की टीम की निगरानी के बीच तेंदुए को पकड़ने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

## मजदूरी मांगने पर मिली धमकी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी से शिकायत

**पूरनपुर।** तहसील पूरनपुर क्षेत्र के गांव सिमराया ता० घुंघचिहाई निवासी पीड़ित मजदूर बेनीराम ने गांव के ही एक ठेकेदार पर मजदूरी के 70 हजार रुपये हड़पने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित ने श्रम प्रवर्तन अधिकारी, पीलीभीत को प्रार्थना पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। सौंपे गए शिकायती पत्र में सिमराया निवासी बेनीराम पुत्र नेवाराम ने बताया कि गांव का ही ठेकेदार हृदयलाल उसे और उसकी पत्नी को रोहतक (हरियाणा) स्थित "अखिल भारतीय गौशाला, नन्दिनी धाम" पहरावर में मजदूरी कार्य कराने ले गया था। वहां दोनों ने लगभग चार महीने से अधिक समय तक काम किया। इस दौरान ठेकेदार केवल खाने-पीने का खर्च देता रहा और बकाया मजदूरी घर चलकर देने का वादा किया। पीड़ित का आरोप है कि घर वापस आने के बाद जब उसने 70 हजार रुपये मांगे, तो ठेकेदार टालमटोल करने लगा।

# बगदाद शरीफ रवाना हुए हाजी इरफान खान अकीदतमंदों ने दी दुआओं के साथ विदाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शेरपुर कलां।** कस्बे के हाजी इरफान खान और लोधीपुर के शेर खां मुकद्दस सफर पर बगदाद शरीफ, इराक के लिए रवाना हुए। रवानगी से पहले उनके आवास पर मुबारकबाद देने के लिए शुभचिंतकों और अकीदतमंदों की भीड़ जुटी। स्थानीय लोगों, रिश्तेदारों और दोस्तों ने उन्हें गले लगाकर साफा बांधा और फूल मालाएं पहनाकर विदाई दी। इस दौरान माहौल रूहानी और खुशनुमा नजर आया। अकीदतमंदों ने हजरत शेख अब्दुल कादिर जिलानी गौस-ए-आजम की दरगाह पर अमन-शांति और खुशहाली की दुआ करने की गुजारिश की। हाजी इरफान खान ने सभी का शुक्रिया अदा



बगदाद में जियारत को जाने से पहले इरफान खान। –जागरण मोर्चा

करते हुए देश और क्षेत्रवासियों की सलामती के लिए दुआ करने की बात कही। उन्होंने कहा कि बगदाद शरीफ का मुकद्दस सफर उनके लिए खुशकिस्मती की बात है। इसके बाद वे अकीदतमंदों की दुआओं और नारों के बीच सफर-ए-बगदाद के लिए रवाना हुए। इस मौके पर रियाजनूर खान, सलमान खान, इल्यास खान एड., यूनुस खान, अमानत खान, अनीस खान और परवेज खान समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। जमीर बेग, शहजिल, सैफ, फैज खान, सिराज अली शाह, हाफिज अली अहमद, हाफिज हबीबुर्रहमान और हाफिज मोहम्मद मियां आदि ने भी विदाई दी।




# शेफाली-श्री चरणी का धमाका!

## भारतीय महिला क्रिकेट टीम एशियन गेम्स के सेमीफाइनल में; जापान को आठ विकेट से हराया

**एजेंसी न्यूज**

**निशिन।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम एशियन गेम्स के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। जापान के निशिन के कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में टीम इंडिया ने जापान को आठ विकेट से हरा दिया। 58 रन के लक्ष्य को भारत ने पांच ओवर में हासिल कर लिया। शेफाली वर्मा ने विनिंग सिक्स लगाया। वह 15 गेंद में छह चौके और दो छक्कों की मदद से 40 रन बनाकर नाबाद रहीं। वहीं, ऋचा घोष छह गेंद में दो चौके की मदद से 12 रन बनाकर नाबाद रहीं। अब सेमीफाइनल में 20 सितंबर को भारत का सामना बांग्लादेश से होगा, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में उसी दिन पाकिस्तान और श्रीलंका की टीमें आमने-सामने होंगी।

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। जापान की टीम 19.5 ओवर में 57 रन पर सिमट गई थी। टीम को पहला झटका सातवें ओवर में लगा था। हालांकि, इसके बाद जैसे ही पहला विकेट गिरा, जापान की पारी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। हारुना इवासाकी 10 रन, अयाका कातो स्टैफर्ड 47 गेंद में 25 रन बनाकर आउट हुईं। ये दोनों ओपनर्स ने ही टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए। इसके बाद कप्तान माई यानागिदा खाता खोले बिना पवेलियन लौटीं।



वहीं, एरिका ओडा पांच रन, शिमाको कातो तीन रन, अकारी निशिमुरा कानो दो रन, हीनासी गोतो एक रन बना सकीं। अहिल्या चंदेल और एरिका तोगुची क्विन खाता खोले बिना आउट हुईं। भारत के लिए श्री चरणी ने चार विकेट झटके, वहीं शेफाली वर्मा को दो विकेट मिले। श्रेयांका पाटिल और दीप्ति शर्मा को एक-एक विकेट मिला।

भारतीय टीम मैनेजमेंट ने इस मैच में प्रयोग किया था और खराब फॉर्म में चल रही खिलाड़ियों को शुरू में भेजा। हालांकि, यह फैसला कामयाब साबित नहीं हुआ। शेफाली के साथ ओपनिंग उतरीं गुणालन कमालिनी खाता नहीं खोल सकीं, जबकि तीसरे नंबर पर उतरीं भारती फुलमाली छह रन बनाकर आउट हुईं। जापान की ओर से नोनोहा यासूमोतो और अयाका स्टैफोर्ड ने एक-एक विकेट लिया।

वहीं, श्रीलंका ने मलयेशिया को 86 रन से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में खेले गए मुकाबले में श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। कप्तान चमारी अटापट्टू की 37 गेंदों पर तीन छक्कों और सात चौकों की मदद से खेली गई 63 रनों की पारी के दम पर श्रीलंका ने 20 ओवर में चार विकेट पर 160 रन बनाए थे। चमारी के अलावा काविशा दिल्हारी ने 27 गेंदों पर छह चौकों की मदद से नाबाद 44, हर्षिता समरविक्रमा ने 18 गेंदों पर 25 और हसिनी परेरा ने 23 रन की पारी खेली। मलयेशिया की तरफ से नूरीन इमानिना ने चार ओवर में 29 रन देकर तीन विकेट लिए।

161 रन के लक्ष्य को हासिल करने उतरी मलयेशिया की टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 74 रन ही बना सकी और 86 रन से मैच हार गई।

## एशियाडः 2038 एशियन गेम्स की मेजबानी कौन करेगा? भारत समेत छह देशों ने जताई रुचि, 2028 तक होगा फैसला

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** भारत को 2038 एशियन गेम्स की मेजबानी हासिल करने के लिए अभी लंबा इंतजार करना होगा। ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया (OCA) ने पुष्टि की है कि भारत समेत छह देशों ने 2038 एशियन गेम्स की मेजबानी में रुचि दिखाई है। अंतिम मेजबान का फैसला 2028 के आसपास होने की उम्मीद है।

भारत ने अप्रैल में 2038 एशियन गेम्स के लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट जमा किया था। यह देश की बड़े अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों की मेजबानी करने की व्यापक योजना का हिस्सा है। भारत 2036




ओलंपिक की मेजबानी के लिए भी दावेदारी कर रहा है, जबकि 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स अहमदाबाद में होने हैं। 2026 एशियन गेम्स की शुरूआत से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में ओसीए के महानिदेशक हुसैन अल-मुसल्लम ने मेजबानी प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने कहा, 'हमें भारत, फिलीपींस और चार अन्य देशों से 2038 एशियन गेम्स की मेजबानी में रुचि मिली है। यह एशियन गेम्स की लोकप्रियता को दशार्ता है।' उन्होंने आगे कहा, 'अभी 12 साल बाकी हैं। कार्यक्रम पहले से तय है। कार्यकारी बोर्ड ने एक मूल्यांकन समिति बनाने का फैसला किया है, जो अगले साल इन सभी दावेदार देशों का दौरा करेगी और फिर शुरूआती रिपोर्ट सौंपेगी।' यानी भारत समेत सभी इच्छुक देशों का वास्तविक मूल्यांकन अगले साल से शुरू होगा। ओसीए पहले दौर के निरीक्षण के आधार पर दावेदार देशों की शॉर्टलिस्ट तैयार करेगा। इसके बाद 2038 एशियन गेम्स के करीब आने पर दूसरे दौर का मूल्यांकन किया जाएगा। अल-मुसल्लम ने कहा, 'शुरूआती रिपोर्ट के आधार पर हम एक शॉर्टलिस्ट बनाएंगे और फिर 2038 से नौ या दस साल पहले दोबारा दौरा करेंगे। इसके बाद मेजबान की सिफारिश करते हुए अंतिम रिपोर्ट सौंपी जाएगी।' इस प्रक्रिया के चलते भारत को अपनी दावेदारी के अंतिम परिणाम के लिए कम से कम 2028 तक इंतजार करना पड़ सकता है। भारत के अलावा फिलीपींस ने भी 2038 एशियन गेम्स की मेजबानी में रुचि दिखाई है।

## एशियन गेम्स 2026: मलयेशिया को 86 रन से हराकर श्रीलंका सेमीफाइनल में

### बांग्लादेश और पाकिस्तान के बाद तीसरी टीम

**निशिन।** एशियन गेम्स 2026 में महिला क्रिकेट का तीसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला श्रीलंका और मलयेशिया के बीच खेला गया। श्रीलंका ने मलयेशिया को 86 रन से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में खेले गए मुकाबले में श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। कप्तान चमारी अटापट्टू की 37 गेंदों पर तीन छक्कों और सात चौकों की मदद से खेली गई 63 रनों की पारी के दम पर श्रीलंका ने 20 ओवर में चार विकेट पर 160 रन बनाए थे। चमारी के अलावा काविशा दिल्हारी ने 27 गेंदों पर छह चौकों की मदद से नाबाद 44, हर्षिता समरविक्रमा ने 18 गेंदों पर 25 और हसिनी परेरा ने 23 रन की पारी खेली। मलयेशिया की तरफ से नूरीन इमानिना ने चार ओवर में 29 रन देकर तीन विकेट लिए।




161 रन के लक्ष्य को हासिल करने उतरी मलेशिया की टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 74 रन ही बना सकी और 86 रन से मैच हार गई। मलेशिया के लिए विनिफ्रेड दुरैसिंगम ने 28 और माहिरा इज्जती इस्माइल ने 24 रन बनाए। इसके अलावा कोई भी बल्लेबाज दो अंकों में नहीं पहुंच सकीं। श्रीलंका के लिए मिथाली अयोध्या, काविशा दिल्हारी और कप्तान चमारी ने दो-दो विकेट लिए।

इस जीत के साथ श्रीलंका एशियन गेम्स 2026 के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली तीसरी टीम बन गई है। सेमीफाइनल में श्रीलंका का मुकाबला पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम के साथ 20 सितंबर को होगा। पाकिस्तान ने क्वार्टर फाइनल में थाइलैंड को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई है। पाकिस्तान को थाइलैंड पर जीत बहुत मुश्किल से मिली थी। पाकिस्तान ने थाइलैंड के दिए 92 रन के लक्ष्य को हासिल करने में अपने सात विकेट गंवा दिए थे। निर्धारित 11 ओवर के मैच में पाकिस्तान को दो गेंद पहले जीत मिली थी। वहीं, बांग्लादेश ने भी सेमीफाइनल में जगह बना ली है। उसका और चीन का सेमीफाइनल मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया था। बेहतर सीडिंग की वजह से बांग्लादेश सेमीफाइनल में पहुंच गया। सेमीफाइनल में उसका सामना 20 सितंबर को भारत और जापान के बीच जीत दर्ज करने वाली टीम से होगा।

श्रीलंका और पाकिस्तान के बीच सेमीफाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है। हाल ही में महिला एशिया कप 2026 के भी सेमीफाइनल मुकाबले में पाकिस्तान और श्रीलंका की टीमें दुबई में आमने-सामने थीं। श्रीलंका ने चार विकेट से मैच जीत फाइनल में जगह बनाई थी।






## एशियन गेम्सः ओपनिंग सेरेमनी में कौन थामेगा तिरंगा? ओलंपिक मेडलिस्ट का नाम तय



**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** जापान के आइची-नागोया में होने वाले एशियन गेम्स 2026 की ओपनिंग सेरेमनी में भारत के दो बड़े खिलाड़ी तिरंगा थामेंगे। निशानेबाज मनु भाकर और शॉटपुटर तजिंदर पाल सिंह तूर 19 सितंबर को उद्घाटन समारोह में भारतीय दल के ध्वजवाहक होंगे। मनु भाकर के ध्वजवाहक बनने की जानकारी भारत के शेफ डी मिशन सहदेव यादव ने दी, जबकि एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने तजिंदर पाल सिंह तूर को दूसरा ध्वजवाहक घोषित किया। दोनों खिलाड़ियों का भारतीय खेलों में खास स्थान है और वे आइची-नागोया में भारत की पदक उम्मीदों में भी शामिल हैं।

मनु भाकर एशियन गेम्स में पेरिस ओलंपिक 2024 की ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद उतरेंगी। उन्होंने पेरिस में निशानेबाजी में दो कांस्य पदक अपने नाम किए थे। इसके साथ ही वह स्वतंत्र भारत की पहली ऐसी खिलाड़ी बनी थीं, जिन्होंने एक ही ओलंपिक में दो पदक जीते। मनु ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया था। इसके बाद उन्होंने सरबजोत सिंह के साथ मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में भी कांस्य जीता था। अब मनु की नजर एशियन गेम्स में भी भारत के लिए पदक जीतने पर होगी।






शॉटपुटर तजिंदर पाल सिंह तूर के पास भी एशियन गेम्स में शानदार रिकॉर्ड है। वह इस प्रतियोगिता में दो बार स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। तजिंदर ने 2018 जकार्ता एशियन गेम्स में पुरुषों की शॉटपुट स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद 2022 हांगझोउ एशियन गेम्स में भी उन्होंने अपना खिताब बरकरार रखा और लगातार दूसरी बार स्वर्ण पदक हासिल किया। आइची-नागोया में वह लगातार तीसरा एशियन गेम्स स्वर्ण पदक जीतने के इरादे से उतरेंगे।

एशियन गेम्स का आधिकारिक उद्घाटन 19 सितंबर को होगा। हालांकि, कुछ खेलों में भारत का अभियान पहले ही शुरू हो चुका है। भारत को इस बार भी कई खेलों में पदक की उम्मीद है। टेकबॉल में क्विम्सी डिसूजा भारत का पहला पदक दिलाने से सिर्फ एक जीत दूर हैं। वहीं, मनु भाकर और तजिंदर तूर जैसे अनुभवी और पदक विजेता खिलाड़ियों की मौजूदगी से भारतीय दल की उम्मीदें और मजबूत हुई हैं।

भारत ने 2022 हांगझोउ एशियन गेम्स में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रिकॉर्ड 107 पदक जीते थे। इस बार भारतीय दल की कोशिश उस प्रदर्शन को आगे बढ़ाने की होगी। उद्घाटन समारोह में मनु भाकर और तजिंदर पाल सिंह तूर के हाथों में तिरंगा होना भारतीय दल के लिए खास पल होगा। एक तरफ ओलंपिक में इतिहास रच चुकीं मनु होंगी, तो दूसरी तरफ एशियन गेम्स के दो बार के चैंपियन तजिंदर। दोनों की अगुवाई में भारतीय दल एशियन गेम्स के नए अभियान की शुरूआत करेगा।













जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।